हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 23 मई 2026

पर्सियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी ने 'मैनेजमेंट सुपरविजन एरिया' की सीमा तय की

होर्मुज में जहाजों से फीस वसूलने की तैयारी में ईरान, ओमान देगा साथ

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ वॉशिंगटन

ईरान और ओमान होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर फीस वसूली के सिस्टम को लेकर बातचीत कर रहे हैं। ईरान की पर्सियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी (पीजीएसए) ने एक नया होर्मुज स्ट्रेट निगरानी क्षेत्र घोषित है। इसके तहत स्ट्रेट के एक बड़े हिस्से को ईरान की निगरानी वाले इलाके के तौर पर दिखाया गया। अथॉरिटी ने होर्मुज स्ट्रेट के 'मैनेजमेंट सुपरविजन एरिया' की सीमा तय कर दी है। अथॉरिटी के मुताबिक, यहां से गुजरने के लिए परमिट जरूरी होगा। ईरान सीधे टोल लगाने के बजाय सर्विस फीस मॉडल पर काम कर रहा है। इसमें जहाजों से ट्रांजिट फीस, पर्यावरण शुल्क और अन्य सेवाओं के नाम पर रकम ली जा सकती है। ओमान अब इस प्रस्ताव में संभावित आर्थिक फायदे देखते हुए हिस्सेदारी पर चर्चा कर रहा है। ओमान खाड़ी देशों और अमेरिका के साथ इस योजना को आगे बढ़ाने की कोशिश कर सकता है।

ओमान के साथ सर्विस फीस मॉडल पर काम कर रहा ईरान

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज

होर्मुज में खड़े 1600 जहाज जल्द निकलेंगे, तेल की कीमतें गिरेंगी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है और यहां किसी तरह का टोल नहीं होना चाहिए। ट्रंप ने दावा किया कि होर्मुज में खड़े 1600 तेल जहाज जल्द निकलेंगे, जिससे तेल की कीमतें गिरेंगी। बता दें, दुनिया के करीब 20% समुद्री तेल और प्राकृतिक गैस की सप्लाई होर्मुज स्ट्रेट से गुजरती है। ऐसे में यहां किसी भी तरह के शुल्क या प्रतिबंध का असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और शिपिंग पर पड़ सकता है।

अमेरिका-ईरान में बातचीत आगे बढ़ी

अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता में चल रही बातचीत आगे बढ़ी है। दोनों पक्ष संभावित समझौते के मसौदे और औपचारिक ढांचे पर चर्चा कर रहे हैं। इसके लिए ड्राफ्ट प्रस्तावों और संदेशों का आदान-प्रदान जारी है। बताया जा रहा है कि दोनों देश समझौते की शर्तों और भाषा को अंतिम रूप देने की दिशा में काम कर रहे हैं।

ईरान में इंटरनेट ब्लैकआउट 84वें दिन में पहुंचा

ईरान में लागू लगभग पूर्ण इंटरनेट बंदी अब 84वें दिन में पहुंच गई है। इंटरनेट निगरानी संस्था नेटब्लॉक्स के मुताबिक, देश में 1992 घंटे से अधिक समय से अंतरराष्ट्रीय इंटरनेट नेटवर्क बड़े पैमाने पर बाधित हैं। सरकार ने यह प्रतिबंध 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के कुछ घंटों बाद लागू किया था। संस्था के अनुसार, देश के अधिकांश बाहरी नेटवर्क अब भी कटे हुए हैं।

होर्मुज मिशन में शामिल होगा जर्मनी

जर्मनी ने कहा है कि वह होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा के लिए ब्रिटेन के नेतृत्व वाले मिशन में शामिल होने की तैयारी कर रहा है। जर्मन विदेश मंत्री योहान वाडेफुल ने स्पष्ट किया कि इस पहल का मकसद समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। वह इस अभियान को नाटो मिशन नहीं मानते। इसे यूरोपीय देशों की स्वतंत्र सुरक्षा भूमिका के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

'होर्मुज स्ट्रेट में टोल भूल जाओ' युद्ध रोकने ट्रंप ने रखीं 4 नई शर्तें

वाशिंगटन : मिडिल ईस्ट में फिर युद्ध का बवंडर उठ सकता है। अमेरिका और ईरान का सीजफायर खतरे में है और युद्ध का शंखनाद फिर से हो सकता है। क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के सामने 4 नई शर्तें रखी हैं। साथ ही धमकी दी है कि ईरान ने शर्तें नहीं मानी तो पहले से बड़ा और घातक हमला होगा, अंजाम बेहद खतरनाक होगा। इस बीच बीते दिन राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह से अमेरिका के कंट्रोल में है और वह किसी कीमत पर होर्मुज स्ट्रेट में टोल प्लाजा नहीं लगने देंगे। अमेरिका ने पाकिस्तान के जरिए ईरान को 4 नई शर्तों का प्रस्ताव भेजा है। जिसमें साफ-साफ कहा गया है कि जब तक ईरान समझौता नहीं करेगा, उसे मामूली-सी राहत तक नहीं मिलेगी।

ये रखी गई हैं शर्तें

पहली शर्त कि ईरान को परमाणु कार्यक्रम के लिए कोई रियायत या छूट नहीं दी जाएगी। उसे अपना न्यूक्लियर एजेंडा हमेशा के लिए बंद करना होगा। दूसरी शर्त कि होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान का किसी भी प्रकार का नियंत्रण नहीं होगा। इसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए पूरी तरह खुला रखा जाएगा। तीसरी शर्त कि जब तक ईरान फाइनल एग्रीमेंट पर साइन नहीं करेगा, तब तक उस पर लगे आर्थिक प्रतिबंध हटाए नही जाएंगे। चौथी शर्त कि युद्ध में नुकसान की भरपाई अमेरिका नहीं करेगा।

खबर संक्षेप

भारत की जासूसी कर रहा था मुस्तफा, अरेस्ट

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर से मोहम्मद मुस्तफा नामक युवक को एटीएस ने गिरफ्तार किया है। एटीएस ने जिले के रतनपुर गांव में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया है कि मो. मुस्तफा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स के जरिए पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स के लगातार संपर्क में था और कथित तौर पर भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल था। उसका संबंध कुख्यात हथियार तस्कर शहजाद भट्टी नेटवर्क से है।

बस-ऑटो की भिड़ंत में 6 लोगों की मौत

गंजम। ओडिशा के गंजम जिले में शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ।एक बस और ऑटो रिक्शा के बीच टक्कर हो गई। इसमें 6लोगों की जान चली गई और 4 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। पुलिस ते अनुसार मृतकों में दो नाबालिग लड़कियां भी शामिल हैं। सभी मृतक और घायल एक ही गांव के बताए जा रहे हैं।

नेपाल में नई गाड़ियों की बिक्री पर रोक

काठमांडू। वैश्विक तनाव के कारण नेपाल में ईंधन संकट गहरा गया है। बालेन सरकार ने बढ़ती भीड़, प्रदूषण और ईंधन लागत का हवाला देते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों सहित नए वाहन पंजीकरण पर रोक लगा दी। गुरुवार को यातायात प्रबंधन विभाग ने परिपत्र जारी कर अगली सूचना तक नए पंजीकरण पर रोक लगाने का अनुरोध किया है।

पंजाब में बैलेट पेपर से होंगे निकाय चुनाव

चंडीगढ़। पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने 26 मई को पंजाब में होने वाले नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों में ईवीएम के बजाय मतपत्रों के माध्यम से मतदान कराने के फैसले को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया है। इस याचिका में राज्य चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती दी गई थी।

भारत-साइप्रस संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा

दोनों देशों के बीच निवेश दोगुना करने का लक्ष्य, द्विपक्षीय रिश्तों को देंगे नया आयाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत और साइप्रस के बीच बढ़ते भरोसे तथा भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से नई संभावनाएं उभरी हैं और दोनों देश अगले पांच वर्षों में साइप्रस से भारत में होने वाले निवेश को फिर से दोगुना करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ेंगे। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ बातचीत के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत और साइप्रस ने अपने विश्वसनीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचाने का निर्णय लिया है, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को नई गति और नया आयाम मिलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और साइप्रस की मित्रता मजबूत होने के साथ-साथ भविष्य उन्मुख भी है। लोकतंत्र, कानून के शासन और सभी देशों की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान जैसे साझा मूल्य दोनों देशों की साझेदारी की नींव हैं। उन्होंने कहा कि भारत इन सिद्धांतों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आगे भी रहेगा।

पीएम मोदी से साइप्रस के राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस से की मुलाकात | सुरक्षा, व्यापार, तकनीक और नवाचार जैसे क्षेत्रों में बढ़ाएंगे सहयोग

भारत-ईयू के बीच एफटीए से नई आर्थिक संभावनाएं बनीं

प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करते भारत और साइप्रस

पीएम ने कहा कि पिछले एक दशक में साइप्रस से भारत में निवेश लगभग दोगुना हुआ है, जो दोनों देशों के बीच बढ़े विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से नई आर्थिक संभावनाएं बनी हैं और इन्हीं अवसरों का लाभ उठाते हुए दोनों देश अगले पांच वर्षों में निवेश को फिर से दोगुना करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ेंगे।

भारत और यूरोप के संबंध एक नए स्वर्णिम दौर में: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और यूरोप के संबंध एक नए स्वर्णिम दौर में प्रवेश कर रहे हैं। ऐसे समय में साइप्रस यूरोपीय संघ परिषद की अध्यक्षता संभालने के साथ-साथ भारत और पूरे यूरोप के बीच एक महत्वपूर्ण निवेश प्रवेश द्वार के रूप में उभर रहा है। वैश्विक मुद्दों पर चर्चा का उल्लेख करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, भारत संघर्षों की शीघ्र समाप्ति और शांति स्थापित करने के प्रयासों का समर्थन करता रहेगा।

निकोस और पीएम मोदी

दोनों देशों के बीच रिश्ते सदियों पुराने

साइप्रस के राष्ट्रपति ने कहा कि आज के समय में जब दुनिया में भू-राजनीतिक अनिश्चितता बढ़ रही है, तो मेरा मानना है कि यूरोपीय संघ और भारत के बीच साझेदारी और मजबूत होनी चाहिए। यह रिश्ता अब सिर्फ अर्थव्यवस्था से नहीं चल रहा है। यह तेजी से एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी बन रहा है, जो साझा हितों, साझा जिम्मेदारियों और स्थिरता, मजबूती और समृद्धि के लिए एक समान प्रतिबद्धता पर आधारित है। उन्होंने कहा कि यूरोप और भारत के पास सुरक्षा, व्यापार, तकनीक, नवाचार और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने के कई कारण हैं। साइप्रस और भारत के रिश्ते साझा मूल्यों और ऐतिहासिक अनुभवों पर आधारित हैं।

साइप्रस यूरोप का प्रवेश द्वार, आईएमईसी एक दूरदर्शी पहल

राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिड्स ने कहा कि साइप्रस एक भरोसेमंद, स्थिर और विश्वसनीय सेतु की तरह काम करने की स्थिति में है, जो भारत और यूरोप को जोड़ सके, यूरोपीय संघ, पूर्वी भूमध्यसागर और मध्य पूर्व के बड़े क्षेत्र के बीच एक पुल की तरह। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को उन्होंने एक 'दूरदर्शी पहल' बताया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना इंडो-पैसिफिक, मध्य पूर्व और यूरोप के बीच भरोसेमंद कनेक्टिविटी के बढ़ते महत्व को दिखाती है। हम पीएम मोदी के साथ क्षेत्रीय कनेक्टिविटी की पहलों पर लगातार चर्चा कर रहे हैं, और साइप्रस, जो तीन महाद्वीपों के चौराहे पर स्थित है और यूरोप का प्रवेश द्वार भी है, इस साझा विजन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

एनसीईआरटी किताब विवाद नहीं हटाए जाएंगे शिक्षाविद

सुप्रीम कोर्ट ने पुराना आदेश बदला, कहा- केंद्र-राज्य ही फैसला करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अपने 11 मार्च के उस आदेश में संशोधन किया जिसमें केंद्र, राज्यों और अन्य को तीन शिक्षाविदों से दूरी बनाने का निर्देश दिया गया था। शुक्रवार यह निर्णय उस विवाद के बाद लिया गया जो एनसीईआरटी की एक पुस्तक के पाठ में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित 'आपत्तिजनक' सामग्री शामिल किए जाने के बाद उत्पन्न हुआ था। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, सार्वजनिक विश्वविद्यालयों और केंद्र या राज्य सरकारों से वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले संस्थानों को इस मुद्दे पर स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की छूट दी। साथ ही कहा कि वे 11 मार्च के आदेश में की गई उसकी टिप्पणियों से प्रभावित हुए बिना फैसला कर सकते हैं।

यह है मामला

एनसीईआरटी ने 23 फरवरी को क्लास 8 के स्टूडेंट्स के लिए सोशल साइंस की नई टेक्स्टबुक जारी की थी। ये किताब एकेडमिक सेशन 2026-27 से स्कूलों में पढ़ाई जानी थी। इसका पहला पार्ट जुलाई 2025 में रिलीज किया गया था। किताब का नाम 'एक्सप्लोरिंग सोसायटी: इंडिया एंड बियॉन्ड पार्ट 2' है। इसमें 'द रोल ऑफ द ज्यूडीशियरी इन अवर सोसायटी' चैप्टर के अंदर 'करप्शन इन द ज्यूडिशियरी' का टॉपिक जोड़ा गया है। इसमें कहा गया है कि भ्रष्टाचार, बड़ी संख्या में पेंडिंग मामले और जजों की भारी कमी ज्यूडिशियल सिस्टम के सामने प्रमुख चुनौतियों में शामिल हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर वाली एनसीईआरटी के 8वीं क्लास की सोशल साइंस की किताब बैन कर दी। सुको के कड़े रुख के बाद एनसीईआरटी ने माफी मांगी और कहा था कि किताब में गलती अनजाने में हुई। चैप्टर दोबारा लिखा जाएगा।

यह है पुराना आदेश

एनसीईआरटी की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में विवादास्पद अध्याय का मसौदा तैयार करने में शामिल तीन विशेषज्ञों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और सभी राज्यों को उन्हें अपने से अलग करने का निर्देश दिया था। उसने केंद्र को निर्देश दिया था कि वह एक सप्ताह के भीतर संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों की एक समिति का गठन करे ताकि न केवल कक्षा आठ बल्कि उच्च कक्षाओं के लिए भी एनसीईआरटी के विधि अध्ययन के पाठ्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा सके।

अजमेर शरीफ के दीवान चिस्ती बोले

गाय को मिले राष्ट्रीय पशु का दर्जा मुसलमान समुदाय स्वागत करेगा

एजेंसी ▶▶ अजमेर

अजमेर शरीफ दरगाह के दीवान सैयद सरवर चिश्ती ने केंद्र सरकार से गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने और देशभर में उसकी हत्या, कुर्बानी और बीफ निर्यात पर बैन लगाने की मांग की है।ईद-उल-अजहा से ठीक पहले 28 मई को होने वाले त्योहार के मद्देनजर शुक्रवार को बयान में चिश्ती ने कहा कि गाय हिंदू समुदाय की आस्था का प्रतीक है और उसे संवैधानिक सुरक्षा मिलनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री से संसद का विशेष सत्र बुलाकर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने संबंधी कानून लाने की अपील की। चिश्ती ने कहा, यह देखना बहुत जरूरी है कि

इस विधेयक का समर्थन कौन करता है और विरोध कौन? इस मुद्दे को राजनीति से ऊपर उठाकर सांप्रदायिक सद्भाव और सांस्कृतिक सम्मान के नजरिए से देखा जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि मुसलमान समुदाय इस कदम का स्वागत करेगा। मौलवी ने मवेशियों को लावारिस छोड़ने पर भी निशाना साधा।

प्रधानमंत्री को झालमुड़ी खिलाई थी

दुकानदार को मिल रहीं जान से मारने की धमकियां, पुलिस तैनात

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले दुकानदार विक्रम साहू को जान से मारने की धमकी मिली है। दुकानदार की ओर से दावा किया गया कि पिछले कुछ दिनों से उसे पाकिस्तान और बांग्लादेश से रोजाना धमकी भरे कॉल आ रहे हैं।पीएम मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले विक्रम साहू रातोंरात सुर्खियों में आ गए थे। व साहू और पीएम मोदी के बीच हुई बातचीत पूरे चुनाव में चर्चा का विषय बन गई थी। यही शोहरत अब उसके लिए मुसीबत बन गई है। साहू ने कहा कि वह अपनी और

अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित है मुझे पाकिस्तान से वीडियो और फोन कॉल के जरिए बार-बार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। वे मुझे बम से उड़ाने की धमकी दे रहे हैं। हथियार भी दिखा रहे हैं। उन्होंने गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी है।

स्वदेशी ड्रोन 'वायु अस्त्र-1' का सफल परीक्षण

14000 फीट ऊंचाई से 100 किमी दूर तक निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रक्षा तकनीक के क्षेत्र में देश को एक और बड़ी सफलता मिली है। भारत की डिफेंस टेक्नोलॉजी कंपनी 'नाइब लिमिटेड' ने अपने स्वदेशी लोइटरिंग म्यूनिशन 'वायु अस्त्र-1' का तकनीकी परीक्षण पूरा कर लिया है। 'वायु अस्त्र-1' को आम भाषा में आत्मघाती या कामिकेज ड्रोन भी कहा जाता है। ये परीक्षण भारतीय सेना की 100 किलोमीटर दूरी की मारक क्षमता वाली जरूरत को पूरा करने के लिए राजस्थान के पोखरण और उत्तराखंड के जोशीमठ (मलारी) में किया गया। नाइब के मुताबिक, एंटी-पर्सनल स्ट्राइक ट्रायल के दौरान इस ड्रोन में 10 किलोग्राम का वॉरहेड लगाया गया था। परीक्षण के दौरान इस सिस्टम ने एक ही बार में 1400 फीट की ऊंचाई से 100 किलोमीटर दूर मौजूद अपने लक्ष्य पर बेहद सटीक निशाना लगाया। 'वायु अस्त्र-1' का 'सर्कुलर एरर प्रोबेबल' यानी निशाने की चूक की गुंजाइश एक मीटर से भी कम रही, जो इसकी अचूक मारक क्षमता को दिखाती है। इस परीक्षण के दौरान 'वायु अस्त्र-1' ने मिशन को बीच में रोकने, दोबारा हमला करने और वापस घूमकर हमला करने की अपनी बेहतरीन क्षमताओं का भी शानदार प्रदर्शन किया।

रात के अंधेरे में भी टैंकों को उड़ाने की ताकत

इसके अलावा सेना के टैंकों और बख्तरबंद गाड़ियों को तबाह करने के लिए 'एंटी-आर्मर स्ट्राइक' का भी परीक्षण किया गया। इस दौरान इस आत्मघाती ड्रोन ने इन्फ्रारेड कैमरे की मदद से रात के घने अंधेरे में एक सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया। ड्रोन ने रात में भी दो मीटर से कम की सटीक दूरी के भीतर अपने टारगेट को पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया। मिशन पूरा होने के बाद इस म्यूनिशन को भविष्य के ऑपरेशन्स के लिए सुरक्षित रूप से वापस रिकवर भी कर लिया गया। नाइब ने बताया कि इसी तरह के शुरुआती परीक्षण पहले राजस्थान के पोखरण में भी आयोजित किए जा चुके हैं।

शाह ने सर्वोच्च बलिदान देने वाले बीएसएफ कर्मियों को किया सम्मानित

पाक और बांग्लादेश बॉर्डर पर लगेंगे ड्रोन, रडार, स्मार्ट कैमरे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में बीएसएफ के रुसतमजी मेमोरियल लेक्चर के दौरान संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार अगले एक साल के भीतर पाकिस्तान और बांग्लादेश से लगी करीब 6000 किलोमीटर लंबी सीमा पर "स्मार्ट बॉर्डर" सुरक्षा सिस्टम लागू करेगी। इसके तहत ड्रोन, रडार, स्मार्ट कैमरे और दूसरी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर सीमा की निगरानी मजबूत की जाएगी, ताकि घुसपैठ और तस्करी को पूरी तरह रोका जा सके। शाह ने कहा कि देश में मौजूद हर अवैध घुसपैठिए की पहचान की जाएगी और उसे वापस भेजा जाएगा। सीमा सुरक्षा बल के संस्थापक और प्रथम सीमा प्रहरी केएफ रुस्तमजी की स्मृति में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट सेवा और सर्वोच्च बलिदान देने वाले बीएसएफ कर्मियों को सम्मानित भी किया।

हर एक घुसपैठिए को बाहर निकालेंगे

शाह ने कहा कि हर एक घुसपैठिए की पहचान करके उसे बाहर निकालना और जनसांख्यिकीय परिवर्तन को रोकना बेहद जरूरी है।उन्होंने कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें आगे आने वाले खतरों को पहचानना होगा। हमारी जनसांख्यिकीय संरचना को बदलने के उद्देश्य से सीमाओं के पार होने वाली अवैध घुसपैठ के प्रति सतर्क रहना हमारी जिम्मेदारी है। हमें अपनी अर्थव्यवस्था पर नशीले पदार्थों और नकली मुद्रा के प्रभाव को कम करने के लिए ठोस कदम भी उठाने होंगे।

राज्यों के साथ मिलकर कार्रवाई : शाह ने कहा कि घुसपैठ और पशु तस्करी के रास्तों को बंद करने के लिए उन्होंने जवानों से राज्य पुलिस, जिला प्रशासन और गांव स्तर के राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा की सरकारों के सहयोग से सीमा सुरक्षा को और मजबूत किया जाएगा। गृह मंत्रालय जल्द ही इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति तय करेगा।

सरकार जल्द शुरू करेगी जनसांख्यिकी मिशन

शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय जल्द ही एक उच्चस्तरीय जनसांख्यिकी मिशन शुरू करेगा, जिसका उद्देश्य सीमावर्ती इलाकों में जनसांख्यिकीय बदलाव से जुड़े मामलों की निगरानी और सुरक्षा एजेंसियों को सहयोग देना होगा। उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठ केवल सीमा सुरक्षा का मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार जनसांख्यिकी को बदलने की साजिश को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी। उन्होंने बीएसएफ से सीमा सुरक्षा और मजबूत करने की अपील की।

सीमा की कैसे होगी स्मार्ट सुरक्षा?

सरकार सीमा पर निगरानी के लिए ड्रोन, स्मार्ट कैमरे, रडार, आधुनिक सेंसर, थर्मल इमेजिंग तकनीक और एकीकृत निगरानी प्रणाली का इस्तेमाल करेगी। शाह ने कहा कि इससे सीमा पर होने वाली हर गतिविधि पर रियल टाइम निगरानी संभव हो सकेगी।

उत्तराखंड में हेमकुंड साहिब यात्रा 2026

पंच प्यारों के साथ पहला जत्था रवाना प्रशासन ने किए सुरक्षा के कड़े इंतजाम



एजेंसी ▶▶ गोपेश्वर

पंच प्यारों की अगुवाई, पावन निशान साहिब की अगाध श्रद्धा और बैण्ड-बाजों की मधुर धुनों के बीच सिक्ख श्रद्धालुओं का पहला जत्था गुरुद्वारा गोविंदघाट से पवित्र हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुई है। श्रद्धालुओं ने 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के गगनभेदी जयकारों के साथ अपनी कठिन लेकिन आध्यात्मिक यात्रा का शुभारम्भ किया। प्रथम जत्थे की अगुवाई पावन पंच प्यारों द्वारा की गई, जो सिक्ख परंपरा में श्रद्धा, सेवा और साहस के प्रतीक माने जाते हैं। गोविंदघाट गुरुद्वारा में अरदास, शबद कीर्तन के बाद गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मेनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने यात्रा को रवाना किया। यात्रा को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन और चमोली पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹119534/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹145990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹159362/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
aNaND Jewels
Pandri, Raipur

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
रायपुर, शनिवार 23 मई 2026

आसमान में उड़ता हेलिकॉप्टर और जमीन पर दौड़ती सरकार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इन दिनों 'सुशासन तिहार' के तहत लगातार प्रदेश प्रवास पर हैं। लेकिन इस व्यस्त दौरे के बीच भी शासन का कामकाज कहीं थमता हुआ दिखाई नहीं देता। इसकी सबसे बड़ी वजह है तकनीक का प्रभावी इस्तेमाल और खास तौर पर 'ई-ऑफिस' व्यवस्था। दो दिनों तक मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश प्रवास के दौरान यह स्पष्ट दिखाई दिया कि अब सरकार केवल मंत्रालय की इमारत अर्थात महानदी भवन से ही नहीं, बल्कि हवा में उड़ते हेलिकॉप्टर से भी संचालित हो रही है। कल जब दोपहर करीब बारह बजे हमारे हेलिकॉप्टर ने जमीन छोड़ी, वैसे ही मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह ने अपने बैग से आईपैड निकाल लिया। ई आफिस पर पहले से आई फाइलों को उन्होंने पढ़ना शूरू किया और साथ ही इलेक्ट्रॉनिक पेंसिल से उन पर अभिमत लिख मुख्यमंत्री को फारवर्ड करते रहे। कुछ देर बाद वह टेबलेट मुख्यमंत्री श्री साय के हाथ में था। ई-फाइल्स देखकर वह भी तत्काल अपने निर्णय लिखते चलते हैं। एक तरफ हेलिकॉप्टर आसमान में दूरियां नाप रहा होता है, दूसरी तरफ वह सुबोध सिंह और रजत बंसल से सवाल भी कर लेते हैं। रायपुर से उड़ान भरकर जब हमारा हेलिकॉप्टर एक घंटा बीस मिनट के सफर बाद सूरजपुर जिले के पाटन गांव में उतरा, तब तक यात्रा के दौरान ही 27 फाइलों का निराकरण हो चुका था। पहले आम अनुभव यह था कि मुख्यमंत्री या वरिष्ठ अधिकारियों के प्रवास पर रहने के दौरान कई ▶▶| शेष पेज 9 पर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद

तपती दोपहर में साय कर रहे 'सुशासन' की परख
कहा-गड़बड़ी रोकने के लिए कठोर होना पड़ता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सार्थक संवाद

सूर्य,देव इन दिनों अपने पूरे तेज और ताप के साथ धरती की परीक्षा ले रहे हैं। 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच झूलता तापमान शरीर से, पसीने की धाराएं बहा दे रहा है। तपती दोपहर, और झुलसा देने वाली गरम हवाओं के बीच छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गांव-गांव की खाक छानते हुए जनता के बीच पहुंच रहे हैं। अवसर है 'सुशासन तिहार' का, जिसे गत 1 मई से 40 दिनों तक चलाने की तैयारी छत्तीसगढ़ सरकार ने की है। इस अभियान के माध्यम से मुख्यमंत्री की कोशिश है कि जनता से सीधे संवाद कर यह जाना जाए कि शासन-प्रशासन का तंत्र जमीनी स्तर पर किस तरह काम कर रहा है। लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी जनता के प्रति जवाबदेही निभाने और उनकी सहूलियतों के लिए आवश्यक कदम उठाने की होती है। इसी ▶▶| शेष पेज 9 पर

चिरमिरी के विश्रामगृह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से हुई इस खुली चर्चा के प्रमुख अंश प्रस्तुत हैं:

- सुशासन का संकल्प था। रायपुर में बैठकर भी आप समीक्षा कर ही लेते थे। क्या जरूरत आन पड़ी है आपको, जो ऐसी गर्मी में चले हैं गांव-गांव, डगर-डगर, नगर-नगर? क्या सोच है इसके पीछे? चुनाव में तो अभी बहुत समय बाकी है।
- देखिए, सुशासन तिहार का यह दूसरा साल है और इस साल 1 मई से इसका शुभारंभ हुआ हैं, जो 10 जून तक चलने वाला है। इसका उद्देश्य यही है कि हम लोगों के बीच जाएं, गांव में जाएं और जो सरकार की योजनाएं हैं, जो मोदी की गारंटी है, वह कहां तक लोगों तक पहुंच रही है। राशन उन तक हर महीना नियमित पहुंच रहा है कि नहीं; पेयजल की व्यवस्था उनके लिए है कि नहीं; बिजली रहती है कि नहीं; स्कूल में गुरुजी पढ़ाने आते हैं ▶▶| शेष पेज 9 पर

खबर संक्षेप

24 मई को देशभर में चलेंगी साइकिल

नई दिल्ली। भारत 24 मई 2026 को 'कॉमनवेल्थ गेम्स डे' के अवसर पर फिटनेस और खेल संस्कृति को नई ऊंचाई देने जा रहा है। 'खेल और युवा शक्ति का महाकुंभ' बने इस खास दिन देश भर में आठ हजार से अधिक स्थानों पर 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' अभियान के तहत लाखों लोग साइकिल चलाते नजर आएंगे। आयोजन का मुख्य केंद्र गुजरात का अहमदाबाद होगा, जहां इस अभियान का ऐतिहासिक 75वां एडिशन आयोजित किया जाएगा।

बुरहान की हत्या का आरोपी हथियार समेत गिरफ्तार

इस्लामाबाद। पुलवामा हमले में शामिल आतंकी हमजा बुरहान की हत्या के मामले में मुजफ्फराबाद के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) ने अब्दुल्ला कमाल नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है। अब्दुल्ला कमाल पाकिस्तान के वाह कैंट का रहने वाला है। कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास से हथियार भी बरामद किया गया। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि हत्या में इसी हथियार का इस्तेमाल हुआ था या नहीं।

महाराष्ट्र के चंद्रपुर में बाघ के हमले में 4 महिलाओं की मौत

चंद्रपुर। महाराष्ट्र का चंद्रपुर जिला एक बार फिर इंसानों और वन्यजीवों के बीच बढ़ते खूनी संघर्ष का गवाह बना है। जिले के सिंदेवाही तहसील के अंतर्गत आने वाले गुंजेवाही इलाके में शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां के जंगलों में घात लगाए बैठे एक बाघ ने तेंदूपत्ता तोड़ने गई चार महिलाओं पर जानलेवा हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। यह अब तक की सबसे बड़ी और वीभत्स घटनाओं में से एक है, जहां एक ही समय में बाघ के हमले में चार लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है।

120 करोड़ मूल्य की तीन लाख ई-सिगरेट जब्त

नयी दिल्ली। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में तस्करी गिरोह के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान 120 करोड़ रुपये मूल्य की तीन लाख इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट और 'वेप' जब्त की। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के बयान के अनुसार प्रतिबंधित ई-सिगरेट हर मामले में चीन से मंगाई गई थीं और उन्हें फर्नीचर तथा धातु की कुर्सियों के पुर्जों जैसी वस्तुओं के बीच छिपाकर आयात किया गया था।

आर्थिक संकट के चलते पारिवारिक विवाद बनी वजह?

फांसी पर लटके मिले पति-पत्नी, बिस्तर पर दो बच्चों के शव, दहल गया दुर्ग

दुर्ग के मोहन नगर थाना क्षेत्र स्थित आर्य नगर में शुक्रवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत की खबर सामने आई। पति-पत्नी की लाश फांसी पर लटकते मिली जबकि बच्चे बिस्तर पर मृत पाए गए। आशंका है कि पहले बच्चों को नशीली चीज दी गई थी फिर गला घोट दिया गया। घटना स्थल से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें पारिवारिक विवाद का उल्लेख है। अनुमान है कि आर्थिक संकट के कारण परिवार में विवाद चल रहा था। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की गई।

सुसाइड नोट और शराब की बोतलें मिलीं, दुर्ग के मोहन नगर क्षेत्र की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पुलिस के मुताबिक घर के एक कमरे में गोविंद साहू (45 वर्ष) की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली। वहीं दूसरे कमरे में उनकी पत्नी चंचल साहू (40 वर्ष) भी फांसी पर लटकी हुई मिलीं। जिस कमरे में महिला का शव मिला, उसी कमरे में बिस्तर पर उनके दो बच्चे, पुत्री दृष्णा साहू (13 वर्ष) और पुत्र यशांत साहू (11 वर्ष) मृत अवस्था में पड़े मिले। मौके पर पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित पुलिस और एफएसएल की टीम ने पूरे घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें पारिवारिक विवाद का जिक्र किया गया है। वहीं कमरे से शराब की बोतलें भी बरामद ▶▶| शेष पेज 9 पर

तिरुपति और जगन्नाथधाम से लौटा था परिवार

पुलिस का कहना है कि मौत की वजह और तरीके का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा। फिलहाल मौके के मुआयने के बाद पुलिस हर एंगल से घटना की जांच कर रही है। घटना स्थल से प्राप्त सुसाइड नोट की राइटिंग एक्सपर्ट से भी जांच करवाई जा रही है। पुलिस मौत की वजह तलाश रही है, अभी तक की जांच के बाद कोई स्पष्ट राय नहीं दी गई है। मृतक संयुक्त परिवार में रहता था, ▶▶| शेष पेज 9 पर

मनोरोग विशेषज्ञ ने बताई ऐसी घटना की मानसिकता

दुर्ग के आर्य नगर में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत की घटना ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। इस मामले को लेकर मनोरोग चिकित्सक डॉ. प्रमोद गुप्ता ने ऐसी घटनाओं के पीछे की मानसिक और सामाजिक परिस्थितियों पर अपनी राय रखी है। डॉ. गुप्ता के मुताबिक, इस तरह की घटनाओं के पीछे कई कारण हो सकते हैं। इनमें वित्तीय कर्ज, सामाजिक दबाव, मानसिक बीमारियां जैसे सिजोफ्रेनिया और डिप्रेशन, नशे की लत विशेषकर शराब का अत्यधिक सेवन, बेवफाई का भ्रम, पारिवारिक कलह, संपत्ति विवाद, आर्थिक नुकसान और परिवार के सदस्यों के बीच खराब रिश्ते प्रमुख कारण माने जाते हैं। उन्होंने बताया कि जब व्यक्ति लंबे समय तक मानसिक तनाव और पारिवारिक संघर्ष से गुजरता है, तब उसकी सोच और व्यवहार ▶▶| शेष पेज 9 पर

'ईडब्लूएस के लिए नहीं है कोई सामाजिक पिछड़ापन

माता-पिता दोनों आईएएस हैं तो उनके बच्चों को आरक्षण की जरूरत क्यों होनी चाहिए ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आरक्षण और सामाजिक प्रगति के मुद्दे पर अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने पूछा कि जो परिवार पहले से शिक्षा और आर्थिक रूप से काफी आगे बढ़ चुके हैं, क्या उन्हें आरक्षण का लाभ मिलते रहना चाहिए। पिछड़े वर्गों के क्रीमी लेयर से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी सवाल उठाया कि अगर माता-पिता दोनों आईएएस अधिकारी हैं, तो उनके बच्चों को आरक्षण की जरूरत क्यों होनी चाहिए। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि शैक्षिक और आर्थिक प्रगति से सामाजिक गतिशीलता आती है।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ मामले की सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता ▶▶| शेष पेज 9 पर

उन्हें आरक्षण से बाहर रखना चाहिए

जस्टिस नागरत्ना ने यह भी टिप्पणी की कि एक बार जब परिवार आरक्षण के लाभों के माध्यम से शैक्षिक और आर्थिक सशक्तिकरण के एक निश्चित स्तर को हासिल कर लेते हैं, तो अगली पीढ़ी के लिए पात्रता का पुनर्मूल्यांकन किया जाना चाहिए। जस्टिस ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी की, 'संतुलन होना जरूरी है। सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ा होना ठीक है, लेकिन जब माता-पिता आरक्षण का लाभ उठाकर एक स्तर हासिल कर लेते हैं।' अदालत ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्लूएस) और सामाजिक रूप से पिछड़े समुदायों के लिए आरक्षण के बीच के अंतर का भी जिक्र किया।

यह कहा केंद्र ने

यूएपीए के तहत मामलों में आरोपियों को जमानत देने को लेकर सुप्रीम कोर्ट की दो अलग-अलग बेंचों ने अलग फैसले दिए हैं। इस पर केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि मामले में स्पष्टता लाने के लिए इसे सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच को भेजा जाना चाहिए।

मध्यप्रदेश में पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दर्ज कराई अपनी आधिकारिक एंट्री

सड़कों पर नजर आएगी कॉकरोच जनता पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

इंटरनेट में सुर्खियां पाने वाली कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) अब 'धरातल' में भी नजर आएगी। सीजेपी की अब मध्य प्रदेश में एंट्री हो गई है। राजधानी भोपाल में ' कॉकरोच जनता पार्टी ' (सीजेपी) ने अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य में अपनी आधिकारिक एंट्री दर्ज कराई। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस की कमान सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा मयंक के हाथों में थी, जिनके साथ नीट (नीट) पेपर लीक, नर्सिंग घोटाला और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों से प्रभावित छात्र-छात्राएं भी मौजूद थीं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मयंक ने कहा कि सीजेपी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि 'जेनजेड' की प्राथमिकताओं पर आधारित युवा आंदोलन है। यह किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल के विरोध का मंच नहीं, बल्कि उस शिथिल सिस्टम के खिलाफ आवाज है, जिसने युवाओं का भरोसा तोड़ा है।

ऐसे वजूद में आई पार्टी

इस आंदोलन के सूत्रधार 30 वर्षीय डिजिटल मीडिया स्ट्रैटजिस्ट अभिजीत दीपके हैं, जो कभी आम आदमी पार्टी (आप) के लिए वायरल मीम बनाने का काम करते थे और फिलहाल अमेरिका की बोस्टन यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर रहे हैं। दरअसल, इस आंदोलन की शुरुआत सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत की एक टिप्पणी के बाद हुई है। 15 मई 2026 को एक सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कथित तौर पर बेरोजगार युवाओं की तुलना 'कॉकरोच' से की थी। इसी के बाद अभिजीत ने अमेरिका से सीजेआई को लांच करते हुए वेबसाइट बनाई और एक डिजिटल आंदोलन खड़ा कर दिया, जो अब भोपाल की सड़कों पर उतर चुका है।

युवा सवाल उठाते हैं, तो दबाने की कोशिश होती है

मयंक ने आरोप लगाया कि जब पेपर लीक जैसे मामलों पर युवा सवाल उठाते हैं, तब उनकी आवाज दबाने और सोशल मीडिया अकाउंट्स तक बैन करने की कोशिश होती है। अब सरकारी संस्थान अपनी नैतिक जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकते। मयंक ने बताया कि जल्द ही मध्य प्रदेश की कोर कमेटी घोषित की जाएगी। विदेशी फॉलोअर्स और पाकिस्तानी अकाउंट्स से जुड़े आरोपों को 'सरकारी दुष्प्रचार' बताया। उनका कहना था कि आंदोलन के संस्थापक अभिजीत दीपके के मार्गदर्शन में प्रदेश में अभियान की शुरुआत की गई है।

एसबीआई कर्मचारियों की 25-26 मई को प्रस्तावित हड़ताल स्थगित

नई दिल्ली/कोलकाता। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के कर्मचारियों की 25-26 मई को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल को बैंक प्रबंधन और कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों के बीच शुक्रवार को हुई 'सकारात्मक बातचीत' के बाद टाल दिया गया है। एसबीआई ने कहा कि हड़ताल के टल जाने के बाद उसकी शाखाएं 25 और 26 मई को सामान्य रूप से खुली रहेंगी और सभी बैंकिंग सेवाएं जारी रहेंगी।

ये थी मांगें

एसबीआई स्टाफ एसोसिएशन, बंगाल सर्किल के सचिव सुदीप दत्ता ने बताया, मांगों में संदेशवाहक और सशस्त्र गार्ड की भर्ती, पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती, स्थायी नौकरियों में आउटसोर्सिंग रोकना, करियर प्रगति योजनाओं की समीक्षा, चिकित्सा प्रतिपूर्ति में सुधार और एचआरएमएस से जुड़े मुद्दों का समाधान शामिल था।

ले जाया गया बिल्हा थाना कोर्ट में पेश कर भेजा गया जेल

भाजपा नेत्री से करोड़ों की ठगी व दुष्कर्म, आरोपी रांची से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

बिलासपुर की एक भाजपा नेत्री से निवेश के नाम पर झारखंड के कारोबारी द्वारा करोड़ों की ठगी और ब्लैकमैलिंग कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। भाजपा नेत्री की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज करने के बाद बिलासपुर पुलिस ने रांची के कारोबारी संजय सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रहने वाली भाजपा नेत्री ने पुलिस को बताया कि वह पेशे से व्यापारी है और सक्रिय राजनीति में है। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस की टीम रांची पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर सीधे बिल्हा थाना ले गई। यहां से उसे सीधे कोर्ट में पेश किया गया, कोर्ट के बाद उसे जेल वारंट काट कर जेल भेज दिया गया है। ▶▶| शेष पेज 9 पर

संजय का बदला व्यवहार पत्नी से कराई बात

जनवरी 2025 में पीड़िता की सिद्धि विनायक कंपनी बनने के बाद फरवरी 2025 में पीड़िता और मेसर्स शंभू सिंह का ज्वाइंट वेंचर अकाउंट बनाया गया। पहली किश्त 23 फरवरी 2025 को पीड़िता ने 25 लाख रूपए दिए। जिसके बाद से संजय सिंह का व्यवहार बदलने लगा। आपत्ति लेने के बाद भी संजय ने पीड़िता के व्हाट्सएप पर भोजपुरी के अश्लील वीडियो भेजने शुरू कर दिए। इस बीच वह मिलने के लिए बिलासपुर आने लगा और यहां आसपास प्रॉपर्टी में निवेश की बात करता था। भाजपा नेत्री के अनुसार 15 सितंबर ▶▶| शेष पेज 9 पर

2021 में फेसबुक के जरिये आई थी संपर्क में

पीड़ित भाजपा नेत्री आरोपी संजय सिंह पिता स्व शंभु सिंह निवासी आर्यपुरी रातू रोड रांची झारखड से 2021-22 में फेसबुक के जरिए संपर्क में आई। अगस्त 2024 में परसदा स्थित सेंट्रल पाइंट होटल में पहली बार मीटिंग हुई, जिसमें व्यापारिक बिन्दुओं पर बातचीत हुई। इस दौरान बीजेपी नेत्री ने व्यापार अनुबंध के लिए सहमति दे दी। संजय सिंह ने भरोसे में लेने के लिए दिसंबर 2024 में नेत्री के खाते में 15 लाख रुपए ट्रांसफर किए। जिसमें मेसर्स शंभू सिंह अकांउट से व्यापारिक सिक्योरिटी दिया गया। पीड़िता ने ▶▶| शेष पेज 9 पर

रेसलर विनेश मामले में दिल्ली हाईकोर्ट की डब्ल्यूएफआई को फटकार

'मां बनना गुनाह नहीं, बदले की भावना से काम न करें'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- **एशियन गेम्स के सिलेक्शन ट्रायल में रेसलर की भागीदारी सुनिश्चित करने कहा**

भारत की महिला पहलवान विनेश फोगाट के मामले पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) को फटकार लगाई है। कोर्ट विनेश फोगाट को घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए 'अयोग्य' घोषित किए जाने के मामले पर सुनवाई कर रहा था। इस दौरान हाई कोर्ट ने कहा कि मातृत्व का सम्मान होता है और डब्ल्यूएफआई के पुराने सिलेक्शन मानदंडों से हटना बहुत कुछ कहता है। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए हैं कि वह विनेश के लिए एक्सपर्ट कमेटी बनाकर उनका मूल्यांकन करे और आगामी ▶▶| शेष पेज 9 पर

भेजा गया था 'कारण बताओ नोटिस'

गौरतलब है कि डब्ल्यूएफआई ने विनेश को 'कारण बताओ नोटिस' भेजा था, जिसमें उन पर अनुशासनहीनता और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए चार सवालों के जवाब मांगे थे। इसके साथ ही डब्ल्यूएफआई ने विनेश के किसी भी घरेलू प्रतियोगिता में शामिल होने पर 26 जून, 2026 तक रोक लगा दी थी। डब्ल्यूएफआई के इस फैसले की वजह से विनेश नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सकी थीं. विनेश ट्रायल की अनुमति मांगने के लिए डब्ल्यूएफआई के पास पहुंची थीं।

न हो नुकसान

अदालत ने कहा, 'विनेश जुलाई 2025 में मां बनीं। अभी मई का महीना है। वह अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पहलवान हैं। यह क्यों नहीं माना जा सकता कि आपने उनके लिए चयन मानदंड में बदलाव किया होगा? विवाद या मतभेद चाहे जो भी हो, खेल जगत को क्यों नुकसान होना चाहिए?

यह कहकर ठुकरा दी थी अपील

डब्ल्यूएफआई ने विनेश की नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट के ट्रायल में शामिल होने की अपील यह कहकर ठुकरा दी थी कि उनके खिलाफ वाडा के 5.6.1 नियम के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई चल रही है। डब्ल्यूएफआई के अनुसार, इस नियम के मुताबिक संन्यास से वापसी कर रहे खिलाड़ियों को किसी भी टूर्नामेंट में खेलने से पहले कम से कम छह महीने तक का नोटिस पूरा करना जरूरी होता है।

विनेश ने कोर्ट में दाखिल की थी अर्जी

इसके बाद विनेश ने कोर्ट में अर्जी दाखिल करते हुए एशियन गेम्स के लिए 30 और 31 मई को होने वाले ट्रायल में शामिल होने की अपील की थी। विनेश ने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा उन्हें अयोग्य ठहराए जाने के बाद कोर्ट से इस मामले में दखल देने की गुजारिश की थी। हालांकि, मामले की पहली सुनवाई में कोर्ट ने कोई भी अंतरिम आदेश जारी करने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि वह डब्ल्यूएफआई का पक्ष सुने बिना कोई भी निर्देश जारी नहीं कर सकता है।

चिंतन

जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता जरूरी

देश इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है। उत्तर भारत से लेकर पूर्वी राज्यों तक सूरज आग उगल रहा है। हालात इतने भयावह हैं कि दुनिया के सबसे गर्म शहरों की सूची में भारत के 22 शहर शामिल हो गए हैं और कई जगहों पर तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच चुका है। यह केवल मौसम का उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि बदलते पर्यावरण और अव्यवस्थित विकास की गंभीर चेतावनी है। आने वाले तीन दिन तक राहत की उम्मीद नहीं है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। हमारे शहर रेगिस्तानी देशों से भी ज्यादा गर्म हो गए रहे हैं। इस मौसम में तापमान का बढ़ना कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है, लेकिन यह जिस गति से बढ़ रहा है और जिस तरह से प्रभावित कर रहा है, वह परेशान करने वाला है। पहले भीषण गर्मी यानी मौसम में लू की आवर्ति दो बार ही होती थी, अब चार बार हो रही है। इस बार मानसून भी कमजोर रहने के संकेत हैं। प्रशांत महासागर के ऊपर बन रहा अलनीनो इसके लिए जिम्मेदार है। इस बार तो यहां तक भी घोषणा की जा रही है कि 1888 जैसा भयंकर सूखा पड़ सकता है। हालांकि उस समय की तुलना में आज हम बेहतर रूप से तैयार हैं। हमारे पास खाद्यान्न के भंडार भरे हुए हैं। इसलिए ऐसी स्थिति तो नहीं है कि लोगों को जान गंवानी पड़े, लेकिन देश का औद्योगिक विकास और उत्पादन ठप हो सकता है। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि अब केवल दिन ही नहीं, बल्कि रातें भी तपने लगी हैं। 35 शहरों में रात का तापमान 30 डिग्री से ऊपर रहना इस बात का संकेत है कि धरती की प्राकृतिक संतुलन व्यवस्था तेजी से बिगड़ रही है। जब रात में भी शरीर और वातावरण को ठंडक नहीं मिलती, तब हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। बुजुर्गों, बच्चों और मजदूर वर्ग पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है। विभिन्न राज्यों की सरकारों ने कुछ राहत भरे कदम उठाए हैं। बिहार में छोटे बच्चों के स्कूल बंद किए गए हैं और पंजाब ने स्कूलों व सरकारी दफ्तरों के समय में बदलाव किया है। दरअसल, भीषण गर्मी का सबसे बड़ा कारण लगातार घटते जंगल, कंक्रीट के बढ़ते शहर, जलस्त्रोतों का अतिक्रमण और प्रदूषण हैं। विकास की अंधी दौड़ में हमने प्रकृति के साथ संतुलन खो दिया है। शहरों में पेड़ों की जगह सीमेंट ने ले ली और तालाबों की जगह इमारतों ने। नतीजा यह है कि धरती की सतह अधिक गर्मी सोख रही है और तापमान लगातार बढ़ रहा है। गर्मी के साथ-साथ पानी का संकट भी गहराता जा रहा है। पीने, नहाने और घरेलू उपयोग में पानी की मांग बढ़ती है, जबकि भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। ऐसे में पानी बचाना केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवन की आवश्यकता बन चुका है। घरों में वर्षा जल संचयन, पानी का सीमित उपयोग और रिसाव रोकने जैसे छोटे कदम भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। जलवायु परिवर्तन कई अन्य कारकों को भी जन्म दे रहा है। गर्मी व कम बारिश के बाद भी भीषण सर्दी और अतिवृष्टि भी इसकी जिम्मेदार है। जैसे-जैसे यह संकट बढ़ेगा, वैसे-वैसे हालात खराब होंगे। इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए गंभीर होकर काम किया जाए। सरकारों को भी समय रहते चेत जाना चाहिए, क्योंकि यह पूरी तरह से मानव के मस्तिष्क का सवाल है। व्यक्ति को कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए, जो जलवायु परिवर्तन का कारक हो और उन पर जोर देना चाहिए जिससे पर्यावरण संरक्षण किया जा सके। यदि अभी भी चेतने में देर हुई, तो आने वाले वर्षों में यह गर्मी केवल असुविधा नहीं, बल्कि बड़े मानवीय संकट का रूप ले सकती है।

प्रतीक

डॉ. घनश्याम बादल

उभरना राजनीति में 'कॉकरोचों' का !

सियासत में समय-समय पर ऐसे प्रतीक उभरते रहे हैं, जो शब्द मात्र नहीं, जनभावनाओं के विस्फोट का माध्यम बने हैं। कभी आम आदमी का पार्टी का गठन भी इसी तरीके से हुआ था, जैसे हाल के दिनों में विभिन्न आभासी मीडिया मंचों पर चर्चित "कॉकरोच जनता पार्टी" बनी है। अभिजीत दीपके द्वारा गठित कॉकरोच जनता पार्टी ऐसा ही एक राजनीतिक-सामाजिक प्रतीक बनकर सामने आई है। कॉकरोच जनता पार्टी जैसा नाम भले ही व्यंग्यात्मक लगे, किंतु इसके पीछे छिपी बेचैनी, असंतोष और व्यवस्था-विरोधी मनोवृत्ति को हल्के में नहीं लिया जा सकता। यह केवल एक डिजिटल मज़ाक नहीं, बल्कि उस पीढ़ी का आक्रोश माना जाना चाहिए जो स्वयं को व्यवस्था द्वारा उपेक्षित, अपमानित और अनसुना महसूस कर रही है। इस पूरी कहानी की शुरुआत उस विवादास्पद टिप्पणी से मानी जा रही है, जिसमें बेरोजगार युवाओं की तुलना "कॉकरोच" से करने वाला विवादित बयान भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत से जुड़ा बताया गया है। 15 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट में एक 'फ्री वोलस' यानी तुच्छ समझे जाने वाले प्रकरण की सुनवाई के दौरान सामने आई थी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मौखिक टिप्पणी में कहा गया था कि कुछ बेरोजगार युवा "कॉकरोच की तरह" विभिन्न क्षेत्रों में घुस जाते हैं, जिनमें पत्रकारिता और आरटीआई एक्टिविज़्म का भी उल्लेख किया गया। इस कथन के बाद सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया हुई। बड़ी संख्या में युवाओं ने इसे पूरे बेरोजगार वर्ग का अपमान माना। हालांकि अगले ही दिन जस्टिस सूर्यकांत ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि उनकी टिप्पणी को "गलत तरीके से पेश" किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका आशय समूची युवा पीढ़ी से नहीं था, बल्कि उन लोगों से था जो "फर्जी और नकली डिग्रियों" के सहारे पेशों में प्रवेश करते हैं। इसी कथित टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर व्यंग्यात्मक प्रतिरोध के रूप में "कॉकरोच जनता पार्टी" का उदय हुआ।

शुरुआत में इसे केवल एक मीम या इंटरनेट ट्रेंड माना गया, किंतु कुछ ही दिनों में यह डिजिटल आंदोलन का रूप लेने लगा। इतना स्पष्ट है कि युवाओं ने इसे अपने आक्रोश की अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया है। भारतीय राजनीति के संदर्भ में इस घटना को समझें तो आज का युवा पारंपरिक राजनीति से ऊब चुका है। वह लंबी वैचारिक बहसों से अधिक प्रत्यक्ष अनुभवों पर विश्वास करता है। बेरोजगारी, परीक्षा-पत्र लीक, अवसरों की कमी, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और आर्थिक व सामाजिक तथा व्यक्तिगत असुरक्षा ने उसके भीतर गहरी निराशा व एक बड़ा शून्य पैदा कर दिया है। उसे लगता है कि सत्ता, न्याय व्यवस्था या राजनीतिक दल उसकी पीड़ा को समझने के बजाय उसका उपहास कर रहे हैं, तब व्यंग्य उसका प्रतिरोध का हथियार बन सामने आता है। "कॉकरोच जनता पार्टी" इसी व्यंग्यात्मक अभिव्यक्ति की उपज है। यह उस पीढ़ी की सोच है जो आज कह रही है कि यदि व्यवस्था हमें "कॉकरोच" समझती है, तो हम उसी शब्द को प्रतिरोध के प्रतीक में बदल देंगे। पहले राजनीतिक दल ज़मीन से उठते थे, फिर मीडिया तक पहुंचते थे। अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पहले पहचान बनती है और बाद में वास्तविक राजनीतिक संभावना तैयार होती है। यही कारण है कि "कॉकरोच जनता पार्टी" का नाम सुनते ही लोगों में जिज्ञासा उत्पन्न हुई और वह वायरल हो गया। हालांकि इस पूरे आंदोलन को लेकर कई प्रश्न भी हैं। क्या यह वास्तविक राजनीतिक संगठन है अथवा केवल डिजिटल असंतोष का बुलबुला मात्र है? क्या इसके पीछे कोई संगठित राजनीतिक रणनीति है? क्या यह किसी दल विशेष के विरोध या समर्थन का अप्रत्यक्ष माध्यम है? इन प्रश्नों के स्पष्ट उत्तर अभी उपलब्ध नहीं हैं। याद रहना चाहिए कि लोकतंत्र में व्यंग्य हमेशा जनभावनाओं का संकेतक रहा है। जब जनता सीधे विरोध करने में असहज महसूस करती है, तब हास्य और कटाक्ष उसकी भाषा बन जाते हैं। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार के आंदोलनों का उदय लोकतंत्र के स्वास्थ्य का संकेत भी है और चेतावनी भी। यदि मुख्यधारा की राजनीति युवा वर्ग की पीड़ा को गंभीरता से नहीं लेगी, तो असंतोष व्यंग्य, कटाक्ष और अराजक डिजिटल अभियानों में परिवर्तित होता जाएगा इसकी प्रबल संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी सहनशीलता और आत्मसुधार की क्षमता रही है। इसलिए सत्ता, विपक्ष, न्यायपालिका और समाज सभी को इस घटना को केवल हास्य के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक मनोविज्ञान के दस्तावेज़ की तरह पढ़ना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

भविष्य के लिए भयावह संकेत है बढ़ती गर्मी

विचार

डॉ. संजय शुक्ला

भारत जैसे विकासशील देश में 'ग्लोबल वार्मिंग' अब महज विचार गोष्ठियों में शाब्दिक जुगाली का ही मसला नहीं है बल्कि अब यह देश के जनजीवन के साथ ही हमारे अर्थव्यवस्था पर भी अच्छा खासा असर डाल रहा है। देश के अनेक हिस्सों में जेठ की तपिश ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक 25 मई से नौतपा की शुरुआत हो रही है जिसका समापन 2 जून को होगा। नौतपा का धार्मिक के साथ ही वैज्ञानिक आधार भी है इस दौरान सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है फलस्वरूप सूर्य की किरणें सीधी पड़ती हैं। माना जाता है कि इन नौ दिनों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप रहता है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार नौ दिनों में पड़ने वाली भीषण गर्मी से निम्न दाब का क्षेत्र बनता है जो चक्रवाती प्रक्रिया से समुद्र से नमी लेकर मजबूत मानसून और बारिश की संभावना बनाता है। इस दौरान तेज धूप से मिट्टी में मौजूद खरपतवार और फसल के लिए नुकसानदायक कीट इत्यादि को खत्म करता है वहीं मिट्टी भुरभुरी और उपजाऊ बनती है।

मौसम विभाग के मुताबिक छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश सहित 11 राज्यों में हीटवेव चलने की संभावना है लिहाजा ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विशेषज्ञों के अनुमान के मुताबिक भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण साल 2026 में देश का आर्थिक विकास लड़खड़ा सकता है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक देश के अनेक इलाकों में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है फलस्वरूप कृषि उत्पादकता और श्रम उत्पादकता में असर पड़ेगा जिससे महंगाई बढ़ेगी। 'दुबले पर दो अषाढ़ ' की कहावत चरितार्थ एक तरफ देश और दुनिया पश्चिम एशिया युद्ध के चलते ऊर्जा संकट और जरूरी जिंसों के किल्लत तथा महंगाई से जूझ रहा है वहीं दूसरी तरफ भीषण गर्मी ने इस मुसीबत को और भी बढ़ा दिया है। अर्थशास्त्रियों के मुताबिक देश में तापमान का यदि यही हालात रहे तो साल 2030 तो जीडीपी में 2.5 फीसदी से 4.5 फीसदी नुकसान होने की संभावना है वहीं 3.4 करोड़ लोगों की नौकरियों पर भी खतरे का अंदेशा है। भारत में भीषण गर्मी जनस्वास्थ्य के साथ - साथ देश के आर्थिक सेहत पर भी असर डाल रहा है।

गौरतलब है कि भारत में साल दर साल गर्मी नया रिकॉर्ड बना रहा है तथा अनेक राज्यों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस से उपर पहुंच गया है। राजस्थान, उत्तरप्रदेश और दिल्ली जैसे इलाकों में गर्मी ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और पारा 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। शहरों से लेकर गांवों में गर्मियों में बिजली की मांग बढ़ रही है फलस्वरूप ऊर्जा लागत में बढ़ोतरी के साथ ही बिजली कटौती करनी पड़ रही है जिसका असर औद्योगिक उत्पादन में पड़ रहा है। ' द लैंसेट ' के एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 1990-99 की तुलना में 2025 में 124 फीसदी अधिक घंटों का नुकसान हुआ है। काम करने के घंटों में नुकसान की वजह से जहां योजनाओं की लागत में बढ़ोतरी होती है वहीं कार्य पूर्णता अवधि भी प्रभावित होती है।

बीते कई सालों में यह पहला मौका है जब प्रचंड गर्मी और लू के थपेड़ों ने लोगों को यह सोचने के लिए मजबूर कर दिया है कि आगे क्या होगा? इस साल गर्मियों की शुरुआत में ही बढ़ते तापमान ने जनजीवन पर व्यापक असर डाला है फलस्वरूप स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां तय समय से पहले घोषित कर दिया गया। गर्मी ने इस बार पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों में अपना रौद्र रूप दिखाया है जो निश्चित तौर पर एक चेतावनी है।

बहरहाल भीषण गर्मी और लू के हालात को देखते हुए मौसम विभाग सहित अनेक राज्य सरकारों ने नागरिकों के लिए चेतावनी और सावधानी एलर्ट भी जारी किया है। गर्मियों में केवल लू ही सेहत के लिए संकट नहीं है बल्कि इस मौसम में पाचन तंत्र से संबंधित आंत्रशोथ, पीलिया, टायफाइड और मलेरिया से पीड़ित रोगियों की संख्या में इजाफा हो जाता है। गर्मी और लू के कारण सेहत पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के मद्देनजर बचाव के लिए लोगों को सचेत होने की जरूरत है।

अलबत्ता लू के शुरुआती लक्षण मिलने पर व्यक्ति को तुरंत ठंडे और हवादार कमरे में ले जाकर जीवन रक्षक या नमक - चीनी का घोल पिलाना चाहिए तथा पूरे शरीर में गीले कपड़े की पट्टी करना चाहिए अथवा ठंडे पानी से स्नान करवा कर तत्काल चिकित्सक के पास ले जाना चाहिए। हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति खाली पेट न रहे इसके अलावा ठंडी जगह या छांव से तुरंत तेज धूप में न निकलें।व्यक्ति जब भी धूप में निकलें सूती कपड़े, टोपी, स्कार्फ और धूप के चश्मे का प्रयोग करें तथा बार बार शिकंजी, पानी और छाछ का सेवन करते रहें इस सतर्कता से बहुत हद तक लू से बचाव और मौत से सुरक्षा संभव है।

विचारणीय है कि भारत के शहर ही नहीं बल्कि कस्बों और गांवों में भी तापमान लगातार बढ़ते जा रहा है। देश के शहर हीट आइलैंड बनने लगे हैं जहां दिन के साथ ही रातें भी काफी गर्म हैं।भीषण गर्मी के चलते अधिकांश शहर पेयजल और बिजली के संकट से जूझ रहे है।भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान 'आईआईटी' भुवनेश्वर ने देश के 140 शहरों में किए गए अपने अध्ययन में इन शहरों में 60 फीसदी बढ़ती गर्मी के लिए शहरीकरण, हरित क्षेत्र का घटना, पेड़ और जलस्त्रोतों का बड़ी तेजी से खत्म होना और बढ़ते कांक्रीटीकरण जैसे कारणों को जिम्मेदार माना है। इस अध्ययन में महानगरों सहित बड़े और मझोले शहरों को शामिल किया गया था। महानगरों और शहरों में बढ़ते मानव बसाहट के चलते हरित क्षेत्रों और नदियों व तालाबों को पाटकर वहां गगनचुंबी कांक्रीट के इमारतें, सड़कें और चौपाटी बनाई जा रही हैं जहां एयरकंडीशनर्स और रेफ्रिजरेटर्स का बहुतायत उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा बढ़ते तापमान के लिए औद्योगिकीकरण,बढ़ती जनसंख्या, जंगलों का विनाश, पर्यावरण प्रदूषण, वाहनों का अंधाधुंध प्रयोग, एयरकंडीशनर का बेतहाशा उपयोग, जलस्त्रोतों का घटना, जंगलों और नदियों में बेतहाशा खनन, कोयला आधारित बिजली घरों और उद्योगों का निर्माण सहित पहाड़ों और नदियों के प्राकृतिक स्वरूप को खत्म कर विकास योजनाओं को लागू करना जैसे कारण जवाबदेह हैं।

पृथ्वी के तापमान में लगातार बढ़ोतरी के चलते प्राकृतिक आपदाएं भी आ रही है जिसमें जान-माल का भारी नुकसान हो रहा है साल 2013 में उत्तराखंड के केदारनाथ की त्रासदी आज भी लोगों के जेहन में जिसमें लाखों लोगों की मौत हुई थी और सैकड़ों गांव तबाह हुए थे। इसके बाद अमूमन हर साल उत्तराखंड सहित अनेक पर्वतीय राज्यों में आपदाएं जारी है जिसके लिए मुख्य वजह इन इलाकों में बढ़ता तापमान है। हिमालय क्षेत्र में बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन के चलते ग्लेशियर पिघल रहे हैं फलस्वरूप जलतांडव हो रहा है। इसके अलावा इन क्षेत्रों में भूकंप, अतिवृष्टि, बाढ़, बादल फटने की घटनाएं लगातार कहर बरपा रही है।

तपती गर्मी के परिप्रेक्ष्य में मानवीय पहलुओं पर भी विचार आवश्यक है देश में एक वर्ग ऐसा है जो अपने घरों या दफ्तरों में कूलर या एसी की ठंडक में तपती गर्मी का मुकाबला कर लेते हैं लेकिन बहुतेरे ऐसे लोग भी हैं जिनका जीवन यापन दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर है। चिलचिलाती धूप में सड़कों पर भारी सामान ढोते या इमारतों को आकार देते मज़दूरों की बेबसी दिल में टीस पैदा करती है। सबसे करूण दृश्य यह कि लू के थपेड़ो के बीच महिला श्रमिक अपने दुधमुंहे बच्चे को आंचल में लपेटे सिर पर बोझ ढोए नजर आती है।

अलबत्ता आज की बढ़ती गर्मी हमें भविष्य की भयावहता की ओर इशारा कर रही है लिहाजा सरकार और समाज की अभी ही सचेत होने की जरूरत है। भारत में 2016 में 130 शहरों के लिए 'हीट एक्शन प्लान ' लागू किया गया था जिसका उद्देश्य लोगों को भीषण गर्मी से बचाना था। यह योजना पहले चरण में दिल्ली, चेन्नई, अहमदाबादऔर जयपुर सहित 20 शहरों में लागू किया था। विडंबना है कि बीस शहरों में से अकेले अहमदाबाद में ही इस योजना का असर दिखाई देता है बाकी जगह यह फाइलों में कैद है। नागरिक समाज भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महज रस्म अदायगी कर रही है जिसका परिणाम अंततोगत्वा आने वाली पीढ़ी को ही भोगना होगा।

अहंकार ही अज्ञान है

संकलित

दर्शन

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं।

एक गलत काम जीवन की तपस्या बर्बाद कर सकता है

संकलित

प्रेरणा

प्रसंग के अनुसार एक दिन महावीर स्वामी प्रवचन दे रहे थे और सभी शिष्य सुन रहे थे। प्रवचन के बीच-बीच में कुछ शिष्य प्रश्न भी पूछ रहे थे और महावीर जी उनके उत्तर दे रहे थे। एक शिष्य ने पूछा कि व्यक्ति कब अपने आचरण से गिर जाता है? कौन से काम हैं, जिनकी वजह से पतन होता है? क्या कोई एक काम है या कई ऐसे काम हैं? महावीर स्वामी ने कहा कि मैं उत्तर दूं, उससे पहले यहां बैठे अन्य शिष्य इस प्रश्न का उत्तर दीजिए। स्वामी जी की बात सुनकर एक शिष्य ने कहा कि अहंकार पतन का सबसे बड़ा कारण है। एक ने कहा कि कामवासना से सबकुछ बर्बाद हो जाता है। किसी ने लालच को बड़ी बुराई बताया तो किसी ने गुस्से को पतन का कारण बताया। महावीर जी ने सभी की बात ध्यान से सुनी। फिर पूछा कि बताइए अगर आपके पास एक कमंडल है, उसमें पानी भर दें और उसे नदी में छोड़ दें तो क्या वह डूबा जाएगा? शिष्यों ने कहा कि अगर कमंडल का आकार सही है तो वह डूबेगा नहीं, तैरेगा। महावीर जी ने पूछा कि अगर उसमें छेद कर दिया जाए तो? शिष्यों ने कहा कि फिर तो वह डूब ही जाएगा। महावीर जी बोले कि क्या छेद के आकार से कोई फर्क पड़ेगा? शिष्य बोले कि अगर छेद छोटा होगा तो कमंडल थोड़ी देर से डूबेगा और छेद बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। छेद की वजह से कमंडल जरूर डूब जाएगा। महावीर जी ने कहा कि बस यही बात मैं समझाना चाहता हूं। हमारा शरीर एक कमंडल की तरह ही है और बुराइयां छेद की तरह होती हैं। अगर अवगुण छोटा सा भी हुआ तो हमारा जीवन बर्बाद हो सकता है।

अंतर्मन



आज की पाती

ऊर्जा क्रांति की नई पारदर्शी शुरुआत

दुनिया तेजी से स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रही है और इसी दिशा में सिंगापुर की एक यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने ऐसी अल्ट्रा-थिन सोलर सेल विकसित की है, जो आने वाले वर्षों में ऊर्जा उत्पादन की पूरी तस्वीर बदल सकती है। यह तकनीक इतनी पतली है कि इनसान के बाल के 10,000वें हिस्से जितनी मोटाई में भी बिजली पैदा कर सकती है। खास बात यह है कि यह सोलर सेल पारदर्शी और रंगहीन है, इसलिए इसे खिड़कियों, कारों की विंडशील्ड, मोबाइल स्क्रीन, स्मार्ट ग्लास और ऊंची इमारतों के कांच पर आसानी से लगाया जा सकता है। अब तक सोलर ऊर्जा का मतलब बड़े और भारी पैनल माने जाते थे, जिन्हें छतों पर लगाने के लिए पर्याप्त जगह चाहिए होती है। नई तकनीक 'बिल्डिंग इंटीग्रेटेड फोटोवोल्टिक' अवधारणा को नई गति दे सकती है।

\- **मदन जोशी**, बिलासपुर

ट्रेंड

छात्रों का भविष्य



जब मोदी जी इटली में मिठाइयां बांटते हुए रील बना रहे थे, तब भारत में पेपर लीक से परेशान युवा सड़कों पर उतरकर न्याय की मांग कर रहे थे। क्योंकि एनईटी पेपर लीक ने लाखों छात्रों का भविष्य बर्बाद कर दिया है।

\- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

ज़हरीली बयानबाज़ी

कांग्रेस की राजनीति अब विचारों से नहीं, बल्कि ज़हरीली बयानबाज़ी से प्रेरित है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री के विरुद्ध घटिया भाषा का प्रयोग करना, यह दर्शाता है कि कांग्रेस ने न केवल सत्ता खोई है, बल्कि अपने मूल्य भी खो दिए हैं।

\- **स्मृति ईरानी**, पूर्व केंद्रीय मंत्री

महिला सीमा रक्षक

मिशनवंदेमातरम के तहत, बीएसएफ की पहली महिला सीमा रक्षकों ने माउंट एवरेस्ट की चोटी पर तिरंगा फहराकर अदम्य साहस और अटूट संकल्प का उदाहरण पेश किया है। उन्होंने साबित कर दिया है कि बेटियों की आकांक्षाओं से ऊंची कोई चोटी नहीं होती। आप पूरे देश का गौरव हैं।

\- **नीतीश कुमार**, पूर्व सीएम, बिहार

गैरजिम्मेदाराना बयान

एनटीए अध्यक्ष प्रदीप जोशी ने संसदीय समिति के समक्ष कहा है कि उन्हें एनईटी परीक्षा में पेपर लीक होने की बात पर विश्वास नहीं है। एक ओर तो एनटीए ने परीक्षा रद्द कर दी है, वहीं एनटीए अध्यक्ष ऐसे गैरजिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं।

\-**अशोक गहलोत**, पूर्व सीएम, राजस्थान

करंट अफेयर

पाक-चीन संबंधों के 75 वर्ष पूर्ण, जारी होगा स्मारक सिक्का

पाकिस्तान ने चीन के साथ राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 75 पाकिस्तानी रुपये का एक विशेष स्मारक सिक्का जारी करने की घोषणा की है। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना के दो साल से भी कम समय में 1951 में पाकिस्तान और चीन ने औपचारिक राजनयिक संबंध स्थापित किए। पाकिस्तान पहला मुस्लिम राष्ट्र था जिसने बीजिंग के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि यह स्मारक सिक्का 25 मई से देश भर में स्थित उसके बैंकिंग काउंटरों के माध्यम से जनता के लिए उपलब्ध होगा। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ' 'पाकिस्तान और चीन के राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, पाकिस्तान सरकार ने 75 रुपये का एक स्मारक सिक्का जारी करने का निर्णय लिया है। यह सिक्का 25 मई, 2026 से एसबीपी बैंकिंग के काउंटरों के माध्यम से आम जनता के लिए उपलब्ध होगा।' ' पाकिस्तान और चीन को व्यापक रूप से ' 'सदाबहार सहयोगी' ' के रूप में वर्णित किया जाता है, और दोनों देशों के बीच दशकों से रक्षा, अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे और कूटनीतिक मामलों में घनिष्ठ सहयोग है।

ऑफ बीट

सब कुछ कार्बनमुक्त करना असंभव है, लेकिन क्यों



किसी भी सुपरमार्केट में कदम रखते ही आप चारों ओर कार्बन से घिरे होते हैं। यह वह कार्बन नहीं है जिसे जलवायु रिपोर्टों में पीपीएम यानी 'पाट्‌र्स पर मिलियन' में मापा जाता है, बल्कि यह कार्बन का सबसे ठोस रूप है। शैम्पू की बोतल की पॉलीमर परत, छत की टाइलों के पीछे की इन्सुलेशन, और आपके बैग में प्रयुक्त सिंथेटिक फाइबर... कार्बन ही तो है। ये वस्तुएं जीवश्म ईंधन युग की अनजानी उपज नहीं हैं। ये इसके दूसरे चरण का हिस्सा हैं, जो जलने जितना स्पष्ट नहीं है लेकिन उतना ही महत्वपूर्ण है। वैश्विक नेट-जीरो चर्चा लगभग पूरी तरह ऊर्जा तक ही सीमित रही है। यह दृष्टिकोण आवश्यक है, लेकिन इसके पीछे एक मान्यता है, जिसे शायद ही कभी जांचा जाता है: कि जीवाश्म ईंधन से मिलने वाली केवल वही चीज़ महत्वपूर्ण है जो जलने पर ऊर्जा के रूप में निकलती है। वास्तव में, लगभग 15-20 प्रतिशत जीवाश्म ईंधन कभी जलाया ही नहीं जाता। यह आधुनिक जीवन की भौतिक संरचना में बदल जाता है: प्लास्टिक, पॉलीमर, उर्वरक, चिपकने वाले पदार्थ, सॉल्वेंट और सिंथेटिक वस्त्र। जब ये उत्पाद जलाए, अपघटित किए या त्यागे जाते हैं, तो उनका कार्बन वातावरण में लौटता है, जो वैश्विक गर्मी में योगदान देता है। यह योगदान वास्तविक है, बढ़ रहा है, और अधिकांश मुख्यधारा के नेट-जीरो लेखांकन में लगभग पूरी तरह अनुपस्थित है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

रायपुर
शनिवार 23 मई 2026
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी
वर्ष : 24, अंक : 302
पृष्ठ : 16+4+4 = 24 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 44.2
न्यून. 30.0

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

गांजा-ड्रग्स के हर माह 100 मामले, सुनवाई में तेजी लाने बिलासपुर रायपुर और सरायपाली में अब तीन नए स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट

- राजधानी में ड्रग प्रकरण की सुनवाई के लिए तीन कोर्ट
- नए एनडीपीएस कोर्ट शुरू होने से मादक पदार्थ मामलों की सुनवाई में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

राज्य में पड़ोसी राज्यों से बड़े पैमाने पर गांजा सहित अन्य मादक पदार्थों की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार तस्करों की सुनवाई में तेजी लाने तीन जिले बिलासपुर, रायपुर तथा महासमुंद के सरायपाली में तीन एक्सक्लूसिव स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट खोला गया है। राज्य सरकार की मंजूरी के बाद विधि एवं विधायी कार्य विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है और 11 मई से एक्सक्लूसिव स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट प्रभावी माना गया है। आंकड़े बता रहे हैं कि राज्यभर में हर माह 100 से ज्यादा मामले आ रहे हैं। उच्च न्यायालय की सहमति से एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 36(2) के तहत गठित ये विशेष अदालतें अब केवल मादक ▶▶ शेष पेज 9 पर

इन न्यायाधीशों को मिली जिम्मेदारी

राज्य शासन द्वारा रायपुर में गठित एक्सक्लूसिव स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट की जिम्मेदारी दसवीं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश किरण थवाइत को सौंपी गई है। बिलासपुर में तृतीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश किरण त्रिपाठी को विशेष न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। वहीं महासमुंद जिले के सरायपाली क्षेत्र के लिए प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश पवन कुमार अग्रवाल को विशेष न्यायाधीश बनाया गया है। अधिसूचना के अनुसार इन अदालतों का अधिकार क्षेत्र संबंधित सिविल जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा तय कार्य विभाजन के अनुरूप रहेगा।

एनडीपीएस के प्रदेश में वर्षवार दर्ज प्रकरण

वर्ष	केस
2018	712
2019	707
2020	875
2021	1123
2022	1155
2023	1286
2024	1330

21 नए पदों को मंजूरी

एक्सक्लूसिव स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट के संचालन के लिए राज्य शासन ने कुल 21 नए पदों के सृजन को भी मंजूरी दी है। इनमें तीन अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, तीन स्टेनोग्राफर, तीन रीडर ग्रेड-1, तीन एक्जिक्यूशन क्लर्क, तीन डिपोजिशन राइटर, तीन प्रोसेस राइटर और तीन भृत्य के पद शामिल हैं। इन पदों के लिए वित्त विभाग ने आकस्मिकता निधि से प्रतीकात्मक 100 रुपए के अग्रिम व्यय की स्वीकृति दी है। इसकी प्रतिपूर्ति वर्ष 2026-27 के अनुपूरक बजट में की जाएगी।

हाईकोर्ट ने जारी किए निर्देश

हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल रजनीश श्रीवास्तव द्वारा जारी आदेश में संबंधित जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही नियुक्त न्यायाधीशों को 11 मई 2026 को नए पद का कार्यभार ग्रहण करने कहा गया है। कानूनी जानकारों के अनुसार अलग एनडीपीएस अदालतों के गठन से मादक पदार्थों से जुड़े मामलों की सुनवाई में तेजी आएगी और लंबित मामलों का बोझ कम होगा। प्रदेश में बीते कुछ वर्षों में ड्रग तस्करी और प्रतिबंधित पदार्थों की बरामदगी के मामलों में लगातार वृद्धि हुई है। इसी वजह से विशेष अदालतों की मांग लंबे समय से उठ रही थी।

खबर संक्षेप

बंगाल : 1 जून से महिलाओं को सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य की महिलाओं के लिए बड़ी घोषणा की है। 1 जून 2026 से राज्य संचालित सभी बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जाएगी। यह योजना छोटी दूरी से लेकर लंबी दूरी तक चलने वाले सभी रूटों पर लागू होगी। सरकार के मुताबिक, सार्वजनिक परिवहन सेवा के तहत चलने वाली राज्य संचालित बसों की सभी श्रेणियों में महिलाएं बिना किराया दिए सफर कर सकेंगी।

एवरेस्ट से उतरते वक्त दो पर्वतारोहियों की मौत

काठमांडू। एवरेस्ट के शिखर से उतरते वक्त दो भारतीय पर्वतारोहियों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नेपाल अभियान संचालक संघ के महासचिव ऋषि भंडारी ने बताया कि अरुण कुमार तिवारी और संदीप अरे नामक पर्वतारोही शिखर से नीचे आते समय बुरी तरह थक गए थे, गाइड ने उन्हें बचाने के बहुत प्रयास किए लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

दिल्ली दंगे के आरोपी उमर को 3 दिन की जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली दंगा साजिश मामले में 7 साल से जेल में बंद आरोपी उमर खालिद को 3 दिन की अंतरिम जमानत दी। जमानत 1 जून सुबह 7 बजे से 3 जून शाम 5 बजे तक प्रभावी रहेगी। खालिद को इसके लिए 1 लाख रुपए का निजी मुचलका भरना होगा। हाईकोर्ट ने कहा- उमर को पहले भी पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए अंतरिम जमानत मिल चुकी है।

न्यू मैक्सिको में संदिग्ध घातक पदार्थ, 3 मरे

माउंटेनएयर। अमेरिका के न्यू मैक्सिको के एक ग्रामीण इलाके में संदिग्ध घातक पदार्थ के संपर्क में आने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि सूचना पाकर मौके पर पहुंचे 12 से अधिक लोगों को एहतियातन पृथकवास में रखकर उनकी जांच की गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। न्यू मैक्सिको पुलिस ने बताया कि अल्बुक्वेर्क के पूर्व में स्थित एक घर में चार लोग अचेत अवस्था में मिले, जिनमें से तीन की मौत हो गई। एक व्यक्ति का अल्बुक्वेर्क के एक अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

प्रयागराज : दो कारों की भिड़ंत, तीन लोगों की मौत

प्रयागराज। यमुना नगर के नैनी थाना क्षेत्र में लेप्रोसी चौराहे के पास शुक्रवार को दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस उपायुक्त (यमुना नगर) विजय आनंद ने बताया कि लेप्रोसी चौराहे के पास एक कार रीवा की तरफ जा रही थी और दूसरी कार रीवा से शहर की ओर आ रही थी।

रशियन ऑयल पर खींचतान के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा

भारत को जितना तेल और गैस चाहिए उतना देने के लिए अमेरिका हुआ तैयार

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, होर्मुज स्ट्रेट में संकट और ग्लोबल ऑयल सप्लाई पर मंडरा रहे खतरे के बीच अमेरिका ने भारत को लेकर बड़ा संदेश दिया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने नई दिल्ली रवाना होने से पहले कहा कि अमेरिका भारत को 'जितना तेल और गैस चाहिए, उतना देने' के लिए तैयार है। रुबियो ने एक और बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज अगले हफ्ते भारत दौरे पर आएंगी, जहां तेल सप्लाई और ऊर्जा सहयोग को लेकर अहम बातचीत होगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत दुनिया के सबसे बड़े कच्चे तेल आयातकों में से एक है और उसकी बड़ी ऊर्जा जरूरतें मध्य पूर्व से पूरी होती हैं। लेकिन ईरान संकट और होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही पर असर ने नई दिल्ली की चिंता बढ़ा दी है। ऐसे में अमेरिका खुद को भारत के लिए 'विश्वसनीय सप्लायर' के तौर पर पेश करना चाहता है। अमेरिका के मियामी में पत्रकारों से बातचीत के दौरान रुबियो ने कहा, 'हम भारत को जितनी ऊर्जा खरीदनी हो, उतनी बेचना चाहते हैं। अमेरिका इस समय रिकॉर्ड स्तर पर तेल और गैस का उत्पादन और निर्यात कर रहा है।' मियामी में रुबियो ने कहा कि अमेरिका पहले से ही भारत के साथ ऊर्जा सहयोग बढ़ाने को लेकर बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि अमेरिकी ऊर्जा भारत के आयात पोर्टफोलियो का बड़ा हिस्सा बने.' उन्होंने वेनेजुएला के ▶▶ शेष पेज 9 पर

- वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी भी आएंगी अगले हफ्ते

रुबियो आज से 26 मई तक रहेंगे भारत दौरे पर

भारत ऊर्जा सप्लाई को डाइवर्सिफाई कर रहा

अमेरिका की यह पहल ऐसे समय में सामने आई है जब भारत अपनी ऊर्जा सप्लाई को डाइवर्सिफाई करने में जुटा है। रूस से तेल खरीद बढ़ाने के बावजूद भारत की कोशिश ये है कि किसी एक क्षेत्र पर उसकी निर्भरता बहुत ज्यादा न हो. यही वजह है कि अमेरिका अब इस मौके को रणनीतिक तौर पर देख रहा है।

गोर ने ट्रेड डील पर दिया बड़ा बयान

अमेरिकी राजदूत ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का मकसद भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को इस तरह बढ़ाना है, जिससे अमेरिकी कंपनियों और वहां के कर्मचारियों को बड़े आर्थिक मौके मिल सकें. उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है और उम्मीद है कि बातचीत शुरू होने के करीब डेढ़ साल के भीतर यह समझौता पूरा हो सकता है।

क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी हिस्सा लेंगे रुबियो

रुबियो 23 से 26 मई तक भारत दौरे पर रहेंगे। यह उनका अमेरिकी विदेश मंत्री बनने के बाद पहला भारत दौरा होगा। चार दिवसीय दौरे में वे कोलकाता, आगरा, जयपुर और नई दिल्ली जाएंगे। उनके एजेंडे में ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा सहयोग, व्यापार और इंडो-पैसिफिक रणनीति जैसे मुद्दे शामिल हैं। नई दिल्ली में रुबियो क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी हिस्सा लेंगे। इस बैठक में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच इंडो-पैसिफिक सुरक्षा, समुद्री स्थिरता और सप्लाई चेन जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।

होर्मुज जलमार्ग बंद होने से तेल बाजार रेड जोन में : आईईए चीफ

इधर, ईरान और अमेरिका-इजरायल के युद्ध के कारण 4 मार्च से होमुर्ज जलमार्ग बंद है, इस कारण दुनिया तेल और गैस की कमी का सामना कर रही है। इसका असर वैश्विक शेयर बाजारों पर साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (आईईए) के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर फतेह बिरोल ने चेतावनी दी कि मिडिल ईस्ट से ताजे तेल निर्यात की कमी के बीच गर्मियों के यात्रा सीजन से पहले, जुलाई-अगस्त तक वैश्विक तेल बाजार रेड जोन में प्रवेश कर सकता है। उन्होंने दुनिया को चेताया है कि यह संकट आने वाले महीनों में और भी अधिक गंभीर हो सकता है। यह संकट ईरान संघर्ष से जुड़ी दिक्कतों और दुनिया के सबसे अहम ऊर्जा मार्गों में से एक से तेल के आवाजाही में कमी के कारण पैदा हुआ है।

एक जून को जारी होगी अधिसूचना आठ जून तक होंगे नामांकन

राज्यसभा की 26 सीटों पर 18 जून को चुनाव 2 सीटों पर उपचुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने राज्यसभा चुनाव के लिए तारीख का ऐलान कर दिया है। राज्यसभा में 12 राज्यों से खाली हो रही 26 सीटों पर चुनाव और उपचुनाव 18 जून को होंगे। महाराष्ट्र में सुनेत्रा अजित पवार और तमिलनाडु में सीवी षण्मुखम की सीट पर उपचुनाव होंगे। वहीं, 10 राज्यों की 24 सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव होने हैं। इन चुनाव के लिए अधिसूचना एक जून को जारी होगी। नामांकन आठ जून तक होंगे और मतदान 18 जून को सुबह नौ से शाम चार बजे तक होगा। मतगणना उसी शाम शुरू हो जाएगी। देर रात तक नतीजे आ जाएंगे। फिलहाल 244 सदस्यीय राज्यसभा में एनडीए के पास 149 सांसद हैं।

राज्यसभा से इन 24 सांसदों की होगी विदाई

बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह रिटायर, केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और जॉर्ज कुरियन राज्यसभा से रिटायर हो रहे हैं। आंध्र प्रदेश से 21 जून को अयोध्या रामी रेड्डी अल्ला, नाथवानी परिमल, पिल्लई सुभाषचंद्र बोस, सना सतीश बाबू रिटायर हो रहे हैं। गुजरात से रामभाई हारजीभाई मोकारिया, अमीन नरहरी हीराभाई, गोहिल शक्तिसिन्हजी हरिचंद्र सिन्हजी ओर रामिला बेचारभाई बारा रिटायर हो रहे हैं। झारखंड से दीपक प्रकाश और शिबू सोरेन रिटायर हो रहे हैं।

इन राज्यों में होंगे चुनाव

राज्यसभा सदस्यों के रिटायरमेंट से खाली होने वाली सीटों में आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और गुजरात से चार-चार, राजस्थान और मध्यप्रदेश से तीन-तीन, झारखंड से दो और अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय और मिजोरम से एक-एक सीट पर नियमित चुनाव होंगे।

छत्तीसगढ़ सहित देश के कई राज्यों में भीषण लू का अलर्ट

मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में मौसम के दो अलग मिजाज देखने को मिल रहे हैं। छत्तीसगढ़, यूपी, दिल्ली और झारखंड में भीषण गर्मी और लू का असर देखा जा रहा है। कई राज्यों में रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी है, जिससे लोगों का हाल बेहाल है। वहीं दूसरी तरफ दक्षिण व पूर्वोत्तर भारत में भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है।

आईएमडी ने शुक्रवार को अपने बुलेटिन में कहा कि अगले छह से सात दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों, मध्य और पूर्वी भारत और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में लू से लेकर भीषण लू की स्थिति बनी रहने की संभावना है। बुलेटिन में कहा गया कि विदर्भ, तटीय आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में 22 मई से 28 मई के बीच अलग-अलग तारीखों पर लू या भीषण लू की स्थिति बनी रहेगी। भाषा धीरज नेत्रपाल22 से 28 मई तक उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के कुछ इलाकों में लू चलने के आसार है।

यहां बारिश का एलर्ट

पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत के कई हिस्सों में भारी बारिश का दौर जारी रह सकता है। मौसम विभाग ने केरल, तमिलनाडु, लक्षद्वीप, सिक्किम और पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। कुछ इलाकों में तेज हवाओं और बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है। असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर और मिजोरम में गरज-चमक, बिजली और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली तेज हवाओं के साथ बारिश का अलर्ट है। वहीं अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और त्रिपुरा के कई इलाकों में 28 मई तक भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है।

उत्तर प्रदेश के 10 जिलों में 'रेड अलर्ट'

उत्तर प्रदेश के 10 जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। हिमाचल प्रदेश के चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला में बिजली गिरने, ओलावृष्टि और तेज आंधी की आशंका को देखते हुए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। जम्मू-कश्मीर में भी आंधी और बारिश का हाई अलर्ट जारी किया गया है। श्रीनगर, जम्मू, गुलमर्ग और पहलगाम जैसे प्रमुख इलाकों में 70 किलोमीटर प्रति घंटे की तूफानी रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

कमरौद गांव में बरगद के नीचे लगी मुख्यमंत्री की चौपाल, सीएम साय बोले- आज सरकार तुंहर दुआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

गांव का मुख्य चौराहा और बरगद की छांव....। महासमुंद जिले के बागबाहरा विकासखंड के ग्राम कमरौद में शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की चौपाल लगी। बड़े आत्मीय अंदाज में मुख्यमंत्री ग्रामीणों से रूबरू हुए और उनसे संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ सीधे बातचीत की और सरकारी योजनाओं ▶▶ शेष पेज 9 पर

- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की अनेक घोषणाएं, आत्मीयता ने ग्रामीणों का मन मोहा

नई सुविधाओं और विकास कार्यों की घोषणा

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जल्द ही ऑनलाइन शिकायत समाधान प्रणाली और टोल फ्री नंबर शुरू करेगी। वर्तमान में पंचायत स्तर पर लगभग 6000 अटल डिजिटल सेवा केंद्र काम कर रहे हैं। किसानों के लिए उन्होंने कहा कि खाद की कमी को दूर करने के लिए नैनो यूरिया के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री ▶▶ शेष पेज 9 पर

नीट केस में सीबीआई का बड़ा एक्शन

फिजिक्स पेपर लीक करने वाली मुख्य आरोपी महिला गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम 2026 पेपर लीक मामले में सीबीआई ने एक और बड़ी गिरफ्तारी की है। जांच एजेंसी ने महाराष्ट्र के पुणे से एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसे फिजिक्स के सवाल लीक करने का मुख्य स्रोत बताया जा रहा है। सीबीआई के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी का नाम मनीषा संजय हवलदार है। जांच एजेंसी के मुताबिक, जो सवाल मनीषा हवलदार ने शेयर किए थे, उनका मिलान नीट यूजी 2026 के असली फिजिक्स पेपर सेट से किया गया और दोनों में समानता पाई गई। इसी आधार पर सीबीआई ने उसे इस पूरे पेपर लीक नेटवर्क की अहम कड़ी माना है। बता दें कि सीबीआई ने इस मामले में देशभर के कई ठिकानों पर छापेमारी भी की है। तलाशी के दौरान कई अहम दस्तावेज, लैपटॉप, बैंक स्टेटमेंट और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।

फैसले के बाद पहले शुक्रवार को दूसरी मस्जिदों में हुई नमाज

शंखों की ध्वनि से मंगलमय हुई भोजशाला की महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

मध्यप्रदेश के धार में भोजशाला परिसर को उच्च न्यायालय द्वारा मंदिर घोषित किए जाने के एक सप्ताह बाद शुक्रवार को सैकड़ों हिंदू श्रद्धालुओं ने वहां 'महा आरती' में भाग लिया, जबकि मुसलमानों ने इस फैसले के विरोध में काली पट्टी बांधकर अपने घरों में नमाज अदा की। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद यह पहला जुम्मा था। हिंदू संगठनों ने इसे दो दशक से अधिक समय बाद परिसर में शुक्रवार को बड़े स्तर पर हुआ पहला धार्मिक आयोजन बताया। भोज उत्सव समिति और भोजशाला मुक्ति यज्ञ समिति ने परिसर में भजन-कीर्तन, धार्मिक कार्यक्रम और 'महा आरती' का आयोजन किया।

मां वाग्देवी का मंदिर करार दिया है कोर्ट ने विवादित परिसर को

2000 से ज्यादा पुलिसकर्मी थे तैनात

संवेदनशील स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने धार में करीब 2,000 सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया। ड्रोन निगरानी, सीसीटीवी निगरानी, वाहन जांच और मोबाइल गश्त भी की गई। धार के पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा ने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देशों का 'अक्षरशः पालन' किया गया और जिले में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

11वीं शताब्दी का है मंदिर

ग्यारहवीं शताब्दी के इस स्मारक की धार्मिक प्रकृति को लेकर विवाद उस समय उत्पन्न हुआ था जब मुस्लिम पक्ष ने इसे कमाल मौला मस्जिद बताया, जबकि हिंदू पक्षकारों का कहना था कि यहां परमार वंश के राजा भोज द्वारा निर्मित मंदिर था जिसे अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण के दौरान ध्वस्त कर दिया गया।

मुस्लिम समुदाय ने काली पट्टी बांधकर अदा की नमाज

परिसर के गर्भगृह और अन्य हिस्सों को रंगोली एवं फूलों से सजाया गया था तथा श्रद्धालु दर्शन और पूजा के लिए कतारों में नजर आए। हालांकि मुसलमानों ने उच्च न्यायालय के फैसले के विरोध में काली पट्टी बांधकर अपने घरों और निजी परिसरों में जुमे की नमाज अदा की। स्थानीय मुस्लिम नेता अब्दुल समद ने कहा कि समुदाय उच्च न्यायालय के फैसले का सम्मान करता है, लेकिन वह इससे संतुष्ट नहीं है। उन्होंने कहा, 'हमने शांतिपूर्वक विरोध दर्ज कराया।

दृश्यम 3 के स्क्रीनिंग के दौरान इमोशनल हुए मोहनलाल

मुंबई। मोहनलाल की मच अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 3' 21 मई को रिलीज हुई। खास बात यह है कि इसी दिन अभिनेता ने अपना 66वां जन्मदिन भी मनाया। फिल्म को लेकर लगातार शानदार रिव्यू सामने आ रहे हैं। इसी बीच मोहनलाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह दर्शकों का रिएक्शन देखकर इमोशनल हो जाते हैं। अपनी फिल्म 'दृश्यम 3' के फर्स्ट डे, फर्स्ट शो स्क्रीनिंग के दौरान मोहनलाल काफी इमोशनल नजर आए। वायरल वीडियो में मोहनलाल अपनी की टीम के साथ थिएटर में बैठे नजर आ रहे हैं। फैंस के साथ फिल्म का फर्स्ट डे, फर्स्ट शो देखते हुए अभिनेता काफी भावुक हो गए और अपनी आंखों से आंसू पोंछते दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने तालियां बजा रहे एक दर्शक का हाथ जोड़कर धन्यवाद भी किया।

लाइफ Style

रिद्धि
फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद न रखें

अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने हाल ही में एक पोस्ट साझा की है, जिसमें वह युवा लड़कियों को एक खास मैसेज दे रही हैं। यह संदेश कहीं ना कहीं जाकर मॉडल ट्विशा शर्मा मौत मामले से जुड़ता है। बीते दिनों भोपाल से एक मॉडल ट्विशा शर्मा की मौत की खबर आई। रिपोर्ट में पुष्टि हुई थी कि ट्विशा की मौत फांसी लगाने से हुई, यह मामला अब दहेज जैसी कुप्रथा से जाकर भी जुड़ गया है। इस मामले पर कई सेलेब्स भी रिएक्ट कर चुके हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिद्धि डोगरा की पोस्ट भी इसी मामले से जुड़ी हुई लगती है। वह अपनी पोस्ट में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनने की सीख दे रही हैं, फेमिनिज्म का असली मतलब बता रही हैं। रिद्धि डोगरा ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'युवा लड़कियों और लड़कों यह 2026 है। प्लीज शादी को जरूरत से ज्यादा रोमांटिक बनाना बंद करें। अब शादी पहले जैसी नहीं रही। लड़कों को यह समझना चाहिए कि लड़कियां अब हर बात पर आंख बंद करके विश्वास नहीं करेंगी, क्योंकि कानून और समाज ने उन्हें सशक्त बनाया है। आज वे नौकरी कर सकती हैं। समाज में सम्मान से जी सकती हैं। इसलिए उन्हें किसी पर निर्भर होकर जीने की जरूरत नहीं है। लड़कियों को शादी की जरूरत जिंदगी चलाने के लिए नहीं है।' रिद्धि आगे लिखती हैं, 'लड़कियों प्लीज यह उम्मीद मत रखिए कि शादी के बाद आपका बॉयफ्रेंड कोई मिस्टर परफेक्ट बन जाएगा। वे भी इंसान है। इस नई दुनिया को समझने की कोशिश कर रहा है। उनके लिए यह बदलाव और भी नया है, क्योंकि उन्होंने एक अलग समाज देखा है, जहां पुरुषों से अलग उम्मीदें रखी जाती थीं। एक बार फिर कहूंगी, आप किसी फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद मत रखिए। खुद को शिक्षित बनाइए। अपने लिए जीना सीखिए और अपने लिए खड़े होना सीखिए। शादी प्यार और सम्मान के लिए कीजिए।' रिद्धि ने शादी में किसे दूसरे के दखल को लेकर भी कुछ काफी कुछ लिखा।

हॉलीवुड मसाला

रिकी के लाइव शो में मचा बवाल...

लॉस एंजिल्स। सिंगर रिकी मार्टिन के कॉन्सर्ट के फैंस दीवाने हैं। उनके लाइव टूर के दौरान एक फैन ने ऐसी हरकत कर दी, जिससे कॉन्सर्ट के रंग में भंग पड़ गया। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति पर जल्द काबू पा लिया। जिसके बाद कॉन्सर्ट दोबारा शुरू कर दिया गया। गायक रिकी मार्टिन का इन दिनों एक लाइव टूर पर हैं। जिस वजह से मॉन्टेनेग्रो में उनके एक शो का आयोजन हुआ था। फैंस स्टेज के नीचे उनके गानों पर झूम रहे थे। सिंगर स्टेज पर गा रहे थे। उसी दौरान एक फैन ने स्टेज की तरफ आंसू गैस का छिड़काव कर दिया। जिससे शो के दौरान अफरा- तफरी मच गई। जिसके बाद मार्टिन को स्टेज से सुरक्षित ग्रीन रूम में ले जाया गया। दूसरी तरफ सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों नें स्थिति सामान्य कर ली। रिकी मार्टिन ने अपने करियर की शुरुआत 12 साल की उम्र में।

स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे में काम करना सपनों जैसा

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड स्टार जेंडाया और टॉम हॉलैंड फिल्मी दुनिया के मशहूर कपल हैं। दोनों पार्टनर होने के साथ-साथ को स्टार्स भी हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने टॉम हॉलैंड के साथ अपनी आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' की शूटिंग के दौरान के अनुभव साझा किए। एक्ट्रेस जेंडाया ने एक इंटरव्यू में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'फिल्म 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' में काम करना मेरे लिए एक सपने जैसा है। यहां मुझे हर दिन अपने सबसे अच्छे दोस्त और सबसे करीबी व्यक्ति के साथ काम करने का मौका मिलता है। हम अपने पेट डॉग को भी काम पर लाते हैं। यह एक पारिवारिक माहौल जैसा है। हम इन फिल्मों को देखते हुए बड़े हुए हैं। इस फिल्म के सेट पर घर लौटने जैसा महसूस होता है।' जेंडाया ने अपनी और टॉम की दूसरी फिल्म 'द ओडिसी' के बारे में भी काफी कुछ कहा। उन्होंने बताया कि इसमें टॉम के साथ उनका कोई एक्शन सीन नहीं है जिससे उन्हें टॉम को सेट पर काम करते देखने का मौका मिलता है। उन्हें इस फिल्म पर काम करते देख उन्हें गर्व महसूस होता है। बता दें, 'द ओडिसी' 17 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसमें जेंडाया ने एथेना का किरदार निभाया है जो ज्ञान की देवी है और ओडीसियस की रक्षक भी।



बॉस्को और प्रियंका की दोस्ती के हुए 25 साल

मुंबई। मशहूर बॉलीवुड कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस ने सोशल मीडिया पर ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा के साथ अपनी कई खूबसूरत तस्वीर शेयर की हैं। दोनों के कामकाजी रिश्ते को 25 साल पूरे हो चुके हैं, जिसका जश्न मनाते हुए बॉस्को ने एक खास पोस्ट और नोट सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बॉस्को की इस पोस्ट पर प्रियंका ने दिलचस्प जवाब दिया है। बॉस्को मार्टिस ने इंस्टाग्राम पर अपने साथ प्रियंका चोपड़ा की कई तस्वीरें और सेल्फी शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ बॉस्को ने कैप्शन में लिखा, '25 साल पूरे और यह सफर आगे भी जारी रहेगा। प्रियंका, आपकी एनर्जी कमाल की है। आपके साथ काम करना हमेशा बहुत मजेदार होता है।' इस तस्वीर में प्रियंका चोपड़ा सफेद रंग की स्टाइलिश ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जबकि बॉस्को ब्लैक कपड़ों और कैप में कूल नजर आ रहे हैं।

सुहाना के जन्मदिन पर अनन्या शनाया ने लुटाया प्यार

मुंबई। शुक्रवार को शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान ने अपना 26वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर सुहाना खान की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे और शनाया कपूर ने सोशल मीडिया पर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।शनाया कपूर ने अपनी सबसे अच्छी दोस्त सुहाना खान को जन्मदिन की बधाई देते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दोनों रंग-बिरंगी यूरोपीय इमारतों और नावों के सामने एक साथ पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ शनाया ने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे माई सु। लव यू फॉर लाइफ। जिंदगी भर के लिए ढेर सारा प्यार। सुहाना ने शन्या की इस पोस्ट को लाइक किया और इसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दोबारा शेयर किया। अनन्या पांडे ने भी अपनी दोस्त सुहाना को जन्मदिन की खास बधाई देते हुए इंस्टाग्रम स्टोरी पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की है।

टीवी मसाला

महिलाओं की सबसे बड़ी मुश्किल हल करती है 'हूज योर' सीरीज

नई दिल्ली। महिलाओं के यौन स्वास्थ्य से जुड़े कई मिथ्य, रूढ़ियां, और संकोच होते हैं, जो आज के प्रोग्रेसिव समय में भी देखने को मिलते हैं। हूज योर गायनेक सीजन एक स्त्री रोग विशेषज्ञ के जरिए इन्हीं समस्याओं पर गहरी बात करती है। साल 2023 में आई सबा आजाद की वेब सीरीज हूज योर गायनेक का आधार महिलाओं के यौन समस्याओं के प्रति जागरुकता थी। अब एमएक्स प्लेयर पर आया दूसरा सीजन उन समस्याओं को लेकर आया है, जिसे ज्यादातर महिलाएं इग्नोर करती हैं। कहानी पहले सीजन से आगे बढ़ती है। इस बार डॉक्टर विदुषी (सबा आजाद) के सामने नई चुनौतियां हैं। इस बार लव लाइफ तो ट्रैक पर है, लेकिन करियर पर खतरा मंडरा रहा है। उसे अपना क्लीनिक बचाना है, जिसका रेंट भरने तक के उसके पास पैसे नहीं है और क्लीनिक बंद होने की कगार पर आ खड़ा है। साथ ही साथ वह अपनी उस बेस्ट फ्रेंड को मदरहुड गिल्ट व पोस्टपार्टम डिप्रेशन से बाहर निकालने की कोशिश करती है, जिसकी डिलीवरी उसने की है। पांच एपिसोड्स के जरिए डॉक्टर विदुषी निजी जिंदगी में चुनौतियों के साथ-साथ महिलाओं के यौन संबंधी समस्याओं पर गहरी बात करती है। सीरीज में अलग-अलग केस के जरिए मदर गिल्ट, पोस्टपार्टम डिप्रेशन, हार्मोनल डिसबैलेंस के चलते बेबी कंसीव न करना, पीरियड इंटीमेसी मिथ्य, सेल्फ केयर, आइडेंटिटी, बढ़ती उम्र में पीरियड के खत्म होने के दौरान महिलाओं को होने वालीं दिक्कतें, सी-सेक्शन कराने का डर समेत कई समस्याओं को दिखाया गया है।

खतरों के खिलाड़ी 15 में भिड़ेंगे ये प्रतिभागी

नई दिल्ली। इस बार टीवी और फिल्मों के चर्चित सेलेब्स 'खतरों के खिलाड़ी 15' का हिस्सा बन रहे हैं। शो के होस्ट रोहित शेट्टी के साथ सभी प्रतियोगी साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो चुके है। 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। इसमें भाग लेने वाले 13 प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं। गौरव खन्ना टीवी के चर्चित एक्टर हैं, कई हिट सीरियल्स का वो हिस्सा रहे हैं। सीरियल अनुपम से उन्हें खूब पॉपुलैरिटी मिली। सीरियल 'बालिका वधू' के जरिए अविका गौर घर-घर मशहूर हुईं। सीरियल 'ये हैं मोहब्बतें' में रूही का किरदार रुहानिका धवन ने निभाया था, इस सीरियल में उन्होंने चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम किया। अब वह बड़ी हो चुकी हैं। मॉडल, एक्ट्रेस फराहान भट्ट रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' का हिस्सा बनकर लाइमलाइट में आई थीं। एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन भी टीवी सीरियल की दुनिया का जाना-माना नाम हैं। वह टीवी एक्टर अली गोनी को डेट कर रही हैं। जैस्मिन अपने चुलबुले अंदाज के लिए जानी जाती हैं। ओरी सोशल मीडिया पर एक इंफ्लुएंसर के तौर पर फेमस हैं।

आराध्या संग कान फेस्टिवल के लिए रवाना हुईं ऐश्वर्या

मुंबई। ऐश्वर्या राय हाल ही बेटी आराध्या के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं और कहा जा रहा है कि वह कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत करने गई हैं। पिछले दिनों जब ऐश्वर्या उस इंटरनेशनल कॉस्मेटिक ब्रांड के वीडियो में नहीं दिखीं, जिसकी वह कई साल से एंबेसेडर हैं और Cannes में प्रमोट करती रही हैं, तो फैंस भड़क गए थे। ऐश्वर्या भी पब्लिक की नजरों से गायब थीं, जबकि कान के रेड कार्पेट पर आलिया भट्ट से लेकर बाकी सेलेब्स नजर आ रहे थे। यहां तक कि आलिया का पोस्टर भी ब्रांड के वीडियो में था। अब जब ऐश्वर्या कान जाने के लिए निकलीं और एयरपोर्ट पर नजर आईं, तो फैंस खुशी से झूम उठे। हालांकि, मुंबई एयरपोर्ट पर कुछ ऐसा हुआ, जिससे खुद ऐश्वर्या तो चौंक गईं पर उनके जेस्चर ने फैंस का दिल जीत लिया। दरअसल, जब ऐश्वर्या एयरपोर्ट पर पहुंचीं, तो अफरा-तफरी में किसी की चप्पल वहां निकल गई। उसे देख ऐश्वर्या रुकीं और इशारा करके पूछा कि किसकी है और फिर पपाराजी से 'केयरफुल' रहने को कहा। इसके बाद एक फैन ने

ऐश्वर्या से तस्वीर खिंचवाने की गुजारिश की, तो वह हंसी-खुशी मान गईं। उसके साथ पोज दिए और पपाराजी को बाय बोलकर आगे बढ़ गईं। ऐश्वर्या जल्दी में थीं, फिर भी उन्होंने फैंस और पपाराजी को वक्त दिया। उनकी इसी अदा ने यूजर्स का दिल जीत लिया है।

पूजा ने आमिर के साथ साझा की पुरानी तस्वीरें

मुंबई। 90 के दशक की फिल्में, गाने और सेलेब्स की जोड़ियां आज भी सिनेमाप्रेमियों की पहली पसंद हैं। इस बीच अभिनेत्री व फिल्ममेकर पूजा भट्ट ने आमिर खान के साथ 90 के दशक की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरें किसी फोटोशूट की मालूम पड़ती हैं। हालांकि, पूजा ने इन तस्वीरों के पीछे की कहानी को लेकर जो कुछ कहा है, उसको लेकर फैंस और भी उत्साहित हैं और इनके पीछे की कहानी जानना चाहते हैं। पूजा भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर आमिर खान के साथ 90 के दशक के एक फोटोशूट की दो तस्वीरें साझा की हैं। ये पुरानी तस्वीरें मशहूर फोटोग्राफर गौतम राज्याध्यक्ष ने खींची थीं। इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पूजा ने कैप्शन में लिखा, 'एक दिन मैं गौतम राज्याध्यक्ष के ह्यूजेस रोड स्थित आलीशान घर की बालकनी में खींची गई इन तस्वीरों के पीछे की कहानी जरूर साझा करूंगी। लेकिन, अभी नहीं। इससे पहले आमिर को याद दिला दूं और जितेश पिल्लई को (जैसा कि मैंने बहुत समय पहले वादा किया था) सारी जानकारी देकर उन्हें खुश कर दूं। तस्वीरों में आमिर और पूजा यंग नजर आ रहे हैं। दोनों ने मैचिंग करते हुए सफेद रंग के कपड़े पहने हुए हैं। दोनों साथ में प्यारा पोज दे रहे हैं। पूजा भट्ट और आमिर खान ने 1991 की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दिल है के मानता नहीं' में एक साथ काम किया था। इसका निर्देशन पूजा भट्ट के पिता और दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट ने किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी और इसके गाने आज भी कई लोगों की प्लेलिस्ट में शामिल हैं। फिल्म में आमिर ने पत्रकार रघु जेटली का किरदार निभाया था, जबकि पूजा ने अमीर घर की वारिस पूजा धर्मचंद की भूमिका निभाई थी। पूजा भट्ट हाल ही में 'बॉम्बे बेगम्स' और 'बिग बॉस ओटीटी 2' जैसे प्रोजेक्ट्स में नजर आईं। जबकि आमिर खान पिछले साल आई फिल्म 'सितारे जमीन पर' में नजर आए थे। इसके अलावा उन्होंने हाल ही में अपने बेटे जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' को प्रोड्यूस किया था। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी।

खास अंदाज में दिखे सितारे

बहुत पसंद किया गया यह गाना, लिरिक्स में छिपा है पिता का दर्द

बेटे से बिछड़ने के गम में लिखा गाना, लव सॉन्ग समझकर गाते हैं लोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आ लौट के आजा मेरे मीत... गाना सुनकर ज्यादातर लोगों को लगता है कि यह प्रेमी-प्रेमिका के विरह का गाना है। पर इस गाने के बनने की कहानी बेहद इमोशनल करने वाली है। हकीकत जानने के बाद जब आप इसके बोल ध्यान से पढ़ेंगे तो अहसास होगा कि इसमें एक पिता का दर्द छिपा है। यह गाना रानी रूपमति का है। इसे पंडित भरत व्यास ने लिखा था। यही नहीं, उनका एक और गाना अपने बेटे से बिछड़ने के बाद का जिनमें एक पिता की पीड़ा महसूस की जा सकती है। यह कहानी कम लोग जानते हैं।

बेटे की याद में आ लौट के आ जा मेरे मीत

इसके बाद रानी रूपमति के गाने 'आ लौट के आ जा मेरे मीत' में भी भरत व्यास ने बेटे की याद में लिखा था। अब आप जब इस गाने को सुनेंगे या लिरिक्स पढ़ेंगे तो उनका कलेजा चीरने वाला दर्द साफ पता चलेगा। यह गाना बहुत पसंद किया गया। अच्छी बात यह थी इसके बाद उनका बेटा वापस आ गया।

ऐसे लिखा जरा सामने तो आ छलिए

बच्चे की तलाश जारी थी। हर जतन किया जा रहा था। दूसरी ओर भरत व्यास का काम से मन हट गया। वह गुमसुम रहने लगे और चिड़चिड़े हो गए। बताया जाता है कि एक दिन एक प्रोड्यूसर ने उनसे गाना लिखने की दरख्वास्त की। भरत परेशान थे, उन्होंने गुस्से में ना कह दिया। उनकी पत्नी ने निर्माता से कहा कि वह उन्हें समझाएंगी। भरत की पत्नी ने उन्हें समझाया तो वह राजी हो गए। भरत व्यास ने 'जरा सामने तो आ ओ छलिए' गाना अपने बेटे की याद में लिखा। गाने को लता मंगेशकर और मोहम्मद रफी ने गाया।

पिता की वेदना से निकला था गाना

आ लौट के आजा मेरे मीत, जरा सामने तो आओ छलिये ये दो गाने भरत व्यास ने अपने बेटे से बिछड़ने के बाद लिखे थे। 1957 की म्यूजिकल हिट 'जनम जनम के फेरे' का एक गाना आज तक सुना जाता है। फिल्म रिलीज के वक्त यह रेडियो पर प्रसारित होता था और लोगों ने इसे बहुत पसंद किया। गाना दिल की गहराई तक उतरता है। कम लोग जानते हैं कि गाने को बोलों में छिपी वेदना एक पिता की संवेदना से आई थी। गाना भरत व्यास ने उस वक्त लिखा था जब वह अपने बेटे के रूठकर कहीं चले जाने के दर्द से गुजर रहे थे।

नाराज होकर चला गया था बेटा

भरत व्यास का बेटा श्याम सुंदर दास बहुत लाडला था। छोटी-छोटी बातों का उस पर गहरा असर हो जाता था। एक दिन वह अपने पिता की किसी बात से नाराज हो गया। गुस्से में घर से चला गया। बेटे को बहुत खोजा गया। विज्ञापन दिए, पोस्टर लगाए। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे हर जगह प्रार्थना की। बेटा नहीं मिला। भरत व्यास इस दर्द में थे। बेटे के जाने का गम उन्हें खाए जा रहा था। वह डिप्रेशन में जाने लगे और अपराधबोध में आ गए।

घर के भीतर छिपा था मौत का रहस्य, गुमशुदा बहू की तलाश ने लिया सनसनीखेज मोड़

करीब 38 दिनों से एक युवती लापता थी। परिवार तलाश की बात कर रहा था, पुलिस गुमशुदगी की जांच में जुटी थी और गांव में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही थीं। लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि जिस युवती को लोग गांव-गांव खोज रहे हैं, उसका सुराग उसी घर के भीतर छिपा होगा। सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र के बांधाटोला गांव में उस समय सनसनी फैल गई, जब घर के अंदर बने सेप्टिक टैंक से उठती तेज बदबू ने पूरे मामले का रुख बदल दिया। बदबू इतनी तेज थी कि आसपास के लोगों को संदेह होने लगा।

सेप्टिक टैंक से उठी बदबू और खुल गया 38 दिन पुराना राज

कवर्धा से महेश मिश्रा

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घर के भीतर सीढ़ियों के नीचे बने टैंक के आसपास सड़ांध फैली हुई थी। डॉग स्क्वॉड बुलाया गया। जांच के दौरान खोजी कुत्ता सीधे उसी सेप्टिक टैंक के पास जाकर रुक गया। इसके बाद पुलिस ने टैंक का चेंबर खुलवाया। अंदर का दृश्य देखकर मौके पर मौजूद लोग सन्न रह गए। टैंक के भीतर एक सड़ी-गली लाश मिली, जिसकी हालत इतनी खराब थी कि पहचान कर पाना भी मुश्किल हो गया। शव को बाहर निकालने में पुलिस को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। जांच में सामने आया कि यह शव 19 वर्षीय कामिनी निषाद का था, जो 4 नवंबर 2025 से लापता थी। शव की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने पहचान और मौत के कारण की पुष्टि के लिए डीएनए जांच और फॉरेंसिक परीक्षण का सहारा लिया। टैंक का पानी, बाल और अन्य नमूने भी जांच के लिए जब्त किए गए। मजदूरी के दौरान उसकी मुलाकात भोजराम पटेल से हुई थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध बने और बाद में साथ रहने लगे। कुछ महीने पहले ही भोजराम उसे अपने गांव बांधाटोला लेकर आया था। लेकिन बताया जाता है कि अलग जाति का यह रिश्ता परिवार और समाज के कुछ लोगों को स्वीकार नहीं था। 4 नवंबर को कामिनी अचानक गायब हो गई। परिवार ने खोजबीन के बाद 7 नवंबर को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। शुरूवाती दिनों में मामला सामान्य गुमशुदगी जैसा लग रहा था, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, मामला रहस्यमय बनता गया।



38 दिन तक घर के भीतर छिपा रहा सच

जिस घर से कामिनी के गायब होने की कहानी सुनाई जा रही थी, उसी घर के भीतर उसका शव मिलने से गांव के लोग भी हैरान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि किसी ने कल्पना नहीं की थी कि गुमशुदगी का रहस्य घर के अंदर बने सेप्टिक टैंक में छिपा होगा।

बयानों में विरोधाभास

पुलिस ने परिवार के सदस्यों से अलग-अलग पूछताछ की। बयानों में विरोधाभास मिलने पर जांच की दिशा बदली। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान शक घर के ही एक सदस्य पर गहराया और बाद में हत्या का आरोप सामने आया। जांच में यह बात भी सामने आई कि घटना वाले दिन घर में केवल कामिनी और उसका होने वाला ससुर मौजूद थे। पुलिस का आरोप है कि पारिवारिक और सामाजिक नाराजगी के चलते हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया और शव को घर के भीतर बने सेप्टिक टैंक में छिपा दिया गया, ताकि किसी को शक न हो। घटना के सामने आने के बाद पूरे गांव में दहशत फैल गई। बड़ी संख्या में लोग घर के बाहर जमा हो गए। पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाते हुए मामले की जांच तेज कर दी।

डॉग स्क्वॉड बना जांच की सबसे अहम कड़ी

पुलिस को जब घर से बदबू आने की सूचना मिली, तब डॉग स्क्वॉड की मदद ली गई। खोजी कुत्ते के सीधे टैंक के पास पहुंचने के बाद पुलिस का शक गहरा गया। इसके बाद टैंक खुलवाया गया और पूरा मामला सामने आ गया।

प्रेम संबंध से शुरू हुआ विवाद

कामिनी और भोजराम की मुलाकात हैदराबाद में मजदूरी के दौरान हुई थी। दोनों साथ रहना चाहते थे, लेकिन अलग जाति का रिश्ता परिवार और समाज के कुछ लोगों को स्वीकार नहीं था। जांच में इसी सामाजिक तनाव को भी एक बड़ी वजह माना जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम और डीएनए जांच के लिए भेजा है। अधिकारियों का कहना है कि वैज्ञानिक जांच रिपोर्ट आने के बाद मौत की पूरी परिस्थितियां और स्पष्ट हो सकेंगी।

तीन साल पहले ग्राम गनियारी पुलगांव के अंजोरा पुलिस चौकी के एक मकान में दादी और पोती की लाश खून से सनी मिली थी। घटना 6 मार्च 2024 की है, जहां पुलिस को इस जघन्य हत्याकांड को सुलझाने में 18 माह का समय लग गए। इसके लिए पुलिस ने एफएसएल, फिंगर प्रिंट, डॉग स्क्वॉड की मदद से सबूत भी जुटाए। गांव के 62 संदिग्धों से पूछताछ भी हुई। कई महीनों की जांच के बाद अहमदाबाद और रायपुर में ब्रेन मैपिंग और नार्को टेस्ट भी कराए गए थे, लेकिन पुलिस की सफलता कोसों दूर थी।

भिलाई से जेएम तांडी

अहमदाबाद और रायपुर में हुआ टेस्ट

18 माह बाद पुलिस ने किया खुलासा

गांव के 62 संदिग्धों से हुई पूछताछ

नार्को और ब्रेन मैपिंग ने उगला सच दादी-पोती के दोहरे हत्याकांड का कातिल गिरफ्तार

जिले में सबसे चर्चित मामला गनियारी के दादी पोती हत्याकांड पुलिस के लिए चैलेंज था। मगर एसएसपी विजय अग्रवाल की टीम ने टेक्निकल पर काम कर आरोपियों तक पहुंची। पुलगांव पुलिस ने बताया कि तीन साल पहले ग्राम गनियारी के अंजोरा पुलिस चौकी के पास एक मकान में दादी और पोती की लाश खून से सनी मिली थी। जहां पुलिस को इस जघन्य हत्याकांड को सुलझाने में कई महीनों तक जांच करती रही। उसके बाद ब्रेन मैपिंग और नार्को टेस्ट में पुलिस को क्लू मिला था। उसके बाद जब नए एसपी के रूप में विजय अग्रवाल दुर्ग जिले की कमान संभाला। तब गनियारी निवासी दादी राजबती साहू (62), पोती सविता साहू (माया) (17) के हत्याकांड की फाइल फिर से खुली। केस की खुलासे की तैयारी में एसीसीयू, थाना पुलगांव, अंजोरा चौकी की टीम को लगाया गया। इसमें एसीसीयू डीएसपी क्राइम अलेक्सजेंडर किरो, अजय सिंह, पुलगांव के तत्कालीन प्रभारी अमित अंदानी, समेत पुलिस की टीम जुटी हुई थी।

राजबती साहू

सविता (माया) साहू

ऐसे रची साजिश

पुलिस ने बताया कि आरोपी चुमेन्द्र की सगाई 19 फरवरी 2024 हो चुकी थी। जब यह बात सविता को पता चली तो उसने अपनी सहेलियों से अपने बॉयफ्रेंड और उसके परिवार को बर्बाद कर देने की बात कही थी। यह बात चुमेन्द्र को पता चलने पर उसने प्रेम प्रसंग के खुलासा होने के डर से मार्शल, पंकज के साथ मिलकर अपनी गर्ल फ्रेंड सविता और उसकी दादी राजबती को रास्ते से हटाने का प्लान तैयार किया। दोनों की गला रेतकर हत्या कर तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। 6 मार्च की रात 1 से 1:30 बजे के बीच चुमेन्द्र वापस गनियारी गांव लौटा। घर पहुंचकर उसने भाई को फोन कर दरवाजा खुलवाया। फिर उसके सो जाने के बाद बाहर निकला। चुमेन्द्र अपने दोस्त पंकज निषाद, मार्शल राजपुत को व्हाट्सऐप कॉल कर बुलाया। तीनों स्कॉर्पियो वाहन सीजी 06 ई 6666 में मृतका के घर के सामने पहुंचे। वारदात को अंजाम देकर आरोपी चुमेन्द्र अपने दोस्तों पंकज,मार्शल के साथ घुघसीडीह गए।

पहले गर्लफ्रेंड की हत्या, फिर दादी को लगाया ठिकाने

पुलिस को चुमेन्द्र ने बताया कि सविता को पहले आवाज देकर बुलाया। दरवाजा खुलते ही चुमेन्द्र उसके पास पहुंच गया। सविता को चुमेन्द्र ने भागकर शादी करने की बात कही, लेकिन सविता से शादी करने से इंकार कर सगाई की बात उससे कहा। चुमेन्द्र का दिमाग ठनका। सविता के मना करने पर फंसने के डर से घर में पड़े टंगिया से पहले सविता के सिर पर ताबडतोड़ वार किया। सविता के चिल्लाने पर उसके मुंह पर कपड़ा ठूंस दिया। कमरे में सोई दादी राजवती आवाज सुनकर पहुंची तो आरोपियों ने उसके गर्दन पर चाकू से वार कर मौत के घाट उतार दिया। हमले में दादी-पोती दोनों जमीन पर गिर पड़े। दोनों को घसीट कर कमरे के भीतर लेकर गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने चाकू और हाथ तालाब में धोकर भाग निकले। चुमेन्द्र और मार्शल के खिलाफ पहले भी थाने में आबकारी एक्ट, मारपीट के मामले दर्ज थे। तीनों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने क्राइम सीन कराया था।

5 साल पहले शहर की घनी आबादी स्थित सिंधी कालोनी में रात 11.30 लोग अपने अपने घरों में आराम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक गोली चलने व चीखने चिल्लाने की आवाज से पूरा इलाका दहल गया। लोग घरों से बाहर निकले तो कुछ लोग एक युवक पर तलवार से हमला कर रहे थे। वारदात इतनी खतरनाक हो रही थी कि लोगों ने आनन फानन में अपने घरों के दरवाजे तक बंद कर लिए। काफी देर बात पुलिस गाड़ियों की आवाज सुनकर लोग अपने घरों से बाहर निकले तो एक युवक खून से लथपथ पड़ा हुआ था। अस्पताल ले जाते समय युवक की मौत हो गई।

जेल से जमानत में छूटने पर पार्टी देने के बहाने गोली मारकर युवक की हुई थी हत्या

बिलासपुर से कृष्णा तम्बोली

जब गोली की आवाज से दहली सिंधी कालोनी, दरवाजे बंद कर घरों में दुबके लोग

4 अगस्त 2018 को गोंड़पारा निवासी अमित नंदवानी उर्फ पुच्ची धारा 306 के मामले में जमानत पर जेल से रिहा हुआ। उसी दिन उसका जन्मदिन भी था। जेल से बाहर निकलने के बाद वह दोस्तों के साथ शनिचरी बाजार में अपना बर्थडे पार्टी मनाने में मशगूल था। इसी दौरान उसके मोबाइल में एक तरह से मौत की घंटी बंजी। उसने फोन उठाया तो कर्जदार सिंधी कालोनी निवासी सूरज करतारी ने कहा कि वह अपना उधारी चुकाना चाहता है। पैसे लेने के लिए वह सिंधी कालोनी आ जाए। एक तरफ जहां अमित अपने जन्मदिन की तैयारी कर रहा था, तो दूसरी तरफ सूरज करतारी ने अपने दोस्तों के साथ अमित नंदवानी उर्फ पुच्ची की हत्या करने की योजना बना रहा था। सूरज ने सिंधी पचायत भवन के पास चार तलवार छिपाकर रख दिया था। रात 11.30 बजे अमित नंदवानी उर्फ पुच्ची वहां पहुंचा। सूरज करतारी, सन्नी ठारवानी, विकास ठारवानी, सागर ठारवानी, सुनील तलरेजा ने अमित उर्फ पुच्ची का वहां भी केट कटवाया और पार्टी मनाया।

दूसरी गोली सीने में मारी

पार्टी के बीच में ही सन्नी ठारवानी 5 मिनट में आता हूं कहकर निकला। थोड़ी देर बार वह अपने दोस्त लखन ढीमर के साथ पहुंचा और सीधे अमित उर्फ पुच्ची पर तलवार से हमला कर दिया। अमित ने भागने का प्रयास किया तो सुनील तलरेजा ने फायरिंग कर दी। जिससे अमित उर्फ पुच्ची खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया। दूसरी गोली उसके सीने में मारी गई। अमित के दोस्त आकाश ने बीच बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसे भी मारने के लिए दौड़ाया।

उम्र कैद की सजा काट रहे हैं गुनाहगार

मामले की विवेचना करने के बाद एएसआई चंद्रकांत डहरिया के द्वारा चालान कोर्ट में पेश किया गया। डेढ साल तक कोर्ट में मामले की सुनवाई चली। 5 जनवरी 2020 को कोर्ट ने सभी आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। पिछले पांच साल से गुनाहगार जेल की चार दिवारों के पीछे सजा काट रहे हैं।

रतनपुर के बावली कुंआ में छिपाया पिस्टल

हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर युवकों ने भागते समय रतनपुर के बावली कुंएं में वारदात में प्रयुक्त पिस्टल छिपा दी थी। आरोपियों को पकड़ने के बाद पुलिस ने उनसे पूछताछ करने के बाद बावली कुंआ का पानी बाहर निकलवाने के बाद पिस्टल बरामद किया। इसके साथ ही सिंधी पंचायत भवन के आसपास से खून से रंगा 4 तलवार बरामद कर जब्त किया गया था।

जबलपुर हाईकोर्ट का आदेश : दिल्ली एम्स के डॉक्टरों की टीम भोपाल आकर करेगी दोबारा पोस्टमार्टम

सीबीआई पता लगाएगी ट्विशा की मौत का सच

जबलपुर जिला कोर्ट में समर्थ के सरेंडर के दौरान एक घंटे तक रही गहमागहमी, बार काउंसिल ने उसका लाइसेंस सस्पेंड किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जबलपुर/भोपाल

भोपाल के बहुचर्चित ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत मामले में शुक्रवार को कई बड़े घटनाक्रम सामने आए। मध्य प्रदेश सरकार की ओर से मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की सिफारिश के बीच, जबलपुर हाईकोर्ट ने शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराने का ऐतिहासिक आदेश दिया है। वहीं, मृतका के पति समर्थ सिंह ने जबलपुर जिला कोर्ट में कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। शुक्रवार को गृह विभाग की अधिसूचना के बाद मामले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने का रास्ता साफ हो गया है। राज्य सरकार ने सीबीआई को इस मामले से जुड़े अपराध, साक्ष्य, दुष्प्रेरण और अन्य पहलुओं की जांच की अनुमति भी दे दी है। जबलपुर हाईकोर्ट के जस्टिस एके सिंह की एकलपीठ ने ट्विशा शर्मा के पिता नवनिधि शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने दिल्ली एम्स के डायरेक्टर को तत्काल एक विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं। यह टीम भोपाल एम्स में मृतका का दोबारा पोस्टमार्टम करेगी। ट्विशा के पिता ने याचिका में कहा था कि उनकी बेटी की 12 मई की रात भोपाल स्थित ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। वे पहले हुए पोस्टमार्टम से संतुष्ट नहीं थे। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और महाधिवक्ता ने कहा कि सरकार को दोबारा पोस्टमार्टम से कोई आपत्ति नहीं है, हालांकि इसका कारण स्पष्ट होना चाहिए। वहीं याचिकाकर्ता के वकील अनुराग श्रीवास्तव ने तर्क दिया कि दोबारा पोस्टमार्टम से मौत की असली वजह और तथ्य अधिक स्पष्ट हो सकेंगे। इससे पहले भोपाल जिला एवं सत्र न्यायालय ने परिजनों की दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

सास की अग्रिम जमानत रद्द करने की याचिका पर 25 मई को सुनवाई

गिरिबाला सिंह

मृतका ट्विशा की सास और रिटायर्ड जिला व सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत को रद्द करने के लिए राज्य सरकार और मृतका के पिता ने याचिका लगाई थी। इस पर कोर्ट ने गिरिबाला सिंह को नोटिस जारी कर 25 मई 2026 तक जवाब मांगा है। वहीं, भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने बताया कि गिरिबाला सिंह को बयान दर्ज कराने के लिए तीन बार नोटिस दिया गया, लेकिन उन्होंने जांच में सहयोग नहीं किया।

पति समर्थ ने हाई कोर्ट से जमानत अर्जी वापस ली थी

शुक्रवार दोपहर समर्थ सिंह ने वकील ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने अग्रिम जमानत की अर्जी वापस ले ली थी। इससे पहले वकील जयदीप कौरव ने बताया था कि समर्थ सरेंडर करना चाहता है। उन्होंने समर्थ के सरेंडर को लेकर कोई स्पष्ट वजह भी नहीं बताई थी। समर्थ सिंह शुक्रवार को अपने साथियों के साथ कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचा। इस दौरान मीडिया ने उससे बातचीत करने की कोशिश की, लेकिन वह पूरी तरह चुप्पी साधे रहा। कोर्ट परिसर में करीब एक घंटे तक गहमागहमी की स्थिति बनी रही।

गिरिबाला के वकील केस से हटे

गिरिबाला सिंह के वकील जॉर्ज कार्लो से जब ट्विशा शर्मा की मौत को लेकर सवाल पूछे गए तो वह नाराज हो गए। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया दी और सवालों पर आपत्ति जताई। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर बात सार्वजनिक करना जरूरी नहीं होता और जांच एजेंसियों को अपना काम करने देना चाहिए। जॉर्ज कार्लो बाद में केस से हट गए।

असम में रचा इतिहास, 17 विधायकों ने विधानसभा में संस्कृत में ली शपथ

एजेंसी ▶▶| दिशपुर

बहुभाषी असम की राजनीति में ऐतिहासिक बन गया, जब षोडश असम विधानसभा में 17 नवनिर्वाचित विधायकों ने संस्कृत में शपथ ग्रहण की। विधानसभा के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने संस्कृत को शपथ की भाषा के रूप में चुना। लंबे समय से 'मृतप्राय' मानी जाने वाली इस प्राचीन भाषा की गूंज विधानसभा तक पहुंचना सांस्कृतिक पुनर्जागरण के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। असम विधानसभा के इतिहास में पहली बार 17 विधायकों ने संस्कृत में शपथ लेकर नया रिकॉर्ड बनाया। संस्कृत भारती ने इसे भारतीय ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक बताया।

सांस्कृतिक जगत ने इस पहल का किया स्वागत

सांस्कृतिक जगत से जुड़े लोगों ने भी इस पहल का स्वागत किया है। उनका मानना है कि यदि जनप्रतिनिधि सार्वजनिक मंचों पर भारतीय भाषाओं को महत्व देंगे, तो इससे उनके संरक्षण और प्रचार-प्रसार को नई ऊर्जा मिलेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों में देशभर में संस्कृत के प्रचार-प्रसार को लेकर विभिन्न पहलें की गई हैं। हालांकि किसी विधानसभा में इतनी बड़ी संख्या में विधायकों द्वारा संस्कृत में शपथ ग्रहण करना अपने आप में दुर्लभ और प्रतीकात्मक घटना माना जा रहा है।

इन विधायकों ने ली संस्कृत में शपथ

संस्कृत में शपथ लेने वाले विधायकों में विश्वजीत दैमारी, बिमल बोरा, जयंता मल्ल बरुआ, भवेश कलिता, पृथ्वीराज राभा, डॉ. परमानंद राजबंशी, संजय किशान, डॉ. मृदुल कुमार दत्ता, अमिय कांति दास, विजय कुमार गुप्ता, नीलिमा देवी, डॉ. मिलन दास, मयूर बरगोहाईं, विक्टर कुमार दास, कृष्ण कमल तांती, राजदीप ग्वाला और पवित्र राभा शामिल हैं। इनमें बोडो, राभा, कूच-राजबंशी, अहोम और चाय जनजाति समुदायों से आने वाले विधायक भी शामिल हैं।

अकासा एयर कार्गो से 2.58 करोड़ की सोना चोरी में आठ गिरफ्तार

अहमदाबाद। शहर में अकासा एयर कार्गो से 2.58 करोड़ रुपये मूल्य के 2.1 किलोग्राम स्वर्ण आभूषण चोरी होने के मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त जोन-4 अतुल कुमार बंसल ने बताया कि 18 मई को लॉजिस्टिक्स कंपनी ने अकासा एयर की कार्गो सेवा के जरिये सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सोने के आभूषणों से भरे सात पार्सल भेजे थे जिनमें से एक पार्सल गायब था। उन्होंने बताया कि पार्सल में 2.1 किलोग्राम सोने के आभूषण थे। बंसल ने बताया कि अहमदाबाद पुलिस ने तकनीकी निगरानी, सीसीटीवी फुटेज आदि का उपयोग कर मामले की जांच की और अकासा एयर के कर्मचारियों से जुड़े पूरे गिरोह का भंडाफोड़ किया।

दुकान में लगाया था कैमरा

सेना का मूवमेंट पाकिस्तान को लाइव दिखाने वाला पकड़ाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक बार फिर पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की नापाक हरकत उजागर हुई है। गाजियाबाद-फरीदाबाद के बाद अब पंजाब के पठानकोट में भी कैमरे लगाकर जासूसी करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी भारतीय सेना और अर्धसैनिक बलों की गतिविधियों की संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान तक पहुंचा रहा था। उसका काम भारतीय सेना के काफिले पर नजर रखना था और उसकी जानकारी पाकिस्तान को इन्हीं कैमरों के जरिए पहुंचाना था। पठानकोट के एसएसपी दलजिंदर सिंह ढिल्लों के मुताबिक,गिरफ्तार आरोपी की पहचान बलजीत सिंह उर्फ बिट्टू, निवासी ढालीवाल गांव के रूप में हुई है। आरोपी ने सुजानपुर के पास नेशनल हाईवे44 पर अपनी दुकान में कैमरे लगाए थे। इन कैमरों के जरिए सैन्य काफिलों पर नजर रखी जाती थी और इसका लाइव प्रसारण पाकिस्तान में होता था।

तीन और लोगों को किया नामजद

एसएसपी दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि आरोपी बलजीत सिंह उर्फ बिट्टू ने सुजानपुर के पास पुल नंबर 4 और 5 के बीच दुकानों पर कैमरे लगाए थे। इनकी लाइव फुटेज पाकिस्तान भेजने के काम में मदद करने वाले तीन अन्य आरोपियों को भी नामजद किया गया है।

अब फिर 'टैपर टैंट्रम प्लेबुक नीति'

आरबीआई डॉलर बेच रु. संभालेगा, ब्याज बढ़ाएगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



रुपए की लगातार गिरती हुई कीमत को देखते हुए अब रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने इस संकट से बचने के लिए अपना पुराना दाव खेलने का मन बना लिया है। आरबीआई अब रुपए को संभालने के लिए साल 2013 में आर्थिक संकट के दौरान अपनाए गए तरीकों को फिर से इस्तेमाल कर सकता है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया बैंक करेंसी को स्टेबल करने के लिए ब्याज दरों में वृद्धि, एडिशनल करेंसी की अदला-बदली और विदेशी निवेशकों से डॉलर जुटाने जैसे तरीकों पर विचार कर रहा है। जब अमेरिका का केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व बैंक जब बाजार में पैसा डालना बंद कर देता है, तब विदेशी निवेशक भारत जैसे देशों में पैसा डालना बंद कर देते हैं। जिससे रुपया कमजोर हो जाता है, शेयर बाजार में गिरावट आती है, डॉलर महंगा हो जाता है, भारत पर आर्थिक दबाव बनता है। ऐसी स्थिति साल 2013 में बनी थी, तब आरबीआई ने टैपर टैंट्रम प्लेबुक नीति अपनाई थी। इसमें आरबीआई डॉलर को बेचकर रुपया संभालता है, ब्याज दरें बढ़ा देता है। सरकार ने साल 2013 में भी यही रणनीति अपनाई थी।

गर्व कीजिए! भारतीय चंद्रयान-3 को मिला अंतरिक्ष विज्ञान का सर्वोच्च पुरस्कार, दुनियाभर में जमी धाक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत का दबदबा लगातार बढ़ता जा रहा है। भारत के चंद्रयान-3 मिशन को अमेरिका के वैमानिकी और अंतरिक्षयानिकी संस्थान ने प्रतिष्ठित गोडार्ड एस्ट्रोनॉटिक्स अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया। चंद्रयान-3 ने 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास पहली सफल सॉफ्ट लैंडिंग कर इतिहास रचा था। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने यह सम्मान इसरो की ओर से प्राप्त किया। यह ऐतिहासिक सम्मान अमेरिका के वैमानिकी और अंतरिक्षयानिकी संस्थान ने वाशिंगटन डीसी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया।



भारतीय राजदूत ने क्या कहा

राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्पेस विजन 2047 का जिक्र करते हुए भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान, डीप स्पेस एक्सप्लोरेशन और तेजी से बढ़ते कमर्शियल स्पेस सेक्टर की योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने भारत और अमेरिका के बीच अंतरिक्ष क्षेत्र में सरकारों, उद्योगों और रिसर्च संस्थानों के सहयोग को और मजबूत करने की जरूरत पर भी जोर दिया।

दुनिया का पहला मिशन था चंद्रयान-3

गौरतलब है कि 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 ने इतिहास रचते हुए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफल सॉफ्ट लैंडिंग की थी। यह दुनिया का पहला मिशन था जिसने चंद्रमा के इस बेहद अहम और अब तक सतह स्तर पर अनछुए क्षेत्र में सफलतापूर्वक कदम रखा। मिशन ने चंद्रमा की सतह और दक्षिणी ध्रुवीय मिट्टी से जुड़े महत्वपूर्ण वैज्ञानिक आंकड़े जुटाए।

क्वात्रा ने चंद्रयान-3 टीम को दी बधाई

क्वात्रा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एआईएए द्वारा प्रदत्त प्रतिष्ठित 2026 गोडार्ड एस्ट्रोनॉटिक्स पुरस्कार के लिए इसरो और चंद्रयान 3 टीम को बधाई। बता दें कि इसरो को यह पुरस्कार चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र के निकट चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक लैंडिंग के लिए दिया गया है, जिससे चंद्रमा की हमारी समझ बेहतर करने में मदद मिली है।

प्रीमियम केयर और इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ भरोसे का नया हेल्थकेयर

इट्सा हॉस्पिटल्स ने बहुत कम समय में रायपुर के हेल्थकेयर सेक्टर में अपनी एक अलग और मजबूत पहचान बनाई है। यह पहचान केवल आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के कारण नहीं, बल्कि बेहतर सेवाओं, विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार की वजह से बनी है। एक वर्ष के भीतर ही अस्पताल हजारों परिवारों के लिए भरोसे का केंद्र बन चुका है।

अस्पताल की स्थापना का उद्देश्य केवल इलाज उपलब्ध कराना नहीं था, बल्कि ऐसा हेल्थकेयर सेंटर विकसित करना था जहां मरीजों और उनके परिजनों को मानसिक सुकून, सकारात्मक वातावरण और बेहतर अनुभव मिल सके। अस्पताल में प्रवेश करते ही प्राकृतिक रोशनी, आधुनिक इंटीरियर और शांत वातावरण मरीजों को सामान्य अस्पताल जैसी घबराहट से दूर रखता है। मरीजों के आराम और सुविधा को ध्यान में रखते हुए यहां प्रीमियम लाउंज और प्रीमियम रूम्स की व्यवस्था की गई है। इन कमरों को 5 स्टार होटल जैसी सुविधा और आराम के अनुरूप डिजाइन किया गया है, जहां प्राइवेट स्पेस, आधुनिक सुविधाएं और बेहतर हॉस्पिटैलिटी मरीजों को हीलिंग और कम्फर्ट का विशेष अनुभव देती हैं। अस्पताल का इन-हाउस फूड एंड बेवरेज डिपार्टमेंट पौष्टिक, स्वच्छ और गुणवत्ता युक्त भोजन उपलब्ध कराता है, जिससे मरीजों की रिकवरी को बेहतर सहयोग मिलता है। साथ ही डेडिकेटेड CRM टीम मरीजों और उनके परिवारों को बेहतर मार्गदर्शन, सहायता और सहज अनुभव प्रदान करती है।

सेवा की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए इट्सा हॉस्पिटल्स ने 45 मिनट OPD टर्नअराउंड टाइम (TAT) की विशेष व्यवस्था लागू की है। तय समय से अधिक प्रतीक्षा होने पर कंसल्टेंसी फीस वापस की जाती है। आधुनिक तकनीक, प्रीमियम सुविधाओं और मानवीय सेवाओं के साथ इट्सा हॉस्पिटल्स आज रायपुर में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं और भरोसे का नया प्रतीक बन चुका है।

समाज को समर्पित सेवा- ITSA अस्पताल की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) यात्रा

स्वास्थ्य सेवा केवल उपचार नहीं, बल्कि समाज को बेहतर बनाने और उम्मीद जगाने का माध्यम है। ITSA अस्पताल ने अपने पहले वर्ष में इसी सोच के साथ चिकित्सा सेवाओं के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी निभाया। यह उत्सव केवल वर्षगांठ नहीं, बल्कि सेवा, विश्वास और सामाजिक योगदान की यात्रा का प्रतीक है। CSR प्रयासों के माध्यम से अस्पताल ने स्वास्थ्य जागरूकता, सामुदायिक विकास और मानवीय सहयोग को बढ़ावा देकर समाज के विभिन्न वर्गों तक अपनी पहुँच बनाई है।

मयूर इवेंटः कैंसर योद्धाओं की प्रेरणा

"मयूर इवेंट" अस्पताल की एक विशेष भावनात्मक पहल है, जहाँ कैंसर से उबर चुके मरीज मिलते हैं। यह केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि कैंसर से जूझ रहे मरीजों के लिए आशा, साहस और प्रेरणा का मंच है। इसमें मरीज, डॉक्टर और परिजन अपनी कहानियाँ साझा करते हैं। यह ITSA अस्पताल की उस सोच को दर्शाता है जहाँ उपचार के साथ भावनात्मक सहयोग भी उतना ही महत्वपूर्ण माना जाता है।

आशा कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम

समाज के जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से अस्पताल द्वारा आयोजित आशा कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम भी एक महत्वपूर्ण CSR पहल रही। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य, बच्चों की देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य, कैंसर जागरूकता और रोकथाम स्वास्थ्य देखभाल जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। इस पहल ने आशा कार्यकर्ताओं को समुदाय में बेहतर स्वास्थ्य मार्गदर्शन देने के लिए सशक्त बनाया तथा अस्पताल और समुदाय के बीच मजबूत स्वास्थ्य संबंध स्थापित किए।

स्वास्थ्य शिविरों से जागरूकता बढ़ी

अस्पताल ने विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों (Health Camps) का आयोजन कर विशेषज्ञ डॉक्टरों के माध्यम से समाज तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने का प्रयास किया। इन शिविरों से लोगों को परामर्श, जांच सुविधा के साथ निवारक स्वास्थ्य देखभाल और शीघ्र निदान के प्रति जागरूकता मिली। ITSA अस्पताल ने रेनबो फिंगर्स फाउंडेशन के साथ मिलकर जरूरतमंद बच्चों की सहायता हेतु संवेदनशील पहल शुरू की। परिसर में दान पेटियाँ लगाकर सहयोग एकत्र किया गया। साथ ही चित्रकला प्रतियोगिताएँ और सृजनात्मक गतिविधियाँ आयोजित कर बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सकारात्मकता को बढ़ावा दिया गया।

प्रतिष्ठित मंचों पर सराहना

अस्पताल की सामाजिक भागीदारी और CSR कार्यों को "आशा किरण सम्मान समारोह" जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर सराहना और सम्मान प्राप्त हुआ। इस सम्मान ने यह सिद्ध किया कि ITSA अस्पताल केवल एक स्वास्थ्य सेवा संस्थान नहीं, बल्कि समाज के विकास में सक्रिय और जिम्मेदार संगठन है। युवाओं को मार्गदर्शन देना भी इसकी CSR यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। विभिन्न कॉलेजों में जाकर छात्रों से संवाद, करियर मार्गदर्शन, इंटर्नशिप अवसर और व्यावसायिक विकास की जानकारी दी गई। इन प्रयासों का उद्देश्य केवल कार्यक्रम करना नहीं, बल्कि समाज में वास्तविक बदलाव लाना है। चाहे मरीजों को भावनात्मक सहयोग हो या युवाओं का सशक्तिकरण, हर पहल सेवा और संवेदनशीलता पर आधारित है।

NGOs और संस्थाओं को सहयोग

अस्पताल ने समाजसेवा में कार्यरत विभिन्न गैर-सरकारी संगठन (NGOs) और संस्थाओं को भी सहयोग प्रदान किया। सामाजिक संगठनों को सहायता देकर ITSA अस्पताल ने यह संदेश दिया कि समाज के लिए कार्य करने वाली संस्थाओं को समर्थन देना भी सामाजिक जिम्मेदारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। एक और सराहनीय पहल के अंतर्गत अस्पताल द्वारा इंटास फाउंडेशन में कैंसर मरीजों और उनके परिवारों की सुविधा हेतु पेयजल डिस्पेंसर दान किए गए। यह छोटा लेकिन संवेदनशील कदम मरीजों के प्रति अस्पताल की मानवीय सोच और सहानुभूति को दर्शाता है।

"जब सेवा में संवेदनशीलता जुड़ जाती है, तभी स्वास्थ्य सेवा वास्तव में समाज के लिए समर्पित बनती है।"

आरोग्यम् : स्वस्थ आहार, स्वस्थ जीवन अभियान

इट्सा हॉस्पिटल्स ने "Food as Medicine" पहल से न्यूट्रिशन को उपचार और रिकवरी का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया।

"आरोग्यम" पहल के तहत मिलेट्स आधारित भोजन ने मरीजों की रिकवरी और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाई।

मरीजों और परिजनों के लिए पौष्टिक भोजन उपलब्ध कर समग्र, मानवीय हेल्थकेयर मॉडल स्थापित किया गया।

इट्सा हॉस्पिटल्स ने अपने पहले ही वर्ष में यह साबित किया है कि आधुनिक हेल्थकेयर केवल इलाज तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि मरीज की सम्पूर्ण रिकवरी और बेहतर अनुभव पर आधारित होना चाहिए। इसी सोच के साथ अस्पताल ने "आरोग्यम- Food as Medicine Initiative" की शुरुआत की, जिसने पोषण को उपचार का महत्वपूर्ण हिस्सा बना दिया।

इस पहल का उद्देश्य मरीजों को ऐसा भोजन उपलब्ध कराना है, जो केवल स्वादिष्ट ही नहीं बल्कि स्वास्थ्यवर्धक और रिकवरी में सहायक भी हो। अस्पताल ने मिलेट्स आधारित न्यूट्रिशन मॉडल को अपनाया है, जिसमें फाइबर, प्रोटीन और एंटीऑक्सिडेंट्स से भरपूर आहार मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और तेजी से स्वस्थ होने में मदद करता है। इट्सा हॉस्पिटल्स ने भारतीय पारंपरिक पोषण ज्ञान को आधुनिक क्लिनिकल न्यूट्रिशन के साथ जोड़कर मरीजों की देखभाल को नई दिशा दी है। विशेष रूप से लंबे समय तक भर्ती मरीजों, सर्जरी के बाद रिकवरी कर रहे लोगों और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए संतुलित भोजन की व्यवस्था की गई है। अस्पताल का हर भोजन स्वास्थ्य, स्वच्छता और चिकित्सकीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया जाता है।

इट्सा हॉस्पिटल्स ने मरीजों के साथ रहने वाले परिजनों और अटेंडर्स की जरूरतों को भी महत्व दिया है। OMG Cafeteria और Aspretto जैसी सुविधाओं के माध्यम से स्वच्छ, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाता है, जिससे अस्पताल में रहने वाले लोगों को घर जैसा भरोसा और आराम महसूस हो। इसके साथ ही अस्पताल ने टेक्सचर मॉडिफाइड डाइट प्रोग्राम भी शुरू किया है, जो निगलने में कठिनाई वाले या सर्जरी के बाद रिकवरी कर रहे मरीजों के लिए तैयार किया गया है।

अपने पहले वर्ष में इट्सा हॉस्पिटल्स ने यह दिखाया है कि बेहतर स्वास्थ्य सेवा केवल तकनीक और इंफ्रास्ट्रक्चर से नहीं, बल्कि पोषण, संवेदनशीलता और समग्र देखभाल से संभव होती है।

प्रिसिशन और उत्कृष्टता का संगम: इट्सा हॉस्पिटल में एडवांस रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की शुरुआत

लंबे समय तक यह माना जाता रहा कि अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं केवल दिल्ली, मुंबई या हैदराबाद जैसे बड़े शहरों में ही उपलब्ध हैं। छत्तीसगढ़ के मरीजों को भी बेहतर इलाज और आधुनिक सर्जरी के लिए दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ता था। लेकिन अब इट्सा हॉस्पिटल इस सोच को बदलते हुए प्रदेश में ही विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। पिछले एक वर्ष में इट्सा हॉस्पिटल ने आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, विशेषज्ञ डॉक्टरों और टेक्नोलॉजी आधारित उपचार के माध्यम से खुद को क्षेत्र के अग्रणी हेल्थकेयर संस्थानों में स्थापित किया है। इसी दिशा में अस्पताल ने एडवांस रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की सफल शुरुआत की है, जो मध्य भारत में ऑर्थोपेडिक उपचार को नई दिशा देने वाली उपलब्धि मानी जा रही है।

घुटनों के दर्द और आर्थराइटिस से पीड़ित मरीजों के लिए यह तकनीक बड़ी राहत लेकर आई है। रोबोटिक तकनीक डॉक्टरों को मरीज के घुटने की संरचना और जॉइंट अलाइनमेंट को अधिक सटीकता से समझने में मदद करती है, जिससे सर्जरी अधिक प्रिसाइज और सुरक्षित बनती है। इसके कारण आसपास की मांसपेशियों और लिगामेंट्स को कम नुकसान पहुंचता है, दर्द और रक्तस्राव कम होता है तथा मरीज तेजी से रिकवर कर पाते हैं। कई मरीज अब सर्जरी के कुछ घंटों के भीतर चलना शुरू कर रहे हैं।

यह रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अंकित कुमार गर्ग के नेतृत्व में सफलतापूर्वक की गई। डॉ. गर्ग को ऑर्थोपेडिक्स एवं रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी में 08 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. ऑर्थोपेडिक्स (गंगा हॉस्पिटल, कोयंबटूर), एम.सीएच. जॉइंट रिप्लेसमेंट एंड रिकंस्ट्रक्शन (एम्स रायपुर), डिप. SICOT (बेल्जियम), SICOT Revision Arthroplasty Fellowship (स्पेन), M.R.C.S. (एडिनबर्ग, यूके) तथा M.N.A.M.S जैसी प्रतिष्ठित उपाधियां प्राप्त की हैं। उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोबोटिक ऑर्थोपेडिक सर्जरी का उन्नत प्रशिक्षण भी प्राप्त है।

आधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, एडवांस इमेजिंग सिस्टम, क्रिटिकल केयर और रिहैबिलिटेशन सुविधाओं के साथ इट्सा हॉस्पिटल का उद्देश्य केवल इलाज नहीं, बल्कि उत्कृष्टता, विश्वास और संवेदनशीलता के साथ विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।

इट्सा हॉस्पिटल: रायपुर में सेंट्रल इंडिया का पहला रोबोटिक रिहैब सेंटर

स्ट्रोक, स्पोर्ट्स इंजरी या रीढ़ की गंभीर समस्याएं किसी भी व्यक्ति की जिंदगी बदल सकती हैं। लेकिन इट्सा हॉस्पिटल ने यह साबित किया है कि सही इलाज, आधुनिक तकनीक और मजबूत हौसले के साथ मरीज फिर से आत्मनिर्भर जीवन जी सकते हैं। रायपुर में सेंट्रल इंडिया के पहले आधुनिक रोबोटिक रिहैबिलिटेशन सेंटर के रूप में इट्सा हॉस्पिटल फिजिकल रिकवरी के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है।

अस्पताल के फिजियोथेरेपी एवं रिहैबिलिटेशन विभाग का नेतृत्व डॉ. तनुश्री नेरल (BPT, MPT – Musculoskeletal, Gold Medalist) कर रही हैं, जिन्हें 15 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उनकी विशेषज्ञ टीम हर मरीज के लिए पर्सनलाइज्ड रिकवरी प्लान तैयार करती है, ताकि मरीज को शारीरिक ही नहीं, मानसिक और भावनात्मक सहयोग भी मिल सके। इट्सा हॉस्पिटल की सफलता की एक प्रेरणादायक कहानी उस मरीज की है, जिसे गंभीर स्ट्रोक के बाद चलने, लिखने और हारमोनियम बजाने में कठिनाई हो रही थी। विशेष न्यूरो-रिहैब प्रोग्राम की मदद से वह सिर्फ 26 दिनों में दोबारा चलने और हारमोनियम बजाने लगा। वहीं, घुटने की गंभीर चोट से जूझ रहे एक खिलाड़ी ने एंटी-ग्रैविटी ट्रेडमिल और विशेषज्ञ फिजियोथेरेपी की मदद से फिर मैदान में वापसी की। अस्पताल में रोबोवॉक गेट ट्रेनर, एंटी-ग्रैविटी ट्रेडमिल, रोबोटिक आर्म ट्रेनर, रोबोटिक स्पाइनल डीकंप्रेशन, पर्टर्बेशन बोर्ड, फुट प्रेशर असेसमेंट जैसी अत्याधुनिक तकनीकें उपलब्ध हैं, जो मरीजों की रिकवरी को तेज और प्रभावी बनाती हैं। इट्सा हॉस्पिटल में रिहैबिलिटेशन केवल इलाज नहीं, बल्कि मरीजों को उनका आत्मविश्वास, सम्मान और जीवन की नई शुरुआत लौटाने का संकल्प है। क्योंकि इट्सा का मानना है, "शारीरिक चुनौती चाहे कितनी भी बड़ी हो, सही इलाज और मजबूत हौसले से जिंदगी फिर से चल पड़ती है।"

रायपुर में विश्वस्तरीय नवजात एवं बाल चिकित्सा सेवाओं की शुरुआत

रायपुर में अब नवजात शिशुओं और बच्चों के लिए विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। इट्सा कान्हा हॉस्पिटल ने सेंट्रल इंडिया में पीडियाट्रिक और नवजात गहन चिकित्सा देखभाल के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। यहां हैदराबाद, दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों के स्तर की आधुनिक सुविधाएं अनुभवी डॉक्टरों और अत्याधुनिक तकनीक के साथ उपलब्ध हैं।

अस्पताल में 90 बेड का अत्याधुनिक NICU, 30 बेड का बाल गहन चिकित्सा विभाग, लेवल 3B नवजात गहन चिकित्सा सुविधा, 24x7 एसीएलएस एम्बुलेंस सेवा और एडवांस इमरजेंसी सपोर्ट सिस्टम उपलब्ध है। इसके साथ ही बाल पुनर्वास, विकास एवं

व्यवहार देखभाल, वाणी एवं श्रवण चिकित्सा तथा शारीरिक पुनर्वास जैसी सुविधाएं बच्चों की बेहतर रिकवरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। हाल ही में अस्पताल ने मात्र 4 दिन के और 2 किलोग्राम वजन वाले नवजात शिशु की जटिल हार्ट सर्जरी सफलतापूर्वक कर नई उपलब्धि हासिल की। बच्चे को "महाधमनी संकुचन" नामक गंभीर हृदय रोग था, जिसमें शरीर तक रक्त पहुंचाने वाली मुख्य धमनी अत्यधिक संकरी हो जाती है। समय पर पहचान, उन्नत लाइफ सपोर्ट और विशेषज्ञ उपचार ने बच्चे की जान बचाई।

किम्स हॉस्पिटल्स के सहयोग से यह जटिल सर्जरी हैदराबाद के प्रसिद्ध कार्डियक सर्जन डॉ. अनिल धर्मापुरम और कार्डियक एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. नागराजन के नेतृत्व में सफलतापूर्वक की गई। सर्जरी के दौरान संकरी महाधमनी को रिपेयर कर सामान्य रक्त प्रवाह बहाल किया गया।

इट्सा हॉस्पिटल्स लेकर आया : छत्तीसगढ़ की पहली एडवांस DEXA-BMD टेक्नोलॉजी प्रिसिजन, प्रिवेंटिव और सुरक्षित हेल्थकेयर की दिशा में एक बड़ा कदम

छत्तीसगढ़ की पहली एडवांस / तकनीक शुरू, कम रेडिएशन में सटीक जांच।

सभी आयु वर्ग के लिए उपयोगी, हड्डी, कैंसर और ग्रोथ मॉनिटरिंग में मददगार।

प्रिवेंटिव हेल्थकेयर के जरिए ऑस्टियोपोरोसिस और फ्रैक्चर रिस्क की शुरुआती पहचान।

आज के समय में स्वास्थ्य सेवाएं केवल बीमारियों के इलाज तक सीमित नहीं रह गई हैं, बल्कि उनका मुख्य उद्देश्य बीमारियों के खतरे को पहले ही पहचानकर उन्हें रोकना भी बन गया है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इट्सा हॉस्पिटल्स ने छत्तीसगढ़ की पहली एडवांस FUJIFILM FDX Visionary-DR DEXA/BMD टेक्नोलॉजी की शुरुआत की है। यह आधुनिक मशीन अधिक सटीक, कम रेडिएशन और बेहतर प्रिवेंटिव डायग्नोस्टिक सुविधा प्रदान करने के लिए लाई गई है।

इट्सा हॉस्पिटल्स लगातार छत्तीसगढ़ में विश्वस्तरीय हेल्थकेयर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस तकनीक की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसका लाभ हर आयु वर्ग के लोगों को मिल सकता है चाहे बुजुर्ग हों, महिलाएं हों, कैंसर मरीज हों, बच्चे हों या फिटनेस से जुड़े लोग। अक्सर लोग जांच के दौरान रेडिएशन को लेकर चिंतित रहते हैं। यह एडवांस DEXA/BMD सिस्टम पारंपरिक तकनीकों की तुलना में बेहद कम रेडिएशन के साथ जांच करता है, जिससे यह अधिक सुरक्षित, तेज और आरामदायक बन जाता है। यह प्रक्रिया सरल है और बिना

किसी विशेष तैयारी के कम समय में पूरी हो जाती है, जिससे इसे नियमित हेल्थ चेकअप का हिस्सा बनाया जा सकता है। ऑर्थोपेडिक्स के क्षेत्र में यह तकनीक अत्यंत उपयोगी है। इसके माध्यम से डॉक्टर हड्डियों की कमजोरी, ऑस्टियोपोरोसिस, फ्रैक्चर रिस्क और जॉइंट समस्याओं को शुरुआती चरण में ही पहचान सकते हैं। इससे समय रहते उपचार संभव होता है और गंभीर जटिलताओं से बचाव किया जा सकता है। महिलाओं के लिए यह तकनीक विशेष रूप से लाभकारी है, खासकर मेनोपॉज के बाद, जब हड्डियों की कमजोरी तेजी से बढ़ती है। यह मशीन शुरुआती अवस्था में ही बोन लॉस की पहचान कर सकती है। कैंसर उपचार में भी यह तकनीक मरीजों की बॉडी कंपोजिशन और रिकवरी को मॉनिटर करने में मदद करती है। वहीं बच्चों में ग्रोथ और पोषण संबंधी समस्याओं की सुरक्षित जांच संभव होती है।

फिटनेस और प्रिवेंटिव हेल्थकेयर के क्षेत्र में यह तकनीक शरीर की गहरी जानकारी जैसे मसल मास, बॉडी फैट और लीन बॉडी मास उपलब्ध कराती है। यह केवल वजन नहीं, बल्कि वास्तविक स्वास्थ्य स्थिति को समझने में मदद करती है। यह एडवांस सिस्टम तेज, सटीक और विश्वसनीय रिपोर्ट प्रदान करता है, जिससे डॉक्टर बेहतर निर्णय ले पाते हैं। इट्सा हॉस्पिटल्स की यह पहल छत्तीसगढ़ में प्रिवेंटिव हेल्थकेयर को एक नई दिशा देती है, जहां समय रहते बीमारी की पहचान और सुरक्षित उपचार अब और अधिक आसान हो गया है।

इट्सा हॉस्पिटल: रायपुर में विश्वस्तरीय हृदय देखभाल का नया भरोसा

इट्सा हॉस्पिटल रायपुर में उन्नत और नैतिक हृदय उपचार के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अक्षत जैन के नेतृत्व में अस्पताल आधुनिक तकनीक, विशेषज्ञता और मरीज-केंद्रित सेवाओं के साथ मेट्रो शहरों जैसी कार्डियक केयर उपलब्ध करा रहा है। इट्सा हॉस्पिटल का मूल सिद्धांत है, "इलाज से पहले भरोसा।" यहां हर मरीज के उपचार में पारदर्शिता और नैतिकता को प्राथमिकता दी जाती है। अनावश्यक प्रक्रियाओं से बचते हुए मरीजों को सही सलाह और स्पष्ट मार्गदर्शन दिया जाता है। कई हृदय रोगों का इलाज केवल दवाओं से संभव होने पर उसी दिशा में उपचार किया जाता है। अस्पताल की आधुनिक कैथ लैब विश्वस्तरीय तकनीकों से सुसज्जित है। इसमें ROTA Pro, FFR और IVUS जैसी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो जटिल ब्लॉकेज की सटीक जांच और सुरक्षित उपचार में मदद करती हैं। इन तकनीकों से एंजियोप्लास्टी अधिक सटीक, सुरक्षित और कम



कष्टदायक बनती है।

इट्सा हॉस्पिटल में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार ड्रग-कोटेड बैलून, प्रीमियम स्टेंट और एडवांस कार्डियक इंटरवेंशन का उपयोग किया जाता है, जिससे मरीजों को सुरक्षित और टिकाऊ उपचार मिल सके। अस्पताल 24×7 इमरजेंसी कार्डियक सेवाओं से भी लैस है। ER-प्रशिक्षित डॉक्टर, ICU क्रिटिकल केयर टीम और रैपिड रिस्पॉन्स सपोर्ट किसी भी हार्ट इमरजेंसी में तुरंत उपचार के लिए तैयार रहते हैं। इसके अलावा अस्पताल हाई-रिस्क एंजियोप्लास्टी, लीडलेस पेसमेकर, कंडक्शन सिस्टम पेसिंग और जटिल हाइब्रिड कार्डियक इंटरवेंशन जैसी उन्नत प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक कर रहा है। इट्सा हॉस्पिटल अब रायपुर में विश्वस्तरीय हृदय देखभाल का भरोसेमंद केंद्र बनकर उभर रहा है।

आधुनिक चिकित्सा के साथ समर्पित विशेषज्ञों की टीम

इट्सा हॉस्पिटल में समर्पित विशेषज्ञों की टीम आधुनिक चिकित्सा एवं संपूर्ण देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. अभिजीत कोहाट 18 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ क्लिनिक का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने सिंगापुर से पार्किंसंस एवं मूवमेंट डिसऑर्डर में विशेष फेलोशिप प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जिससे रायपुर में भी महानगरों जैसी उन्नत न्यूरोलॉजी सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। डॉ. राजकुमार बरनवाल, डायरेक्टर एवं सीनियर कंसल्टेंट (इंटरनल मेडिसिन, इट्सा हॉस्पिटल्स), मरीजों की समय पर देखभाल, मधुमेह नियंत्रण और जीवनशैली प्रबंधन पर विशेष ध्यान देते हैं। वहीं, डॉ. तनुकी नेरल 15 वर्षों के अनुभव के साथ उन्नत पुनर्वास उपचार द्वारा मरीजों की गतिशीलता और जीवन की गुणवत्ता सुधारने में अहम भूमिका निभाती हैं। वहीं, जितेश कुमार वाणी भाषा एवं निगलने संबंधी समस्याओं के विशेषज्ञ हैं, जबकि एशिका जायसवाल मानसिक एवं भावनात्मक सहयोग देकर मरीजों के समग्र मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाती हैं।

रायपुर में अब पार्किंसंस एवं मूवमेंट डिसऑर्डर का उन्नत इलाज इट्सा हॉस्पिटल लेकर आया विश्वस्तरीय न्यूरोलॉजी एवं रीहैबिलिटेशन सेवाएं

रायपुर में अब पार्किंसंस एवं मूवमेंट डिसऑर्डर के मरीजों को उन्नत इलाज के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इट्सा हॉस्पिटल ने शहर में विश्वस्तरीय न्यूरोलॉजी एवं पुनर्वास सेवाओं के साथ विशेष पार्किंसंस एवं मूवमेंट डिसऑर्डर क्लिनिक की शुरुआत की है। यहां मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम, आधुनिक जांच सुविधाएं और संपूर्ण देखभाल एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है।

पार्किंसंस एक गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी है, जिसमें हाथ कांपना, शरीर में जकड़न, चलने में कठिनाई, संतुलन बिगड़ना, आवाज धीमी होना और निगलने में परेशानी जैसी समस्याएं धीरे-धीरे बढ़ती हैं। समय पर इलाज न मिलने पर मरीज का आत्मविश्वास और दैनिक जीवन प्रभावित होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए अस्पताल में प्रत्येक सोमवार दोपहर 12 से 3 बजे तक विशेष ओपीडी संचालित की जा रही है। अस्पताल में न्यूरोलॉजी परामर्श, एमआरआई ब्रेन इमेजिंग, न्यूरोडायग्नोस्टिक जांच, फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच एवं स्वैलो थेरेपी, मनोवैज्ञानिक परामर्श और प्रशिक्षित नर्सिंग सहायता जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की LSVT BIG, LSVT LOUD और Perturbation Board Therapy जैसी उन्नत पुनर्वास तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है, जो मरीजों की गतिशीलता, संतुलन, बोलने की क्षमता और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने में मदद करती हैं। अस्पताल में डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (DBS) जैसी उन्नत प्रक्रियाओं के लिए मूल्यांकन एवं फॉलो-अप सुविधा भी उपलब्ध है। विशेषज्ञों के अनुसार शुरुआती लक्षणों की समय पर पहचान और सही उपचार से पार्किंसंस मरीज सामान्य और बेहतर जीवन जी सकते हैं। आधुनिक तकनीक, अनुभवी विशेषज्ञों और मरीज-केंद्रित सेवाओं के कारण ITSA Hospital रायपुर में न्यूरोलॉजी उपचार का भरोसेमंद केंद्र बनकर उभर रहा है।

बागरेकसा केंद्र में 52 लाख का घोटाला प्रबंधक सहित अन्य पर एफआईआर

औचक जांच के लिए पहुंचे थे अफसर, 696.06 क्विंटल धान के गबन का मामला सामने आया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खास खबर

जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बागरेकसा में शासकीय धान खरीदी में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। कलेक्टर के निर्देशन में प्रशासनिक अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा की गई औचक जांच में 52 लाख 57 हजार रुपये मूल्य के 1696.06 क्विंटल धान के गबन का मामला सामने आया है। इस मामले में समिति के कर्मचारियों ने मिलकर रिकॉर्ड में हेराफेरी करते हुए इस सुनियोजित घोटाले को अंजाम दिया। इस मामले में समिति प्रबंधक सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर कराई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच दल द्वारा उपार्जन केंद्र बागरेकसा का भौतिक सत्यापन किया गया, जहां मौके पर केंद्र प्रभारी नीलकंठ साहू और डाटा एंट्री ऑपरेटर ओम कुमार यादव उपस्थित थे। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में केंद्र द्वारा 1 लाख 64 हजार 169 बोरियों में कुल 65 हजार 627.60 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया था। इसमें से 29 हजार 501.46 क्विंटल धान राइस मिलर्स को तथा 34 हजार 430.08 क्विंटल धान संग्रहण केंद्रों को परिदान किया गया। इस तरह कुल 63 हजार 931.54 क्विंटल धान प्रदाय किया गया। ऑनलाइन रिकॉर्ड के अनुसार केंद्र में 1696.06 क्विंटल धान शेष होना अनिवार्य था, लेकिन भौतिक सत्यापन के दौरान परिसर में एक किलो धान भी नहीं पाया गया। गायब हुए इस धान को समिति प्रबंधक और ऑपरेटर द्वारा सूखत बताकर मामले को दबाने का प्रयास किया गया।

मिलर्स को भेजे धान में ही घोटाला

विशेष बात यह रही कि जांच दल ने जब संग्रहण केंद्रों को भेजे गए धान की जावक पर्चियों का मिलान किया तो वहां वास्तविक वजन ही दर्ज पाया गया। इससे यह स्पष्ट हो गया कि केवल राइस मिलर्स को भेजे गए धान के कागजों में ही यह सुनियोजित डिजिटल घोटाला किया गया है। इस गंभीर वित्तीय धोखाधड़ी और शासकीय संपत्ति के गबन के मामले में दोषी पाए गए समिति प्रबंधक नीलकंठ साहू, ऑपरेटर ओम कुमार यादव और अन्य संलिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

फर्जी आंकड़े किए दर्ज

जांच में यह बात सामने आई कि धर्मकांटा से प्राप्त वास्तविक वजन की प्रविष्टि कंप्यूटर में नहीं की गई, बल्कि इसके बजाय फर्जी और काल्पनिक आंकड़े दर्ज किए गए। मिलर्स को भेजे जाने वाले धान में समिति प्रबंधक और ऑपरेटर द्वारा कूटरचित तरीके से प्रति बोरा दो किलो की कमी दर्ज की गई। उदाहरण के तौर पर 875 बोरो वाले वाहनों में वास्तविक वजन छुपाकर 17.50 क्विंटल और 800 बोरो वाले वाहनों में 16 क्विंटल की फर्जी कमी दिखाई गई। इसी तरह 700 बोरो में 14 क्विंटल, 600 बोरो में 12 क्विंटल और 500 बोरो वाले वाहनों में 10 क्विंटल धान की मनगढ़ंत कमी कंप्यूटर मॉड्यूल में दर्ज की गई।

कोरिया की राजनीति में मची हलचल

चौपाल में सीएम साय से विधायक रेणुका की शिकायत, भाजयुमो महामंत्री को मिला नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

भीषण गर्मी के बीच इन दिनों कोरिया जिले का सियासी तापमान भी शबाब पर है। 21 मई को जनपद पंचायत सोनहत के कुशहा पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सामने अपनी ही पार्टी की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह के खिलाफ आवाज उठाना भाजयुमो जिला महामंत्री मनोज साहू को भारी पड़ गया। भाजपा कोरिया जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर 7 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। इस कार्रवाई के बाद जिले की राजनीति में बयानबाजी और आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है।

■ कांग्रेस के पूर्व विधायक गुलाब ने भी कसा तंज

विदित हो कि सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री श्री साय सोनहत के ग्राम कुशहा में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों से योजनाओं और समस्याओं को लेकर सीधा संवाद कर रहे थे। इसी दौरान भाजयुमो जिला महामंत्री मनोज साहू ने सार्वजनिक मंच से अपनी ही पार्टी की भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह पर सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय के सामने कहा कि विधायक का सोनहत क्षेत्र में प्रवास नहीं होता और वे जनता के बीच सक्रिय नजर नहीं आतीं। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

वीडियो वायरल, सोशल मीडिया में मचा बवाल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सामने दिए गए इस बयान का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होते ही राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ गई। विपक्षी कांग्रेस ने इसे भाजपा के अंदरूनी असंतोष का बड़ा संकेत बताते हुए सरकार और संगठन दोनों पर हमला बोला है। मामले में क्षेत्र के पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा है कि जनता परेशान हैं और भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता खुद अपनी बात रखने के लिए विवश हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर सत्ताधारी दल के नेता ही सार्वजनिक मंच पर शिकायत कर रहे हैं, तो क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

हाईकोर्ट ने रिटायर्ड संयुक्त आयुक्त की चार्जशीट पर लगाई रोक

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्त संयुक्त आयुक्त भागीरथी जोशी के खिलाफ जारी विभागीय चार्जशीट की प्रभावशीलता और आगे की कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी है। याचिकाकर्ता बीआर जोशी वर्ष 1993 में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में नियुक्त हुए थे और 31 जनवरी 2026 को संयुक्त आयुक्त पद से सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के करीब तीन महीने बाद, 9 अप्रैल 2026 को विभाग ने उनके खिलाफ विभागीय चार्जशीट जारी कर जांच प्रक्रिया शुरू की। चार्जशीट में लगाए गए आरोप वर्ष 2004-05 और 2007-08 से जुड़े बताए गए हैं। याचिका में कहा गया कि संबंधित मामलों की जांच पहले ही सक्षम अधिकारियों, कलेक्टर और लोकायुक्त स्तर पर हो चुकी थी। जांच के बाद मामलों को बंद भी कर दिया गया था।

10 वर्षीय बच्चे पर तेंदुए ने किया हमला, भर्ती

गरियाबंद। कोदोबात्तर के चट्टानपारा में 10 वर्षीय बच्चे पर तेंदुए ने अचानक हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार धनेश कुमार कमार (10 वर्ष), पिता पुनूराम कमार मंगलवार शाम करीब 7 बजे पड़ोस के घर से टीवी देखकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान घात लगाए बैठे तेंदुए ने अचानक उस पर झपट्टा मार दिया। तेंदुए ने बच्चे के गले को अपने जबड़ों में दबोच लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

75 लाख का गांजा जब्त, पांच पकड़े गए

आरोपी भागने के दौरान खुद हो गए हादसे का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले की देवभोग पुलिस ने फिल्मी अंदाज में घेराबंदी कर दो स्विफ्ट कारों से करीब 75 लाख के गांजे के साथ कुल 86 लाख 53 हजार का सामान जब्त किया है। मामले में एक नाबालिग समेत 5 आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े जाने के डर से तस्करों ने पुलिसकर्मियों पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की, लेकिन कार दुर्घटना ग्रस्त हो गई। पुलिस ने आरोपियों को धर दबोचा।

थाना प्रभारी फैजुल हुदा शाह ने बताया कि तेज रफ्तार में भाग रही तस्करों की दोनों स्विफ्ट कारें अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गईं। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर पांचों को हिरासत में ले लिया। कारों की तलाशी लेने पर उसमें से डेढ़ क्विंटल गांजा बरामद हुआ, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 75 लाख रुपए आंकी गई है। सभी आरोपी मध्य प्रदेश के गांधी नगर और साजनाबाद जिले के रहने वाले हैं। पकड़े गए तस्करों में एक नाबालिग है, जबकि अन्य 4 आरोपियों की उम्र 22 से 26 साल के बीच है। पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि वे हमेशा की तरह इस बार भी एक बड़े नेटवर्क के इशारे पर मोटी मजदूरी के चक्कर में गांजा सप्लाई करने जा रहे थे।दो अलग–अलग सूचनाओं पर संयुक्त कार्रवाई कर कुल 156.06 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। मामले में विधि से संघर्षरत बालक सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

पकड़े गए आरोपी

राहुल राजपूत, संजय बामने, साहिल खान सभी निवासी बाजपेई नगर साजनाबाद भोपाल, अनिकेत उर्फ अंकित पाल बिसनखेड़ी बायपास गांधीनगर भोपाल, और विधि से संघर्षरत बालक शामिल है।

छत्तीसगढ़ ने विकास की दिशा में रचा नया कीर्तिमान

नीति आयोग के 'चैंपियंस ऑफ चेंज' कार्यक्रम में उसूर विकासखण्ड को राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नीति आयोग के मार्गदर्शन में संचालित "चैंपियंस ऑफ चेंज " कार्यक्रम के अंतर्गत बीजापुर जिले के उसूर विकासखण्ड ने अक्टूबर–दिसंबर 2025 तिमाही में सेंट्रल इंडिया ज़ोन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

यह उपलब्धि राज्य सरकार की जनकेंद्रित विकास सोच, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, सतत मॉनिटरिंग तथा विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों की राष्ट्रीय स्तर पर मिली महत्वपूर्ण मान्यता है। यह सफलता केवल बीजापुर जिले तक सीमित नहीं, बल्कि समूचे छत्तीसगढ़ के विकास मॉडल की प्रभावशीलता को भी रेखांकित करती है। विशेष रूप से आकांक्षी और दूरस्थ क्षेत्रों में शासन की योजनाओं की प्रभावी पहुंच, सेवा प्रदायगी में सुधार तथा विकास संकेतकों में सकारात्मक परिवर्तन को इस उपलब्धि ने राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दी है।

आकांक्षी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध: विष्णु देव

क्या है 'चैंपियंस ऑफ चेंज' कार्यक्रम

उल्लेखनीय है कि नीति आयोग द्वारा संचालित "चैंपियंस ऑफ चेंज " कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं संबद्ध सेवाएं, आधारभूत संरचना तथा सामाजिक विकास जैसे महत्वपूर्ण मानकों पर विकासखण्डों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता है।

छत्तीसगढ़ के लिए गर्व और विश्वास का क्षण: साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि नीति आयोग के 'चैंपियंस ऑफ चेंज' कार्यक्रम में बीजापुर के उसूर विकासखण्ड का राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व और विश्वास का क्षण है। यह उपलब्धि बताती है कि हमारा छत्तीसगढ़ अब आकांक्षी क्षेत्रों में भी विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए मानक स्थापित कर रहा है। कभी चुनौतियों के लिए पहचाने जाने वाले दूरस्थ अंचल आज स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, आधारभूत सुविधाओं और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। यह सफलता हमारी जनकेंद्रित विकास सोच, विभागीय समन्वय, सतत मॉनिटरिंग और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की प्रतिबद्धता का परिणाम है।

सूचना

प्रारूप पच्चीस

नगर विकास योजना तैयार करने के आशय की घोषणा हेतु सूचना

(छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम (क्र. 23 सन 1973) की धारा 50 की उप-धारा (2) एवं छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश नियम 2020 के नियम 27 (1) एवं प्रारूप- XXV के अनुसार)

क्र. 3514/5 (1) / नि-प्र- छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, (क्र. 23 सन 1973) की धारा 50 की उप-धारा (2) के अधीन सर्वसाधारण की जानकारी के लिए एतद्द्वारा यह घोषित किया जाता है तथा प्रकाशित किया जाता है कि नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, ग्राम रमचंडी एवं बरौदा तहसील मंदिर हसौद के अंतर्गत कुल 88.297 हे. भूमि पर नगर विकास योजना तैयार करने का आशय रखता है। उक्त नगर विकास योजना में सम्मिलित की गई भूमि का खसरा विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	तहसील	ग्राम	बसरा क्र.	खसरा क्र.	पूर्ण / भाग	भू-स्वामित्व	प्रभावित रकबा (हे.)
1	मंदिर हसौद	रमचंडी	77/4	106	का भाग	शासकीय/ शासकीय संस्था	0.029
2	मंदिर हसौद	रमचंडी	77/4	107	का भाग	शासकीय/ शासकीय संस्था	0.010
3	मंदिर हसौद	रमचंडी	77/4	108	का भाग	शासकीय/ शासकीय संस्था	0.016
4	मंदिर हसौद	रमचंडी	1/1*	112/2	पूर्ण खसरा	निजी	0.052
5	मंदिर हसौद	रमचंडी	1/1*	113	पूर्ण खसरा	निजी	0.105
6	मंदिर हसौद	रमचंडी	1/1*	114	पूर्ण खसरा	निजी	0.049
7	मंदिर हसौद	रमचंडी	1/1*	115	पूर्ण खसरा	निजी	0.065
8	मंदिर हसौद	रमचंडी	116	116	पूर्ण खसरा	निजी	0.162
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

जैकेट के शेष

तपती दोपहर में ....

कसडोल में अपनी सरकार को परखने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनकी पूरी टीम लगातार प्रदेश प्रवास पर हैं। इस अभियान के दौरान वे अब तक लगभग पंद्रह जिलों का दौरा कर चुके हैं। इन दौरों में उन्हें क्या अनुभव हुए? किन शिकायतों और समस्याओं से वे रूबरू हुए? और किन व्यवस्थाओं तथा जनसहभागिता ने उन्हें संतोष और आनंद का अनुभव कराया? इन्हीं तमाम मुद्दों पर हमने उनसे विस्तार से खास बातचीत की।

चिरमिरी के विश्रामगृह में .....

कि नहीं; पटवारी वहां रहता है कि नहीं, ये फील्ड में जाने से, गांव के लोगों के बीच में जाने से इसकी वास्तविकता पता चलती है। और हम एक सुशासन भी देना चाहते हैं और इसलिए जरूरी हो जाता है कि सुशासन तिहार के माध्यम से हम जनता के बीच में जाएं।

0 आपका तो बड़ा लंबा राजनीतिक जीवन है। 90 में पहली बार आप विधायक बने, हालांकि उससे पहले पंच-सरपंच भी आप रहे। तो क्या उस समय से आपके जेहन में कोई अनुभव ऐसा रहा कि अगर मैं कभी राज्य का मुख्यमंत्री बना, तो इस तरीके से काम करूंगा? या जब मुख्यमंत्री बन गए, तो अधिकारियों ने कहा कि सर, कुछ तो करना है, तो चलो ऐसा कर लेते हैं? यह सुशासन तिहार की परिकल्पना विष्णुदेव साय के राजनीतिक जीवन की कल्पना है या मुख्यमंत्री बन जाने के बाद अफसरों की दी हुई सलाह?

00 नहीं, ऐसी बात नहीं है। मैं एक किसान का बेटा हूं और हम कम उम्र में ही अनाथ हो गए थे, 10 साल की उम्र में ही पिताजी का साया हमारे सर से उठ गया था। कभी यह सोचते नहीं थे कि कभी विधायक बनेंगे, सांसद बनेंगे, प्रदेश का मुख्यमंत्री का दायित्व मिलेगा। लेकिन, भारतीय जनता पार्टी में एक कार्यकर्ता के नाते और जो भी दायित्व पार्टी का मिला, उसको पूरी निष्ठा-ईमानदारी के साथ करते गए। आज मुख्यमंत्री का दायित्व पार्टी ने और हमारे शीर्षस्थ नेताओं ने दिया है। जब छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हुआ, उसके बाद 15 साल अपनी सरकार थी। डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में, तो उस समय भी डॉक्टर साहब गर्मी के दिनों में ही चूंकि गर्मी के दिन में लोग थोड़ा सा फुर्सत में रहते हैं, खेती-बाड़ी भी थोड़ी कम होती है, लोग घरों में रहते हैं, तो घूमते रहते थे लेकिन लोगों से संपर्क करने का एक अच्छा समय होता है। लोगों के बीच जाने से ही पता चलता है कि सरकार के प्रति लोगों का क्या रुझान है, क्या उनकी सोच है।

और जब हमको मुख्यमंत्री का दायित्व मिला, तो चूंकि उस समय का हमको अनुभव था, उस समय भी हम विधायक-सांसद के रूप में कार्यक्रम अटेंड करते थे। सुशासन तिहार अभी हम लोगों ने नाम दिया है, उस समय ग्राम सुराज नाम था। इसके तहत डॉक्टर साहब भी और उस समय के हमारे मंत्री भी इस तरह से जाते थे। जब मुख्यमंत्री का दायित्व मिला, तो हमने सोचा कि जनता के बीच जाने का इससे और अच्छा माध्यम हो ही नहीं सकता और सरकार के प्रति सोच का भी मूल्यांकन इसके माध्यम से ही ठीक से किया जा सकता है।

0 आपने नाम दिया 'सुशासन'। लोगों को शासन के संदर्भ में ठीक-ठाक तरीके से काम हो जाए, इसके लिए दिक्कत रहती है। आपने कुछ ज्यादा उम्मीद तो नहीं पाल ली? आपने सुशासन नाम दिया, लोगों की उम्मीद ज्यादा तो नहीं जगा दी? किस अनुभव से गुजरते हैं विष्णुदेव साय जब लोगों के बीच जाते हैं? जो आपकी परिकल्पना थी, वैसा अधिकारी और नेता बर्ताव कर रहे हैं या अभी आप अपनी मंजिल से बहुत दूर महसूस कर रहे हैं?

00 देखिए, एक तो पिछली जो कांग्रेस की सरकार थी, उस सरकार को छत्तीसगढ़ की जनता ने बड़ा जनादेश दिया था। उन्होंने 36 वादे भी किए थे, लेकिन 5 साल पूरा उनको सरकार चलाने का अवसर मिला, उसके बावजूद उन्होंने जनता के विश्वास को तोड़ा। जनता के विश्वास में खरा नहीं उतरे, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार को और कुशासन को बहुत बढ़ावा दिए और इसीलिए अगले चुनाव में छत्तीसगढ़ की जनता ने उन्हें शासन से उखाड़ के फेंक दिया। हमने पहले तो जनता का विश्वास अर्जित करने का प्रयास किया और जो मोदी की गारंटी के काम थे, उसको हम लोग बहुत कम समय में जनता के बीच में पहुंचाए, तो इससे सरकार के प्रति जनता का विश्वास बना। वैसे भी आज पूरे देश की जनता का विश्वास बीजेपी में और हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में बढ़ा है और इसलिए लगातार हर चुनाव में, हर प्रदेश के चुनाव में, चाहे विधानसभा हो, चाहे नगरीय निकाय का हो, चाहे लोकसभा का हो, हर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को अच्छी सफलता मिल रही है।

0 इस बार भी सुशासन तिहार पर निकले हैं। पिछली बार के मुकाबले क्या अंतर दिख रहा है?

00 पिछले साल ज्यादा समस्याएं आई थीं, हालांकि उसका भी सरकार की तरफ से निदान हुआ। उसके बनिस्बत इस बार कम समस्याएं आ रही हैं और चूंकि कलेक्टरों को भी हिदायत थी अप्रैल महीने में कि आप लोग अपने-अपने जिले में पुराने-पुराने केस पेंडिंग रहते हैं उसको आप लोग निपटाएं। जब समीक्षा बैठक कर रहे हैं तो जानकारी मिल रही है, सैकड़ों-हजारों की संख्या में पुराने राजस्व के केस निपट रहे हैं। समाधान शिविर में भी जो जा रहे हैं और खुद पूछ भी रहे हैं गांव में, तो उनके यहां बहुत सारी सुविधाएं उनको उपलब्ध हो रही हैं, चाहे वह राशन का मामला हो, चाहे बिजली बिल का मामला हो, चाहे पेयजल की व्यवस्था हो, स्वस्थ हो, चिकित्सा हो तो यह सब उन तक पहुंच पा रहा है। तो यह मतलब पिछले समय से इस समय के सुशासन तिहार में अंतर देखने को मिला है।

0 लोग पानी के संकट को लेकर बार-बार आपसे गुहार कर रहे हैं कई जगहों पर। तो बड़ा अचरज होता है जब जल जीवन मिशन जैसी महत्वाकांक्षी योजना देश भर में लागू हुई, मोदी जी ने कहा था हर घर नल से जल और उसके तहत हजारों करोड़ रुपया छत्तीसगढ़ को भी मिला, फिर भी लोग पीने के पानी के लिए अभी भी परेशान हैं। क्या महसूस करते हैं, कहां चूक गए हम?

00 देखिए, एक तो जब 15 साल बीजेपी की सरकार थी तो पर्याप्त मात्रा में हैंडपंप भी खोदे, जल आवर्धन योजना से लेकर यह सब योजना भी चली। और बाद में यह सौभाग्य हुआ कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने जिस तरह से उनका संकल्प था कि हर घर में बिजली हो, हर घर में बैंक का खाता हो, हर घर में शौचालय हो, उसी तरह से हर घर में पाइप द्वारा पानी भी पहुचे। लेकिन पिछली जो यहां की कांग्रेस की सरकार थी, उस योजना को ठीक से लागू नहीं की और वह भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। अगर उनकी सरकार के समय यह काम सही होता, तो हम समझते हैं कि आज इतनी पेयजल की समस्या नहीं होती। लेकिन हम लोग सरकार में आने के बाद काफी संभालने का प्रयास किया है, स्टेट बजट से भी राशि दी है। चूंकि आजकल वाटर लेवल भी काफी डाउन हो रहा है, तो हैंडपंप वगैरह भी सूखते चले जा रहे हैं। उसके लिए भी हम लोग उपाय कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने जल जीवन मिशन 2.0 फिर से प्रारंभ किया है, उससे पैसे मिलेंगे तो निश्चित रूप काम और होगा।

0 सुशासन तिहार में नक्सल मोर्चे पर मिली सफलता किस तरीके से जाहिर हो रही है? लोगों के बीच में इसका कोई रिएक्शन है?

00 देखिए, इसकी तो जहां भी जा रहे हैं, प्रशंसा हो रही है प्रदेश सरकार की और भारत सरकार की। क्योंकि यह समस्या ऐसी समस्या थी, यह तो राष्ट्रीय समस्या थी और बड़ी तादाद में हमारे छत्तीसगढ़ में यह समस्या बची थी। ऐसा लगता था लोगों को कि पता नहीं कभी इसका मतलब निदान होगा भी कि नहीं, कि ऐसे ही बस्तर के लोग विकास से अछूते रहेंगे। लेकिन जब डबल इंजन की सरकार बनी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आशीर्वाद मिला और हमारे देश के गृह मंत्री की दृढ़ इच्छाशक्ति हुई, और हमारे जवानों का अदम्य साहस के कारण, उस क्षेत्र की जनता का समर्थन भी मिला क्योंकि वे लोग नक्सलवाद से मुक्ति चाहते थे। इस असंभव से काम को संभव करने में हम लोग कामयाब हुए, तो इसकी सर्वत्र तारीफ हो रही है।

आसमान में उड़ता ....

फैसले दिनों, बल्कि कई बार हफ्तों तक लंबित रह जाते थे। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। फाइलें अब दिनों के अंतराल से नहीं, बल्कि घंटों और मिनटों के भीतर निपट रही हैं। ई-ऑफिस की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें केवल फाइल के आने-जाने की तारीख ही नहीं, बल्कि यह भी दर्ज होता है कि फाइल कितने बजे प्राप्त हुई और कितने बजे उसका निराकरण हुआ। शासन की कार्यप्रणाली में यह तकनीक के बढ़ते प्रभाव के साथ ही पारदर्शिता और गति की एक बड़ी मिसाल बनकर सामने आ रही है।

फांसी पर लटके ....

हुई हैं। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम और दहशत का माहौल है। थाना मोहन नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

तिरुपति और जगन्नाथधाम ....

लेकिन घटना के बारे में परिवार के लोग कुछ भी कहने से बचते रहे। पता चला है कि मृतक किसी निजी संस्थान में काम करता था। इसके अलावा उसका व्यक्तिगत काम भी था। वह शेयर में भी निवेश करता था। उनका परिवार कुछ दिन पहले ही तिरुपति बालाजी के दर्शन करने गया था। इसके बाद कल ही पुरी में भगवान जगन्नाथ का दर्शन करके लौटा था

मनोरोग विशेषज्ञ ने .....

पर गंभीर असर पड़ता है। कई बार व्यक्ति सही और गलत का निर्णय लेने की स्थिति में नहीं रह जाता और परिवार के भीतर ही गंभीर घटनाएं घट जाती हैं। हालांकि डॉ. गुप्ता ने यह भी साफ कहा कि दुर्ग के आर्य नगर मामले में वास्तविक वजह क्या थी, इसका खुलासा पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही हो पाएगा।

माता-पिता दोनों आईएएस ....

शशांक रतनू ने कहा कि लोगों को उनकी सैलरी की वजह से नहीं, बल्कि उनके सामाजिक दर्जे के आधार पर बाहर किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रुप-ए कर्मचारियों को बाहर किया गया है और ग्रुप-बी कर्मचारियों को भी बाहर किया जाता है। इस पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के साथ सामाजिक गतिशीलता आती है। ऐसे में अगर अगली पीढ़ी भी आरक्षण मांगती रहेगी तो समाज कभी इससे बाहर नहीं निकल पाएगा। उन्होंने कहा कि यह भी एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है। जस्टिस नागरत्ना ने आगे कहा कि छात्रों के माता-पिता अच्छी नौकरियों में हैं, अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन उनके बच्चे फिर भी आरक्षण चाहते हैं। उन्होंने टिप्पणी की कि उन्हें अब आरक्षण से बाहर निकलना चाहिए। **इस विषय पर हमें ध्यान देना होगा** : बेंच ने कहा, 'शैक्षिक और आर्थिक सशक्तिकरण के साथ सामाजिक गतिशीलता आती है। इसलिए बच्चों के लिए आरक्षण की मांग करना एक ऐसा मुद्दा है जिससे हम कभी बच नहीं पाएंगे। यह भी एक ऐसा विषय है जिस पर हमें ध्यान देना होगा।' अदालत ने आगे यह भी कहा कि कई सरकारी आदेशों में पहले से ही ऐसे उन्नत वर्गों को आरक्षण के लाभों से बाहर रखने का प्रावधान है, लेकिन अब इन प्रावधानों को चुनौती दी जा रही है। **सामाजिक गतिशीलता मौजूद** : कोर्ट ने टिप्पणी की, 'सामाजिक गतिशीलता मौजूद है। अब सरकार ने इन सभी लोगों को बाहर करने के आदेश जारी किए हैं और वे इस बहिष्कार पर सवाल उठा रहे हैं। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा।' कार्यवाही के दौरान अदालत ने उन परिवारों द्वारा आरक्षण लाभों की निरंतर मांग पर सवाल उठाया, जिन्होंने कोटा प्रणाली के माध्यम से पहले ही सामाजिक और आर्थिक उन्नति हासिल कर ली है।

भाजपा नेत्री से ....

आरोपी का वीडियो हो रहा है वायरल - मामला सामने आने के बाद आरोपी का वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी संजय सिंह कह रहा है कि पीड़िता बीजेपी नेत्री ने अपने रसूख का फायदा उठाकर उसके साथ 80 लाख रूपए की ठगी को अंजाम दिया है।

संजय का बदला ....

2025 को आरोपी ने रायपुर से बिलासपुर लौटते समय कार में ही दुष्कर्म किया था। इसके बाद भी उसके कॉल लगातार आते रहे। बातचीत में संजय सिंह समझाता रहा कि यह सब भूल जाओ, नहीं तो व्यापार से भी हाथ धोना पड़ेगा और राजनीतिक छवि भी खराब होगी।

2021 में फेसबुक ....

बताया कि उनका व्यापारिक अकांउट सिद्धि विनायक इंजीकॉन उस दौरान चालू नहीं था, प्रोसेस में था। 2025 जनवरी से दिसंबर 2025 तक एक करोड़ 57 लाख रूपए पीड़िता ने 7 किश्तों में दिया। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता के खाते में भी प्रॉफिट ट्रांसफर कर दिया।

'मां बनना गुनाह ....

एशियन गेम्स के सिलेक्शन ट्रायल में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करे। विनेश मैटरनिटी ब्रेक के बाद वापसी कर रही हैं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
फोन नं. 07821-247029, Email- cmokumhari@gmail.com

--: रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) :--

क्रं./313 / राज.वि./न.पा./2026 कुम्हारी, दिनांकः 22/05/2026

एतद द्वारा निकाय क्षेत्रान्तर्गत बड़ा तालाब उद्यान वार्ड क्र.-01 के रखरखाव व संधारण कार्य हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संस्था से सीलबंद लिफाफे में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अपनी रुचि की अभिव्यक्ति ऑफर दर तीन लिफाफा पद्धति से दिनांक 08.06.2026 शाम 5.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है :-

क्र.	कार्य का विवरण	लागत राशि (लाख में) (3 वर्ष के लिए)
1	बड़ा तालाब उद्यान वार्ड क्र.-01 के रखरखाव व संधारण कार्य।	15.00

नियम एवं शर्तेः- रूचि की अभिव्यक्ति अंतर्गत नियम एवं शर्ते विभागीय वेबसाईट में uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं। विस्तृत नियम, शर्ते व अन्य जानकारी कार्यालय के राजस्व विभाग से कार्यालयीन अवधि में प्राप्त किया जा सकता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कुम्हारी

पेज एक के शेष

गांजा-ड्रग्स के हर माह ...

पदार्थों से जुड़े मामलों की सुनवाई करेंगी। इससे ड्रग तस्करी, प्रतिबंधित पदार्थों की सप्लाई और अवैध कारोबार से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे का रास्ता साफ होगा। मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ न्यायालय एनडीपीएस के प्रकरणों की नियमित सुनवाई कर रहा है। यही कारण है कि रायपुर में पंकज सिन्हा, किरण थवाइत तथा शैलेश शर्मा ने पिछले चार महीने में 62 एनडीपीएस के प्रकरणों की सुनवाई करते हुए तस्करों को सजा सुनाई है।

अमेरिका भारत को ...

तेल का भी जिक्र किया और संकेत दिया कि इस मोर्चे पर भी भारत के साथ संभावनाएं तलाश की जा सकती हैं। रुबियो ने कहा कि वेनेजुएला के अंतरिम राष्ट्रपति अगले हफ्ते भारत आ सकते हैं और ऊर्जा सहयोग पर बातचीत हो सकती है।

कमरौद गांव में बरगद...

के क्रियान्वयन की जानकारी ली। गांव पहुंचकर मुख्यमंत्री ने सबसे पहले मां दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना की। बाहर निकलते ही छात्र पूर्वांश साहू ने सेल्फी लेने की इच्छा जताई तो मुख्यमंत्री साय ने सहर्ष स्वीकार किया। इस दौरान तीन दिव्यांगजनों को ट्राइसिकल बांटी। बरगद के नीचे खाट लगी चौपाल में उन्होंने ग्रामीणों से राशन, बिजली, प्रधानमंत्री आवास और महतारी वंदन योजना के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य हर जरूरतमंद व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में अब तक 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री के साथ प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह और विशेष सचिव रजत बंसल भी थे। हेलीपैड पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक येतराम साहू और कलेक्टर विनय कुमार लंगेह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। **चौपाल में ग्रामीणों ने अपने अनुभव किए साझा** : लता सहिस ने बताया कि उन्हें पक्का मकान, गैस सिलेंडर और महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। परी साहू ने बताया कि वे बिहान योजना से जुड़कर लखपति दीदी बनी हैं और दुकान चला रही हैं। मोहन कुलदीप ने बताया कि दिसंबर 2025 में सोलर पैनल लगाने के बाद उनका बिजली बिल शून्य हो गया है और उन्हें 1.08 लाख रुपए की सब्सिडी मिली है। मछली पालन करने वाली मधु साहू की पानी की समस्या पर मुख्यमंत्री ने उन्हें सोलर बोर देने का आश्वासन दिया।

नई सुविधाओं और विकास...

ने गांव में कई विकास कार्यो की घोषणा की, जिसमें महिलाओं के लिए सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण, कमरौद से चरौदा तक 4 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण एवं गांव में मुक्तिधाम का निर्माण शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि सिरपुर बैराज और सिकासेर-कोडार परियोजना से जिले में सिंचाई व्यवस्था मजबूत होगी।

हीरा ग्रुप में निवेश के नाम पर 3 हजार करोड़ ठगी का आरोप

पहचान छिपाकर भी नहीं बच पाई, हीरा ग्रुप घोटाले की आरोपी नोहेरा गिरफ्तार

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने करीब 3000 करोड़ रुपये के हीरा ग्रुप निवेश घोटाले की मुख्य आरोपी नोहेरा शेख को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है। नोहेरा शेख पर देशभर के 1.72 लाख से ज्यादा निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप है। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश पुलिस ने नोहेरा शेख, मौली थॉमस, बिजू थॉमस और हीरा ग्रुप की कंपनियों के खिलाफ कई एफआईआर दर्ज की थी। जांच में सामने आया कि नोहेरा शेख ने लोगों को हीरा ग्रुप में निवेश के नाम पर हर साल करीब 36 प्रतिशत तक रिटर्न देने का लालच दिया था। बड़ी संख्या

में लोगों ने पैसा लगाया, लेकिन बाद में उन्हें ना तो मुनाफा मिला और ना ही मूल रकम वापस की गई। महिला फरार हो गई और पहचान छुपाकर गुरुग्राम में रह रही थी। इसके बाद हैदराबाद की विशेष अदालत ने 7 मई 2026 को उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया और ईडी को उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया।

ईडी की जांच में सच आया सामने

ईडी की जांच में पता चला कि निवेशकों से जुटाए गए पैसे को कंपनी खातों के जरिए निजी खातों में ट्रांसफर किया गया और उसी रकम से कई चल-अचल संपत्तियां खरीदी गईं। इसके बाद ईडी ने इन संपत्तियों को अटैच किया। कुछ संपत्तियों की नीलामी से करीब 122 करोड़ रुपये भी मिले। नोहेरा शेख लगातार फरार रही।

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर
तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

// इश्तहार //

रा.प्र.क्र/202605114900081/
अ-6/वर्ष 2025-2026 रायपुर, दिनांक
ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 69 20/05/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक संदीप दवे पिता स्व. रमाकांत दवे निवासी वी.आई.पी. रोड अमलीडीह रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन-पत्र वास्ते नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके अनुसार ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 69 रा.नि.मं. रायपुर - 11 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 289/42, 289/112, 289/130 कुल रकबा 0.3180हे. भूमि आवेदकगण एवं आवेदकगण की माता/दादी/सासु मां श्रीमती शशिकला दवे पति स्व. रमाकांत दवे के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि है। आवेदकगण एवं आवेदकगण की माता / दादी / सासु मां शशिकला दवे पति स्व. रमाकांत दवे की मृत्यु दिनांक 01/06/2025 को हो गई है तथा आवेदकगण एवं आवेदकगण की माता / दादी / सासु मां शशिकला दवे पति स्व. रमाकांत दवे के मृत्यु पश्चात् आवेदकगण एवं आवेदकगण की माता / दादी / सासु मां शशिकला दवे पति स्व. रमाकांत दवे का नाम विलोपित कर संदीप दवे पिता स्व. रमाकांत दवे, समिधा दवे पति संदीप दवे, शमीक दवे, महक दवे पिता संदीप दवे का नाम यथावत दर्ज रखे जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 12/06/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
रायपुर

फा.सं. 17/56/2022-FPD
भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
खतरनाक पदार्थ प्रबंधन प्रभाग

इंदिरा पर्यावरण भवन, जल ब्लॉक, द्वितीय तल
जोर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली – 110003
दिनांकः 08 अप्रैल, 2026

विषयः पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के परिसंकटमय पदार्थ प्रबंधन प्रभाग के 24x7 संकट नियंत्रण कक्ष में संविदा के आधार पर चार (04) अनुसंधान सहयोगियों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के परिसंकटमय पदार्थ प्रबंधन प्रभाग के 24x7 संकट नियंत्रण कक्ष (CCR) में अनुसंधान सहयोगी के चार (04) पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को मंत्रालय के दिनांक 15.04.2025 के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रति अनुसंधान सहयोगी ₹40,000/- प्रतिमाह समेकित मानदेय देय होगा। रिक्ति से संबंधित विस्तृत विवरण मंत्रालय की वेबसाइट www.moef.nic.in पर 'भर्ती लिंक' के अंतर्गत उपलब्ध है।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि मंत्रालय की वेबसाइट पर इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिन है।

अमित वशिष्ठ
वैज्ञानिक "ई"

cbc-13101/11/0001/2627

सीएम शुभेंदु ने राष्ट्रपति और रक्षा मंत्री से मुलाकात की

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बैठक की तस्वीर साझा की। पोस्ट में कहा गया, ''पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।' शुभेंदु ने नौ मई को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, जो राज्य में इस पद पर पहुंचने वाले भाजपा के पहले नेता हैं।

राशिफल



मेष — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।



वृष — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

मिथुन — आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

कर्क — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

सिंह — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

कन्या — परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

तुला — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

वृश्चिक — धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

धनु — वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

मकर — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

मीन — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सुबनसिरी में बाढ़ से तबाही, कई पुल और घर क्षतिग्रस्त

एजेंसी ▶▶ ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सुबनसिरी जिले में भारी बारिश से अचानक आई बाढ़ (फ्लैश फ्लड) ने भारी तबाही मचाई है। अधिकारियों के मुताबिक बाढ़ के कारण कई महत्वपूर्ण पुल बह गए, घरों को नुकसान पहुंचा और कई गांवों में संपर्क बाधित हो गया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एक परामर्श जारी कर लोगों से नदियों में मछली पकड़ने या अन्य गतिविधियों के लिए जाने से बचने की अपील की है, क्योंकि आगे और बारिश का अनुमान जताया गया है। अधिकारियों के अनुसार बह गए पुलों में निंगपिंग गांव के पास न्यो कोरो स्थित आरसीसी पुल और गीबा मुख्यालय को लॉन्गटे गांव से जोड़ने वाला एक अन्य पुल भी शामिल है।

बहुत भारी बारिश की चेतावनी

इस बीच, यहां के मौसम विज्ञान केंद्र ने शनिवार को ऊपरी सुबनसिरी, कमले, क्रा दादी, कुरुंग कुमे, निचला सुबनसिरी, सियांग बेल्ट और आसपास के जिलों में गरज-चमक के साथ भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। कुछ स्थानों पर रविवार को अत्यधिक भारी बारिश का अनुमान भी जताया गया है। एक अधिकारी ने बताया, /"इसी तरह की मौसम स्थिति मंगलवार तक जारी रहने का अनुमान है।

// आम सूचना //

मैं अपने पक्षकार राजकुमार पाण्डेय पिता विजय शंकर पाण्डेय के द्वारा अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण के सूचनार्थ यह आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरे पक्षकार के आधिपत्य का दस्तावेज जो कि क्रमशः दान पत्र दिनांक 31.05.2019 जो कि अखिलेश कुमार पाण्डेय के द्वारा प्रतिभा पाण्डेय के पक्ष में निष्पादित किया गया था, दान पत्र दिनांक 31.05.2019 जो कि अखिलेश कुमार पाण्डेय के द्वारा मुझ आवेदक राजकुमार पाण्डेय के पक्ष में निष्पादित किया गया था। तथा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 19.07.2010 जो कि अनूप कुमार वगैरह के द्वारा अखिलेश कुमार पाण्डेय के पक्ष में निष्पादित किया गया था एवं पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 29.09.1987 जो कि श्रीमती जनकनंदनी धर्मशाला ट्रस्ट के द्वारा अज्ञान अखिलेश कुमार पाण्डेय के पक्ष में निष्पादित किया गया था। उक्त पंजीकृत दस्तावेजों का मूल प्रति मुझ आवेदक से कही गुम हो गया है तथा आज दिनांक तक मेरे पक्षकार को प्राप्त नही हुआ है। इस कारण इस आम सूचना पत्र का प्रकाशन उपरोक्त तथ्यों के प्रमाण में प्रकाशित किया जा रहा है। सो सूचना जानें।

दिनांक 22.05.2026

मनीष यादव
अधिवक्ता/नोटरी
लखन कालोनी सुभाष वार्ड भाटापारा
जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
मो. नं. 98261-95586,70008-38966

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कं. लिमि.
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कंपनी)

// बिजली बंद की सूचना //

(स./ सं.) संभाग छ.स्टे.पॉ. डिस्ट्री.कं.लिमि. कसडोल के अंतर्गत वितरण केन्द्र चांदन के सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि मानसून पूर्व लाईन मेंटेनेंस कार्य हेतु निम्नांकित दिनांक को प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक नीचे दर्शाये गये क्षेत्रानुसार विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

क्र.	तिथि	प्रस्तावित फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	25.05.2026	33 के.व्ही. चांदन फीडर	चांदन सब स्टेशन से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर
2	26.05.2026	11 के.व्ही. चांदन व राजादेवरी	चांदन, राजादेवरी, मुगुलभाठा
3	28.05.2026	11 के.व्ही. कुशभाठा बस्ती	कुशभाठा, कुशगढ़, कुम्हारीडीपा
4	29.05.2026	11 के.व्ही. रिकोकला बस्ती व रूनझुनी बस्ती	सुखरी, छतवन, लुकाउपाली, रिकोकला, रिकोखुर्द, रूनझुनी, अमरूवा
5	30.05.2026	33 के.व्ही. भगतदेवरी व राजपुर फीडर	मानदीप सब स्टेशन से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर
6	01.06.2026	11 के.व्ही. थरगांव बस्ती व सोनपुर बस्ती	थरगांव, कुशगढ़, भानपुर
7	02.06.2026	33 के.व्ही. परसवानी व राजादेवरी	राजादेवरी व सोनपुर एवं नगेडा सबस्टेशन से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर
8	03.06.2026	11 के.व्ही. पुरानी बिलारी बसती	थरगांव, निठोरा, तिलसाभाठा
9	04.06.2026	11 के.व्ही. नगेडा बस्ती	गनीयारी, नगेडा, करमेल, सराईपाली, गांजरडिही, अर्जुनी, बेलारी
10	05.06.2026	11 के.व्ही. सोनाखान फीडर	सोनाखान, कुम्हारी, कोर्राडीही, कसोंदी, भुषडीपाली, महकम
11	06.06.2026	11 के.व्ही. नया बिलारी बस्ती	मानदीप, नगरदा, छाता, कुरमाझर, कलमिदादर, कौवहा, जुनवानी, बानीखार, मगरदरहा

आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभव है।

"स्वहित एवं राष्ट्रहीत में ऊर्जा का संरक्षण करें"

बी.के. वर्मा 91549939
कार्यपालन यंत्री (सं./ सं.) संभाग
छ.स्टे.पॉ. डि. कं. लिमि. - कसडोल

शब्द पहेली - 6234



बाएँ से दाएँ
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

ऊपर से नीचे
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

शब्द पहेली- 6233 का हल

ह	ल	च	ल	■	टा	■	द	वा	खा	ना
■	क्ष्य	■	व	■	ल	क	वा	■	र	ज
ज	■	■	कु	सु	म	■	त	■	■	नी
ब	द	मा	श	■	टो	ना	■	सौ	त	न
र	■	हि	■	फा	ल	■	प्रा	■	न	■
न	ग	र	वा	सी	■	ग	ण	ना	य	क
■	र	■	द	■	मा	ली	■	पा	■	ल
अ	ल	ग	■	म	न	■	चौ	की	दा	र
प	■	■	चि	■	सि	स	की	■	■	व
रा	ज	■	क	न	क	■	दा	■	मे	■
ध	ड़	क	न	■	ता	■	री	मा	ला	गू

सूडोकु नवताल - 6244

★★★★☆ कठिन

		5			3			
	2			9	5			
9						6		
							3	5
	6						7	
4	8							
		7						3
			2	4			9	
			8			2		

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6243 का हल

4	2	5	8	6	1	9	7	3
7	3	1	9	4	2	8	5	6
6	9	8	7	3	5	4	2	1
1	6	2	3	8	9	5	4	7
9	4	3	5	1	7	6	8	2
8	5	7	4	2	6	3	1	9
2	1	9	6	5	8	7	3	4
5	7	4	1	9	3	2	6	8
3	8	6	2	7	4	1	9	5

घोघरा गांव में पागल सियार के हमले से दहशत, पांच घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिले के पिथौरा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम घोघरा और आसपास के इलाकों में इन दिनों दहशत का माहौल है। एक पागल सियार, जो खेतों और गांव के आसपास घूम रहा है, बेहद आक्रामक हो चुका है और सामने आने वाले लोगों पर सीधा हमला कर रहा है।

इसके डर से ग्रामीणों का अपने घरों से निकलना और खेतों में जाना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार 22 मई को इस सियार ने गांव के पास अलग-अलग स्थानों पर लगभग पांच लोगों पर हमला कर उन्हें काट लिया। सियार के हमले में घायल हुए लोगों को शारीरिक चोटें आई हैं, जिनकी तस्वीरें भी सामने आई हैं। घायलों को तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया और उन्हें रैबीज के इंजेक्शन लगाए गए। इस घटना के बाद से पूरे घोघरा गांव में डर का माहौल बना हुआ है।

ग्रामीणों ने जारी की सतर्कता की अपील

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए घोघरा के ग्रामीणों ने एक-दूसरे को सतर्क रहने को कहा है। इसके साथ ही आसपास के गांवों से आने-जाने वाले राहगीरों से भी अपील की गई है कि वे इस मार्ग पर अकेले न निकलें। खेतों की तरफ जाते समय समूह में रहने और हाथों में सुरक्षा के लिए लाठी-डंडे रखने की सलाह दी जा रही है।

तेज धूप से अधेड़ की मौत

गिधौरी। ग्राम घटमड़वा में शुक्रवार को एक 55 वर्षीय व्यक्ति तेज धुप में तड़प रहा था और एम्बुलेंस से कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां जांच उपरांत डाक्टरों ने उक्त व्यक्ति मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान ग्राम बैजनाथ थाना कसडोल के रामचरण पिता रामचंद्र श्रीवास 55 वर्ष रूप में हुई है। मृतक ग्राम गिधौरी में भीख मांग कर गुजर कर रहा था तथा शराब पीने का आदि था और अपने गांव बैजनाथ नहीं रहते था। शुक्रवार को ग्राम घटमडवा में स्कूल के सामने ट्रांसफर के पास दोपहर में अचेत पड़ा हुआ था, जिसे ग्राम के सरपंच लच्छी राम गोंड द्वारा एम्बुलेंस बुलाकर कसडोल अस्पताल भेजा गया, जिसमें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों को घटना की जानकारी दी गई, पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना में जुटी है।

जमीन विवाद, बेटे ने मां-बाप से की मारपीट : महासमुंद। ग्राम तरेकेला में जमीन विवाद को लेकर एक युवक ने अपने मां-बाप से मारपीट कर दी। पुलिस को रूपसाय मनहर निवासी तरेकेला ने बताया कि 22 मई को करीबन 12 बजे ग्राम तरेकेला में सोनू खुंटे के घर के पास मेन रोड पर उसके छोटे बेटे शोभाराम मनहर द्वारा जमीन के बंटवारा के संबंध में मुझे एवं अपनी मां हीरामोती मनहर के साथ गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई।

GOVERNMENT OF JHARKHAND
Office of the Executive Engineer
Irrigation Division, Jasidih Camp-Deoghar

E-Procurement short -tender Notice

Tender Reference No. :- WRD/Irr. Div., Jasidih camp-Deoghar/SBD-IFB-03(3rd Call)/2026-27 Dt :21.05.2026

1.	Name of the work	Earthwork of Nawadih Distributary from ch. 120.00 to 196.00 and all structures including HR from ch 0.00 to 196.00
2.	Estimated Cost (Rs.)	Rs. 10,46,26,320.55 (Rs. Ten Crore Forty Six lakh Twenty Six Thousand Three hundred Twenty and Fifty five paisa) only/-
3.	Time of Completion	540 (Five Hundred Forty) Days
4.	Last date & Time for receipt of bids	**13.06.2026** Up to 5:00 P.M.
5.	Date of Publication of Tender on website	**23.05.2026** 01:00 P.M.
6.	Name & address of office Inviting tender	Executive Engineer Irrigation Division, Jasidih Camp-Deoghar
7.	Contact no. of Procurement officer	097710-63448
8.	Helpline number of e-Procurement cell	06432-232477

Note :- Only E-Tender will be accepted
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Irrigation Division, Jasidih
Camp-Deoghar

PR 380552 (Water Resource) 26-27 (D)

कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई, जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)
// सार्वजनिक सूचना//

क्र./न.नि.भि./भ.अ./201/2026 — भिलाई, दिनांक 22/05/2026

कार्यालय नगर तथा ग्राम निवेश दुर्ग के पत्र क्रमांक 411 दिनांक 24.04.2010 एवं पत्र कमांक 6676 दिनांक 27.06.2014 के माध्यम से ग्राम कोहका, प.ह.नं. 19, खसरा क्रमांक 56/1, 56/12 कुल रकबा 1.85 हेक्टयर पर देवी मैय्या बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स, पुरानी बस्ती कोहका द्वारा प्रस्तावित देवी मैय्या बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स कॉलोनी हेतु आवासीय (भूखण्डीय) विकास अनुज्ञा स्वीकृत की गई थी। स्वीकृत विकास अनुज्ञा में दर्शित शर्तों तथा छत्तीसगढ़ नगरपालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निबंधन एवं शर्ते) नियम, 1998 के नियम 10 में दर्शित प्रावधान अनुसार देवी मैय्या बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स द्वारा कमजोर आय वर्ग (EWS) हेतु कुल योजना भूमि का 15% रकबा अर्थात 29894.00 वर्गफीट भूमि आरक्षित रखा जाना था, जिसे देवी मैय्या बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स, पुरानी बस्ती कोहका द्वारा आज दिनांक तक नगरपालिक निगम भिलाई के नाम पर पंजीकृत नहीं कराया गया है और स्वीकृत विकास अनुज्ञा अनुसार मूलभूत सुविधाओं का विकास भी नहीं कराया गया है।

इस प्रकार देवी मैय्या बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स द्वारा छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956, छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 एवं छत्तीसगढ़ नगरपालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निबंधन एवं शर्ते) नियम, 1998 सहपठित छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम तथा नगरपालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निबंधन एवं शर्ते) नियम, 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है, जिस पर पूर्व में जारी नोटिस दिनांक 02.06.2010, 04.06.2010, 17.06.2010, 23.07.2010, 09.08.2010, 04.05.2019 का संदर्भ देते हुए इस कार्यालय द्वारा सूचना पत्र क्रमांक सात/दो/भ.अ./2026/1257 भिलाई दिनांक 16.02.2026 के माध्यम से नोटिस प्रेषित किया गया था, जिसका कोई जवाब प्राप्त नही होने एवं सुसंगत नियमों के निरंतर उल्लंघन से उपरोक्त कॉलोनी, अवैध कॉलोनी की श्रेणी में है।

छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 292-एफ (2) में प्रावधान किया गया है कि "आयुक्त, अवैध कालोनी निर्माण की भूमि का प्रबंध अधिग्रहित करने के प्रयोजन के लिये स्थानीय समाचार पत्रों में 3 बार सार्वजनिक सूचना प्रकाशित करेगा, ऐसी सूचना के प्रकाशन के पश्चात् यदि किसी कॉलोनी निर्माण करने वाले या भू-खण्ड धारक से कोई आपत्ति प्राप्त होती है तो आयुक्त द्वारा उस पर विचार किया जायेगा और यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो आयुक्त ऐसी भूमि का प्रबंध अधिग्रहित करेगा और उस क्षेत्र के लिये योजना बनायेगा तथा उसे ऐसी रीति तथा ऐसी शर्तों के अध्यधीन विकसित करेगा जैसी कि विहित किया जाये।"

उपरोक्त तथ्यात्मक / वैधानिक स्थितियों पर समुचित विचारोपरान्त नगरपालिक निगम भिलाई द्वारा देवी मैय्या बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स द्वारा ग्राम कोहका, प.ह.नं. 19, खसरा क्रमांक 56/1, 56/12 कुल रकबा 1.85 हेक्टयर भूमि में विकसित शीतला कॉलोनी एवं कॉलोनी में EWS हेतु आरक्षित भूमि, रकबा 29894.00 वर्गफीट का प्रबंध उपरोक्त अधिनियम 1956 की धारा 292-एफ (2) के अधीन अधिग्रहित किये जाने का प्रस्ताव है। उक्त कॉलोनी/भूमि का प्रबंध निगम द्वारा अधिग्रहित किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 15 दिवस के भीतर इस कार्यालय के कक्ष क्रमांक 04 में स्वयं या प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, भिलाई

फा.सं.सीए-05/17/2025- सीएयू एवं एमआरबी
भारत सरकार
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर), कृषि भवन, नई दिल्ली - 110001

::: रिक्ति घोषणा :::

कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल, मणिपुर में कुलपति पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। इस पद के साथ केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम, 1992 के प्रावधानों के अनुसार कुलपति की सेवा के वेतन एवं अन्य शर्तें शामिल हैं।

निर्धारित प्रोफार्मा में पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन (हार्ड कॉपी) वीसी चयन समिति, सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, आईसीएआर का कार्यालय, कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग, कक्ष संख्या 108, कृषि भवन, नई दिल्ली-110001 में **06.07.2026** शाम 5:00 बजे तक पहुँच जानी चाहिए।

इस पद के लिए विनिर्देशों का पूर्ण ब्यौरा एवं अन्य सूचना डेयर, आईसीएआर एवं केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, मणिपुर, इम्फाल की वेबसाइट (http://dare.gov.in/, https://icar.org.in/ and http://www.cau.ac.in/) पर देखी जा सकती है।

नोटः अंतिम तिथि और समय के बाद प्राप्त होने वाले या किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदन को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।

CBC 01301/11/0001/2627

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL PROJECT-I), CSPGCL,
Shed No. 02, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574567, website www.cspc.co. in E-mail:- cspgcl.coal@gmail.com

PROJ/1247/2026-ED (CIVIL- PROJ) OFC SECTION — I/431834/2026

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned in detailed NIT and having experience of similar nature of work in Govt./Public Sector Undertaking/Power Generating Companies in India only may also be considered on submission of experience certificate for following work as mentioned below :-

Sl. No.	Tender Specification No.	Description	NIT value i/c GST (Rs.)	EMD (Rs.)	Completion period (incl. Rainy season)	Rfx No.
1	CE(CP-I)/ 2x660MW/W/ 2026-27/T-139	Deployment of manpower on outsourcing basis viz. carpenter, fitter, bar bender & helper to expedite the various construction activity of proposed 2x660MW Super Critical Thermal Power Project, CSPGCL, Korba West (C.G.)	3,84,04,340/-	3,84,050/-	06 Months	8100051451

Cost of tender form is Rs. 1180/- (Rs.1000/- + 18% GST). Due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 12.06.2026 (up to 16:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 15.06.2026 (at 16:30) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal. The detailed NIT can also be downloaded from our website using link https://cspc.co.in/ cspgcl tender notices → Central office. **Amendment/ Corrigendum /Extension, if any, will only be uploaded on company's website and shall not be published in newspaper.**

Note: - i.In case, the rate quoted by the contractor is on extremely lower side than estimated contract value, a performance guarantee @ 5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the contractor.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (Civil-Project-I)
CSPGCL, Raipur

कार्यालय, नगरपालिका परिषद् रतनपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

क्रमांक / 440 / तक. शा/न.पा.प./2026 — रतनपुर, दिनांक 21.05.2026

// मैनुअल द्वितीय निविदा सूचना //

एतद् द्वारा नगरपालिका परिषद रतनपुर द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबंद निविदायें त्रि-लिफाफा पद्धति में पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है-

1. निविदा प्रपत्र की मांग हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 29.05.2026 को कार्यालयीन समय तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदान करने का दिनांक - 01.06.2026 को कार्यालयीन समय तक
3. निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 05.06.2026 को समय दोपहर 3.00 बजे
4. निविदा खोलने की अंतिम तिथि - 05.06.2026 को शाम 4.00 बजे

क्र.	कार्य विवरण	प्रा. राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्र. मूल्य	अवधि
1	वार्ड क्र. 02, गांधीनगर समारू पटेल के घर से रेवाराम कश्यप के घर की ओर सीसीरोड निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)	5.00	4000.00	750	02 माह
2	वार्ड क्र. 05 रानीपारा बस्ती में दिनेश पाहाड़ीया के घर से सामुदायिक भवन की ओर आ.सी.सी नाली निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)	3.36	2600.00	750	02 माह
3	वार्ड क्र. 07 सांधीपारा शा.प्रा. शाला से सांधीपारा डबरी की ओर आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)	3.07	23500.00	750	02 माह
4	वार्ड क्र. 08 रेस्ट हाउस के पास से डबरी की ओर आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)	6.87	5500.00	750	02 माह
5	वार्ड क्र. 08 संगम चौक से धानमंडी की ओर सीसीरोड निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)	8.26	6500.00	750	02 माह
6	वार्ड क्र. 09 कहरापारा में अनवर अली के घर से प्राणनाथ सूर्यवंशी के घर की ओर आर. सी.सी नाली निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)	8.95	6800.00	750	03 माह
7	वार्ड क्र. 10 नियर नहर पुल लक्ष्मी प्रसाद भारद्वाज के घर से रतीराम मांडवा के घर की ओर सीसीरोड निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)	9.39	7500.00	750	03 माह
8	वार्ड क्र. 10 ओछिनापारा में राजकुमार कौशिक के घर से खर्रापारा की ओर सीसीरोड निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)	5.87	4500.00	750	02 माह
9	वार्ड क्र. 11 खण्डोबापारा में परमेश्वर के घर से ससी के घर की ओर आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)	9.42	7500.00	750	03 माह

नियम एवं शर्ते:- 1) अन्य नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में तकनीकी शाखा में देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् रतनपुर

10 वर्षीय बच्चे पर तेंदुए ने किया हमला, भर्ती

गरियाबंद। जिले में एक बार फिर तेंदुए की दहशत सामने आई है। कोदोबात्तर के चट्टानपारा में 10 वर्षीय बच्चे पर तेंदुए ने अचानक हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार धनेश कुमार कमार (10 वर्ष), पिता पुनूराम कमार मंगलवार शाम करीब 7 बजे पड़ोस के घर से टीवी देखकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान घात लगाए बैठे तेंदुए ने अचानक उस पर झपट्टा मार दिया।

तेंदुए ने बच्चे के गले को अपने जबड़ों में दबोच लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर माता-पिता तुरंत मौके पर पहुंचे। शुरुआत में उन्हें लगा कि कोई कुत्ता बच्चे पर हमला कर रहा है, लेकिन पास पहुंचने पर पता चला कि वह तेंदुआ है। साहस दिखाते हुए माता-पिता ने तेंदुए से भिड़कर किसी तरह बच्चे को उसके चंगुल से छुड़ाया। शोरगुल सुनकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे, जिसके बाद तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। घायल बच्चे को तत्काल गरियाबंद जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में तेंदुए की तलाश कर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

सुरक्षागार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 45, सुपरवाइजर 9 फील्ड अधिकारी 5, कंप्यूटर ऑपरेटर 2 वेतन योग्यतानुसार मेस सुविधा आवास भोजन फ्री **संपर्कः- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालयः- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर** 7746000016, 7747000016, 7747000019, 7746000019.(आरो-015)

ड्रायवर

ड्रायवर - अनुभवी कार ड्राइवर की न्यूनतम 10वर्ष का अनुभव अनिवार्य समय 9बजे से 8.30 रविवार, 9 बजे से 3 बजे तक इच्छुक उम्मीदवार तुरन्त **सम्पर्क करे** 9981812999 **केम्प-1 रोड नम्बर 18, सुभाष चौक भिलाई नोट शादीशुदा ही सम्पर्क करे।**(RO-021)

आवश्यकता है- कार चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। स्वयं **सम्पर्क करे, लक्ष्मी सेल्स, न्यू टिंबर मार्केट पाटीदार भवन के पास फाफाडीह रायपुर** (RO-0109)

आवश्यकता है- इंसुलेटेड कंटेनर परिवहन के लिए हमें वैध भारी वाहन लाइसेंस वाले कुशल और अनुभवी चालकों की लंबी दूरी तक वाहन चलाने की क्षमता, साफ ड्राइविंग रिकॉर्ड आकर्षक वेतन, शुरुआती 20000/- माह (अनुभव के आधार पर बातचीत योग्य), आवास और भोजन भत्ता! **संपर्कः-** 9669410004, 9754861172.(RO-022)

आवश्यकता है- घरेलु गाड़ी व एम्बुलेंस चलाने 2 ड्राइवर की आवश्यकता है, रहने की सुविधा **संपर्कः बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर** 0771 - 2425009.(RO-536)

आवश्यकता है- ड्राइवर चाहिए कुशल एवं दक्ष, वेतन योग्यतानुसार अनुभवी, लोकेशन बोरसी एवं धनोरा वाले को प्राथमिकता **संपर्क** - 10 से 2 बजे तक मो. 9669666601. (आरो न - 280)

टीचर

Wanted- Shiv International School Kumhari: TEACHER REQUIREMENT We are hiring for the following positions: TGT (Trained Graduate Teacher) Mathematics, Social Science, Science, English and PRT (Primary Teachers) English, EVS, Salary and Qualifications: As per norms. Contact: Bajrang chowk purani basti kumhari Mob. No 8770999625.(RO-536)

Wanted- Wanted Teachers for BAG-BAHRA AND PITHORA BRANCH For Maths English and Computer.Experienced English Medium Qualified Candidate may call or send resume to 9425214413, 7772862917.(RO-90)

REQUIRED
St. Xavier Hr.Se. School (CBSE)
Shanti Nagar, Bhilai
1. Physics M.Sc. (Physics) with B.Ed.
2. Mathematics M.Sc. (Maths) with B.Ed.
3. PTI (Games) BPEd
4. Pre Primary Trained Graduates
5. Wellness Teacher Psychology Degree Holder OR Diploma Career Guidance and Counseling/ Health (mental Care)
Submit Resume at office before 28.5.26
Personnel Interview is on 1.6.26, Monday at 9.30 AM
Mob. : 76977 65742

स्टोर होल्डर/क्लर्क

आवश्यकता है- सीएसडी कैंटीन एक्सटेंसन काउंटर दुर्ग में स्टोर होल्डर तथा बिलिंग क्लर्क पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन- नाम, पता, शैक्षणिक योग्यता तथा कांटेक्ट नम्बर सहित दिनांक 24 मई 2026 तक ईमेल आईडी- cosaveterans@gmail.com पर भेजे तथा 8103064275 पर whatsapp कर सकते है साक्षात्कार 25 मई 2026 को हेडक्वॉटर कोसा वेटरन्स ब्रांच में प्रातः 9बजे से होगा। **अधिक जानकारी हेतु कार्यालयीन समय पर सम्पर्क करें-** 9685726593 (RO-40921)

टीचर/कुक

आवश्यकता है- झूलाघर में एक टीचर एव घर के लिए कुक की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार स्थान **शांति किराया भंडार कालीबाड़ी रायपुर संपर्क** 9827140065, 9827140068.(RO-194)

चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- हॉस्पिटल में कार्य करने हेतु प्रशिक्षित व अनुभवी नर्सिंग स्टाफ बी.एस.सी जी. एन. एम. एवं PRO, वार्ड बॉय, वार्ड गर्ल एवं ओ.पी.डी स्टाफ की आवश्यकता है। **संपर्क करें श्री कृष्ण हॉस्पिटल मेन रोड न्यू राजेंद्र नगर रायपुर छत्तीसगढ़** - 9691631006, 9617952445, 9926115911.(RO-192)

पंप कर्मी

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। इच्छुक व्यक्ति अपने बायोडाटा **सहित सम्पर्क करे डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, स्टेशन रोड, रायपुर, मो.-** 8109135400, 9179380728. (RO-362)

आवश्यकता है- मैंसर्स शारदा प्रसाद साव निकट अवंती बाई चौक कोहका भिलाई पेट्रोल पंप में ऑफ़िस कार्य एवं डीजल पेट्रोल डालने हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है **संपर्क** - 7692888808.(आरो न - 278)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु लड़की की आवश्यकता है मिलने का समय 11से 5बजे तक , **संपर्कः- ढिल्लन कॉम्प्लेक्स शॉप नं.-231 आकाशगंगा सुपेला भिलाई मो.-** 8319119645, 6261510080.(आरो न - 279)

फील्ड/ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में फील्ड, कार्य करने के लिए लड़कों एवं ऑफिस कार्य के लिए लड़की (कंप्यूटर, इंग्लिश अनिवार्य) की आवश्यकता है जिनके पास स्वयं का वाहन और मोबाइल हो वेतन 10000 - 12000 **संपर्क करें जयदीप एसोसिएट्स J- 210 तिलक नगर पानी टंकी के पास गुढ़ियारी रायपुर मोबाइल-** 9826949552. (RO-193)

अवाश्यकता

आवश्यकता है- गुजराती लकड़ी टाल देवपुरी रायपुर में कंपनी के लिए *BCOM GRADUATE* जिसे *TALLY* एवं *MS EXCEL* का ज्ञान हो (01) और ड्राइवर (01) की तुरंत आवश्यकता है। ड्राइवर के पास *वैध ड्राइविंग लाइसेंस* (DL) होना *अनिवार्य* है। **संपर्क करें:** 9993799998, 6262699998. (RO-191)

आवश्यकता है- बिग बास्केट रायपुर में एसोसिएट पद हेतु लडको की आवश्यकता है। मासिक वेतन 13056/- +4000 इंसेन्टीव+ पीएफ+ इ एस आइ सी 9 घंटे शिफ्ट उम्र 35 वर्ष शिक्षा 10वी पास **संपर्क** 8319666100 **पता शताब्दी नगर/मोवा** (RO-4129)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

बाउंसर्स

आवश्यकता है- घर हेतु 3 बाउंसर्स की आवश्यकता है। 30 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी 8 घंटे की शिफ्ट में रहेगी। सैलरी 22000/- से 30000/- प्रतिमाह। **पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, संपर्क :-** 9644720222. (RO-11)

डिलीवरी ब्वाय

आवश्यकता है- पार्सल छोड़ने हेतु 6 डिलीवरी ब्वाय की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन, लाइसेंस, स्मार्टफोन, पैन कार्ड हो, अनुभवी को प्राथमिकता. **पता- कोयना लॉजिस्टिक, लक्ष्मीनगर पचपेढ़ी नाका, रायपुर. मो.-** 98274-81755, 99266-22790. (RO-10)

ठेकेदार/चौकीदार

आवश्यकता है- मंदिर हसौद बहानाकाड़ी फैक्ट्री में ठेकेदार, चौकीदार की आवश्यकता है। ठेकेदार जो लेबर लगा कर कार्य करवा सके, चौकीदार जो फैक्ट्री में रह कर चौकीदारी कर सके **संपर्क करे-**88271-50000.(RO-186)

अन्य

आवश्यकता है- पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के-लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग करके (22500-64500) महीना कमाऐ, फन्ड+ बोनस- 9217961955. 8527765400.(RO-061)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Property प्रापर्टी

प्लाट

बेचना है- मेन रोड हाईवे पर स्थित कुम्हारी से 4 km दूर (अहिवारा रोड) प्रस्तावित 4-लेन हाईवे पर 8000 Sqft. के करीब जमीन / प्लाट बेचना है। **संपर्क-** 8889288003, 8770489005.(आरो-183)

प्लाट बेचना है- विद्युत नगर दुर्ग में स्थित प्राइम लोकेशन (पार्क के पास) स्थित आवासीय प्लाट (40X53) साइज बेचना है दलाल से **संपर्क ना करें** - 6264312306.(आरो नं.- 10473)

For Rent किराया

किराया से देना है- भाटागांव हनुमान वाटिका में 4 रूम, 2 हॉल, 2 दुकान, 1 पोरच का 3 मंजिला बिल्डिंग किराया से देना है। **नोटः- ऑफीस, कोचिंग क्लासेस, स्कूल को प्राथमिकता संपर्क नं.** - 9827990117, 9329104290, 9229637373.(RO-188)

किराए से देना है- MIG-515, न्यू बोरसी एक्सटेंशन। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, दुर्ग। दो मंजिला मकान, 3कमरे, 2हॉल,1 डाइनिंग रूम, किचन, 3 वॉशरूम, कार पार्किंग। सरकारी अधिकारियों /PSU/बैंक कर्मचारियों को प्राथमिकता मो.- 7999042196. (आरो 277)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नेट बॉलर से बने आईपीएल के स्टार गेंदबाज, फ्रेंचाइजी ने जताया भरोसा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग की पहचान बन चुके लंबे छक्के, साहसिक स्कूप शॉट और आखिरी ओवरों में होने वाली ताबड़तोड़ बल्लेबाजी में नेट गेंदबाजों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है लेकिन टेलीविजन की चकाचौंध से दूर होने के कारण उन्हें वह श्रेय नहीं मिलता, जिसके वह हकदार हैं। जहां एक तरफ फ्रेंचाइजी के सुपरस्टार करोड़ों रुपए कमाते हैं और सुर्खियों में छाए रहते हैं, वहीं दूसरी ओर गुमनाम युवा तेज गेंदबाजों और स्पिनरों की एक फौज हफ्तों तक अभ्यास नेट में गेंदें फेंकती रहती है और क्रिकेट की सबसे आकर्षक लीग में से एक में महत्वपूर्ण अभ्यास साझेदार के रूप में काम करती है।

मिलते हैं 7 हजार रुपए

आईपीएल मानकों के हिसाब से उनकी कमाई मामूली होती है। उन्हें प्रतिदिन लगभग 5,000 से 7,000 रुपए मिलते हैं लेकिन इससे मिलने वाला अनुभव अमूल्य होता है।

खिलाड़ियों के लिए अनोखा प्रशिक्षण

कई खिलाड़ियों के लिए यह क्रिकेट का सबसे अनोखा प्रशिक्षण होता है। उन्हें इस खेल के सबसे बड़े खिलाड़ियों को लगातार गेंदबाजी करनी होती है। इस दौरान उन्हें अक्सर जसप्रीत बुमराह के यॉर्कर, सुनील नारायण की रहस्यमयी स्पिन या मिचेल स्टार्क की बाएं हाथ की तूफानी गेंदों की नकल करने के लिए कहा जाता है। आईपीएल फ्रेंचाइजी आमतौर पर अपने साथ तीन से पांच विशेषज्ञ नेट गेंदबाज रखती हैं। इसके अलावा मेजबान राज्य संघों और क्लब भी विभिन्न स्थानों पर स्थानीय गेंदबाजों की व्यवस्था करते हैं।

नेट बॉलर से आईपीएल कॉन्ट्रेक्ट हासिल करने वाले क्रिकेटर

चेतन साकरिया

गुजरात से आने वाला यह पेसर आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी टीमों का हिस्सा बनने से पहले नेट बॉलर था। साकरिया ने नेट्स में राजस्थान और मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजों को प्रैक्टिस कराई। इसके बाद उन्हें ट्रायल्स के लिए बुलाया गया। राजस्थान ने इस गेंदबाज को बाद में 2021 आईपीएल ऑक्शन में 1.20 करोड़ रुपए में लिया था।



उमरान मलिक

जम्मू कश्मीर से आने वाले इस तेज गेंदबाज का भी आईपीएल से कनेक्शन नेट बॉलर के तौर पर ही जुड़ा। टी नटराजन चोटिल हुए तो उन्हें रिप्लेसमेंट के तौर पर ले लिया गया। अगले सीजन से पहले हैदराबाद ने उमरान को चार करोड़ रुपए में रिटेन किया।

गुरनूर बराड़

हाल ही में भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किए गए तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ के लिए आईपीएल का रास्ता नेट्स के जरिए ही खुला। वे पंजाब किंग्स के साथ नेट बॉलर थे। इस टीम के तत्कालीन कप्तान शिखर धवन ने नेट्स में उनकी पेस और उछाल को देखते हुए शामिल करने की सिफारिश की। पंजाब ने इस बॉलर को ले लिया। वे एक ही मैच खेल सके। अभी गुजरात टाइटंस के साथ हैं। साथ ही काफी समय से लगातार भारतीय टेस्ट स्क्वॉड के नेट बॉलर हैं।

नमन तिवारी

यूपी से आने वाले पेसर नमन तिवारी को आईपीएल 2026 के ऑक्शन में लखनऊ सुपर जायंट्स ने लिया। उन पर एक करोड़ रुपए की बोली लगी। इससे पहले दो सीजन तक यह गेंदबाज इसी टीम के साथ बतौर नेट बॉलर काम कर रहा था।

आकाश मधवाल

उत्तराखंड से आने वाला यह पेसर आईपीएल में मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेला है। इस सीजन चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें इंजरी रिप्लेसमेंट के तौर पर लिया। आकाश मधवाल भी नेट बॉलर के तौर पर आईपीएल टीमों की नजरों में आए।

कुमार कार्तिकेय

मध्य प्रदेश से आने वाले बाएं हाथ के इस स्पिनर को मुंबई की तरफ से 2022 में आईपीएल खेलने का मौका मिला था। उन्हें पेसर अरशद खान के रिप्लेसमेंट के तौर पर लिया गया। कुमार कार्तिकेय पहले मुंबई के साथ बतौर नेट बॉलर काम कर रहे थे।

ये खिलाड़ी भी नेट बॉलर रहने के बाद बने आईपीएल का हिस्सा

इनके अलावा कृष्ण भगत (मुंबई इंडियंस), फजलहक फारूकी (चेन्नई सुपर किंग्स), कैश फुलेत्रा (सनराइजर्स हैदराबाद), यश राज पंजा (राजस्थान रॉयल्स), रघु शर्मा (मुंबई इंडियंस), हर्ष दुबे (सनराइजर्स हैदराबाद), अशोक शर्मा (गुजरात टाइटंस), इशान मलिंगा (सनराइजर्स हैदराबाद), आकाश दीप (कोलकाता नाइट राइडर्स), गुरजपनीत सिंह (चेन्नई सुपर किंग्स) जैसे गेंदबाज भी आईपीएल नेट्स में कमाल करते हुए टूर्नामेंट का हिस्सा बने।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
बेंगलुरु	14	9	5	18
गुजरात	14	9	5	18
हैदराबाद	14	9	5	18
राजस्थान	13	7	6	14
पंजाब	13	6	6	13
कोलकाता	13	6	6	13
चेन्नई	14	6	8	12
दिल्ली	13	6	7	12
मुंबई	13	4	9	8
लखनऊ	13	4	9	8

ऑरेंज कैप

सांई सुदर्शन
638 रन
गुजरात

पर्पल कैप

भुवनेश्वर कुमार
24 विकेट
बेंगलुरु

खबर संक्षेप

अंडर-18 महिला हॉकी टीम की कप्तान बनीं स्वीटी

नई दिल्ली। स्वीटी कुजुर को जापान के काकामिगाहारा में 29 मई से 6 जून तक होने वाले एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए 18 सदस्यीय भारतीय महिला अंडर-18 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। इस टीम में कुजुर के अलावा नौशीन नाज, प्रियंका मिंज, संदीप कुमारी और नैन्सी सरोहा अग्रिम पंक्ति में शामिल हैं। मध्य पंक्ति में श्रुति कुमारी, दीया, स्नेहा दावड़े, रश्मीन कौर, नम्मी गीताश्री और पुष्पा मांझी तथा रक्षापंक्ति में सुगन सांगा, नीलम टोपनो, रुबीना बक्सला, किरण एक्का, सुलोचनी और गोलकीपर महक परिहार और खिली कुमारी शामिल हैं।

मोरक्को में पहले दौर के बाद दूसरे स्थान पर प्रणवी

रबात। भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स यहां लाला मेरियम कप के पहले दिन तीन अंडर 70 का कार्ड खेलकर 9 अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं। इस प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीय खिलाड़ियों की शुरुआत साधारण रही। अवनि प्रशांत और दीक्षा दो ओवर 75 का कार्ड बनाकर संयुक्त 61वें स्थान पर जबकि हिताशी पांच ओवर 78 का कार्ड खेलकर संयुक्त 99वें स्थान पर रही। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी केल्सी बेनेट अपने पहले दौर में पांच अंडर 68 का कार्ड खेलकर दो स्ट्रोक की बढ़त के साथ सबसे आगे चल रही है।

सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स को 55 रन से हराया

जीत के बाद भी हैदराबाद के हाथ से फिसला क्वालीफायर-1, शीर्ष पर चैलेंजर्स बेंगलुरु

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद ने शुकवार को आईपीएल में 55 रन से जीत हासिल की लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने से नहीं रोक सकी। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम अभिषेक शर्मा (56 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी, ईशान किशन (79 रन) के बेखौफ अंदाज और हेनरिक क्लासेन (51 रन) की ताकतवर हिटिंग की बदौलत 4 विकेट पर 255 रन का विशाल स्कोर खड़ा करने में कामयाब रही। आरसीबी को शीर्ष दो में रहने के लिए 166 रन का स्कोर बनाना था और 178 रन से ज्यादा रन का स्कोर बनाने से उसका शीर्ष स्थान तय था। कप्तान रजत पाटीदार (56 रन) और कृणाल पंड्या (नाबाद 41) के बीच चौथे विकेट के लिए 58 गेंद में 84 रन की भागीदारी से आरसीबी ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 200 रन बनाकर हारने के बावजूद पहला स्थान सुनिश्चित किया।

एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप-7 बैटर्स

सिक्स	खिलाड़ी	सत्र
53	वैभव सूर्यवंशी	(2026)
43	अभिषेक शर्मा	(2026)
42	अभिषेक शर्मा	(2024)
39	श्रेयस अय्यर	(2025)
38	विराट कोहली	(2016)
38	विराट कोहली	(2024)
38	सूर्यकुमार यादव	(2025)

कोहली ने हेल्स के रिकॉर्ड को किया ध्वस्त

विराट कोहली ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में वेंकटेश अय्यर के साथ पहले विकेट के लिए जैसे ही 50 रनों की साझेदारी को पूरा की उसी के साथ वह टी20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा बार एक खिलाड़ी के रूप में 50 प्लस रनों की साझेदारी का हिस्सा रहने वाली खिलाड़ी बन गए। विराट कोहली की यह टी20 क्रिकेट में 211वीं 50 प्लस रनों की साझेदारी थी, जिसमें उन्होंने इंग्लैंड के खिलाड़ी एलेक्स हेल्स को पीछे छोड़ा, जिनके नाम पर 210 फिफ्टी प्लस रनों की साझेदारी का हिस्सा रहने रिकॉर्ड इससे पहले दर्ज था।

आरसीबी-जीटी के बीच पहले क्वालीफायर का मुकाबला

आरसीबी (प्लस 0.783), गुजरात टाइटन्स (प्लस 0.695) और सनराइजर्स हैदराबाद (प्लस 0.524) के 18-18 अंक हैं लेकिन नेट रन रेट से क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। अब पहले क्वालीफायर में आरसीबी का सामना 26 मई को धर्मशाला में गुजरात टाइटन्स से होगा। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद 27 मई को एलिमिनेटर में खेलेगी।

स्कोर बोर्ड

सनराइजर्स हैदराबाद	रन	गेंद	4	6
अभिषेक शर्मा का सब बो सुयश	56	22	4	5
ट्रेविस हेड बो रसिख सलाम	26	16	5	0
ईशान का पडिक्कल बो रसिख	79	46	8	3
क्लासेन का वेंकटेश बो पंड्या	51	24	2	5
नीतिश कुमार रेड्डी नाबाद	29	12	1	3

अतिरिक्त : 14, कुल : 20 ओवर में 255/4 रन
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-51-0, हेजलवुड 4-0-55-0, रसिख सलाम 4-0-52-2, सुयश 3-0-36-1, शेफर्ड 3-0-37-0, कृणाल पंड्या 2-0-24-1

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	रन	गेंद	4	6
अय्यर का अभिषेक बो मलिंगा	44	19	4	4
कोहली का स्मरण बो साकिब हुसैन	15	11	2	0
पडिक्कल का अभिषेक बो मलिंगा	21	14	2	1
पाटीदार का स्मरण बो साकिब	56	39	6	1
कृणाल पंड्या नाबाद	41	31	5	0
टिम डेविड नाबाद	15	7	1	1

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 200/4 रन
गेंदबाजी : कमिंस 4-0-48-0, मलिंगा 4-0-33-2, शिवांग 2-0-32-0, साकिब हुसैन 4-0-31-1, हर्षल पटेल 4-0-37-0, नीतिश रेड्डी 1-0-10-0, ट्रेविस हेड 1-0-7-1

विजय शंकर ने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय हरफनमौला विजय शंकर ने घरेलू क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से शुक्रवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि वह 'क्रिकेट खेलना' जारी रखने के लिए 'नए अवसरों की तलाश' करेंगे। तमिलनाडु के 35 वर्षीय शंकर ने 2025-26 सत्र में त्रिपुरा टीम का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 2018 से 2019 के बीच भारत के लिए 12 वनडे और 9 टी20 मैच खेले। शंकर ने सोशल मीडिया पर अपने फैसले की घोषणा करते हुए लिखा, क्रिकेट मेरी जिंदगी है। मैंने 10 साल की उम्र में खेलना शुरू किया और 25 साल बाद हर स्तर पर और उच्चतम स्तर तक खेलने के लिए आभारी और धन्य महसूस करता हूं। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा मेरे सबसे गौरवपूर्ण और खुशी के पलों में से एक रहेगा। उन्होंने कहा, मैंने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया है ताकि नए अवसरों की तलाश कर सकूं और क्रिकेट खेलना जारी रख सकूं। बीसीसीआई और भारतीय क्रिकेट टीम का मैं हमेशा आभारी रहूंगा।

माया रेवती खेलेंगी जूनियर फ्रेंच ओपन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की प्रतिभाशाली युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन रेवती सीनियर सर्किट में धीरे-धीरे प्रवेश करने की अपनी योजना के तहत इस सत्र में जूनियर और पेशेवर टूर्नामेंटों के बीच सावधानीपूर्वक संतुलन कायम करना चाहती हैं। सोलह वर्षीय माया इस साल जूनियर फ्रेंच ओपन में चुनौती पेश करेंगी। इस वर्ष उन्होंने मुख्य रूप से जूनियर सर्किट में ही भाग लिया है। उनकी कोचिंग टीम का कहना है कि यह कदम आत्मविश्वास बढ़ाने, मैच का अनुभव हासिल करने और पेशेवर प्रतियोगिताओं में बड़ा कदम उठाने से पहले मजबूत जूनियर रैंकिंग बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

यूरोप में मिलता है बहुत अनुभव

स्पेन की 'राफा नडाल अकादमी' में पूर्णकालिक प्रशिक्षण ले रही माया ने कहा कि यूरोप के अधिक प्रतिस्पर्धी माहौल में खेलने से उनके विकास में तेजी आई है। माया ने कहा, एक निश्चित स्तर पर, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कैसे प्रतिस्पर्धा करते हैं। यूरोप में आप हर दिन समान स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलते हैं और इससे आपको बहुत अनुभव मिलता है। वह अप्रैल में फ्रांस में 'क्ले कोर्ट' पर आयोजित जे300 प्रतियोगिता जीतने के अलावा स्पेन और मिस्र में कुछ टूर्नामेंटों में सेमीफाइनल तक पहुंचीं।

पंजाब किंग्स को एलएसजी के खिलाफ बड़ी जीत की जरूरत

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लगातार छह मैच में हार से आहत पंजाब किंग्स की टीम को इस निराशा को भुलाकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी धुंधली उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए शनिवार को होने वाले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। पंजाब ने अपने पहले 6 मैच जीते थे लेकिन 25 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रिकॉर्ड 265 रन का लक्ष्य हासिल करने के बाद से उसका अभियान नाटकीय रूप से चरमरा गया। पिछली बार की उपविजेता टीम पंजाब किंग्स पहले 7 मैचों में 6 जीत के साथ खिताब की असली दावेदार लग रही थी लेकिन लगातार 6 हार झेलने के कारण उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें अधर में लटक गई हैं।

रोनाल्डो ने अल नासर को बनाया चैंपियन

एजेंसी ▶▶| रियाद

दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो आखिर में सऊदी अरब में कोई बड़ी ट्रॉफी जीतने में सफल रहे। पुर्तगाल के इस 41 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के दो गोल की मदद से अल नासर ने दमाक के खिलाफ 4-1 से जीत हासिल की और इस तरह से सऊदी प्रो लीग का खिताब अपने नाम किया। रोनाल्डो के अल नासर क्लब में शामिल होने के तीन साल से अधिक समय बाद यह टीम की पहली बड़ी ट्रॉफी है।

क्रिस्टियानो छठी बार विश्व कप में लेंगे भाग

पुर्तगाल की विश्व कप टीम में शामिल किए जाने के ठीक दो दिन बाद रोनाल्डो ने ट्रॉफी उठाई। रोनाल्डो रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप में भाग लेंगे। इस जीत ने अल नासर को लीग में शीर्ष स्थान दिला दिया। वह अल-हिलाल से दो अंक आगे रहा।

punjab national bank पंजाब नैशनल बैंक
सीओ-एसएएम, रायपुर (छ.ग.)

कब्जा नोटिस (अचल संपत्तियों हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, जो कि **पंजाब नैशनल बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी हैं, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ता एवं जमानतदार को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे में दर्शायी गयी है, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किय गया। उधारकर्ता द्वारा उक्त राशि चुकाने में असफल होने के कारण, एतदद्वारा उधारकर्ता, जमानतदार को एवं जनता को सामान्य रूप से नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहां नीचे संपत्ति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता, जमानतदार और जनसामान्य को एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये **पंजाब नैशनल बैंक** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगी। प्रतिभूत आस्ति के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता / जमानतदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है.

क्र.	उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम एवं पता व शाखा का नाम	1) मांग सूचना की तिथि/2) कब्जे की तिथि	बकाया राशि	अचल संपत्तियों का विवरण
1.	**उधारकर्ता: श्री नीरज तिवारी** पिता श्री बांके बिहारी तिवारी, **श्रीमती पूजा तिवारी** पति श्री नीरज तिवारी, पता: मकान नं. एलआईजी 272, ब्लॉक नंबर 17, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बोरियाकलां, रायपुर, छ.ग., 492001. **शाखा: देवेन्द्र नगर (748400)**	(1) 05.03.2026 (2) 16.05.2026	दिनांक 19.02.2026 को रू 20,94,630.53/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे	खसरा नंबर 61/31 (भाग), मौजा: देवपुरी, प.ह नंबर 114, आरएनएम: रायपुर-1, तहसील/जिला: रायपुर (छ.ग) में क्षेत्रफल - 900 वर्गफीट पर स्थित संपत्ति का समस्त भाग तथा अंश, मालिकाना हक- श्री नीरज तिवारी पिता श्री बांके बिहारी तिवारी।
2.	**उधारकर्ता: श्री मनोरंजन रॉय** पिता सुशील चंद रॉय, पता: महारानी वार्ड, जगदलपुर जिला - बस्तर (छ.ग.) - 491001, **शाखा: जगदलपुर (222500)**	(1) 12.02.2026 (2) 21.05.2026	दिनांक 31.01.2026 को रू 13,95,183.03/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे	खसरा नंबर 457 एवं 470, प.ह नंबर 17, पुसपाल, आरएमएन जगदलपुर, तहसील / जिला - जगदलपुर (छ.ग.) में कुल क्षेत्रफल- 1.61 हेक्टेयर पर स्थित संपत्ति का समस्त भाग तथा अंश, मालिकाना हक-श्री मनोरंजन रॉय पिता सुशील चंद रॉय। सीमाएं: उत्तर- खसरा नं. 451/471 की भूमि, दक्षिण- सड़क (कच्चा), पूर्व- खसरा नंबर 556 की भूमि, पश्चिम- खसरा नं. 458, 459 की भूमि.
3.	**उधारकर्ता: श्रीमती सोनी शर्मा** पति राकेश शर्मा, **श्री राकेश शर्मा** पिता श्योचंद शर्मा। दोनों का पता: एलआईजी-783, दिनदयाल आवास योजना छ.ग. हाउसिंग बोर्ड, सेजबहार, रायपुर, छ.ग., 492015. **शाखा: रायपुर (092620)**	(1) 05.02.2026 (2) 22.05.2026	दिनांक 28.01.2026 को रू 22,71,359.40/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे	एलआईजी-783, दीनदयाल आवास योजना, खसरा नं 341/32, मौजा: दतरेंगा, प.ह नं. 00084, आर.एन.एम.: रायपुर-18 कंदुल, तहसील/जिला: रायपुर (छ.ग) में क्षेत्रफल- 0.0095 हेक्टेयर/1019.18 वर्गफीट पर स्थित भूमि एवं भवन का समस्त भाग तथा अंश, मालिकाना हक- श्रीमती सोनी शर्मा पति राकेश कुमार शर्मा। सीमाएं: उत्तर- निजी भूमि, दक्षिण- 7.50 मीटर रोड, पूर्व- एलआईजी-782, पश्चिम- एलआईजी-784.

दिनांक: 23.05.2026, स्थान- रायपुर　　प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

अश्मिता का शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में थमा

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

भारत की अश्मिता चालिहा का मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल में शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में थम गया। चालिहा ने हालांकि डेनमार्क की विश्व में 23वें नंबर खिलाड़ी लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ड के सामने कड़ी चुनौती पेश की। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाली विश्व में 71वें रैंकिंग की भारतीय खिलाड़ी ने कड़े संघर्ष के बाद शुरुआती गेम जीता लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाई और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय तक चले मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से 23-21 18-21 11-21 से हार गईं।

मलेशिया मास्टर्स

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.)
फोन 0771-4222611, 4222612, ई-मेल: recovery.raipur@bankofbaroda.com

सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत 60 दिनों की नोटिस का प्रकाशन
(Publication in the Newspapers in case of return/failure of service of 60 day's Notice U/s.13 (2) of SARFAESI Act,2002)

प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत निम्नलिखित ऋणकर्ताओं / गारंटरों को 60 दिनों के नोटिस, पंजीकृत डाक / पावती सहित / स्पीड पोस्ट द्वारा जारी की हैं. लेकिन यह नोटिस डाक अधिकारियों द्वारा सुपूर्दगी प्राप्त करने में मना करने / गलत पते / व्यक्ति द्वारा स्थान शहर छोड़े जाने आदि कारणों से लौटा दी गई हैं. इन ऋणकर्ताओं / गारंटरों ने, अपनी निम्नलिखित चल / अचल संपत्तियों को, बैंक द्वारा ऋणकर्ता(ओं) को दी जाने वाली विभिन्न ऋण सुविधाओं को प्राप्त करने के एवज में दृष्टि बंधक / बंधक रखा हैं.बैंक की देया राशि के भुगतान न करने तथा ऋण की नियम एवं शर्तो को पूरा न करने के कारण ऋणकर्ता(ओं) / गारंटर(रों) द्वारा बैंक के ऋण एवं ब्याज के भुगतान में चूक किये जाने के कारण, खाता, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानुसार एनपीए हो गया हैं। उपर्युक्त को देखते हुए, निम्नलिखित ऋणकर्ता(ओं) / गारंटर(रों) को बैंक द्वारा निम्नलिखित देय के ब्याज सहित भुगतान हेतु 60 दिनों का नोटिस जारी किया गया हैं, जिससे चूकने पर बैंक बिना न्यायालय या ट्रिब्यूनल के हस्तक्षेप के,अधिनियम के चैप्टर III के अंतर्गत एक या अनेक साधनों द्वारा प्रतिभूति हित लागु करने हेतु बाध्य होगा. ऋणकर्ता(ओं) / गारंटर(रों) को इस नोटिस द्वारा यह भी सूचित किया जाता हैं कि वे, अधिनियम की धारा 13(13) की शर्तो के अनुरुप,बैंक की सहमति के बिना बैंक को प्रभारित प्रतिभूत आस्तियों में से किसी को भी बिक्री / पट्टे या किसी अन्य द्वारा (सामान्य व्यवसाय के अलावा) ट्रांसफर नहीं करेंगे. ऋणकर्ता(ओं) / गारंटर(रों) तथा प्रतिभूत आस्तियों के विवरण नीचे दिए गए हैं जिनके विरुद्ध बैंक 60 दिनों के बाद कार्रवाई प्रारंभ करेगा, यदि उनके द्वारा देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता हैं.

क्र.	शाखा का नाम और फोन नं.	उधारकर्ता जमानतदार का नाम और पता	बकाया राशि डिमांड नोटिस के अनुसार	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (एनपीए दिनांक: 29.04.2026) (नोटिस दिनांक:13.05.2026)
01	चौबे कॉलोनी शाखा रायपुर 9874527222	मेसर्स न्यारा बॉयोटेक प्रोप.: श्री सौरभ शर्मा ग्राउंड फ्लोर,बी-12, लालपुर, खबरी लाल न्यूज एजेंसी, रायपुर, पिन - 492001, छ.ग. एवं इतवारी बाजार, नया गंज, वार्ड नं.20, रायगढ़, पिन नं.:496001, छ.ग., जमानतदार - श्रीमती निरुपमा शर्मा पति श्री सुरेश कुमार शर्मा, श्रीमती मोनिका शर्मा पति श्री सौरभ शर्मा, श्री सुरेश कुमार शर्मा इतवारी बाजार, नया गंज, वार्ड नं. 20, रायगढ़, पिन नं. : 496001, छ.ग. एवं श्री सौरभ शर्मा, डी - 602, मंजिल 6, पाम रेजीडेंसी, कटोरा तालाब, रायपुर, छ.ग.	रू. 95,77,794.71 + अप्रयुक्त ब्याज + अन्य प्रभार	1. साम्यिक बंधक आवासीय खुली भूमि नं. एलआईजी 01, खसरा नं.- 316 / 1 का भाग, म्यूटेशन के बाद खसरा नं. - 316 / 7, क्षेत्रफल - 500 वर्गफीट स्थित अरविंद दीक्षित वार्ड नं. - 47, ग्राम - टिकरापारा, प.ह.नं. - 114 / 70, रायपुर, आरआईसी रायपुर, तहसील एवं जिला - रायपुर, छ.ग. हैं जो श्री सौरभ शर्मा पिता श्री सुरेश कुमार शर्मा के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर - खसरा नं.- 316 / 4, दक्षिण - रोड, पूर्व - एलआईजी नं. 02, पश्चिम- प्लाट नं.-02. 2. साम्यिक बंधक आवासीय खुली भूमि नं. एलआईजी 02, खसरा नं.- 316 / 1 का भाग, म्यूटेशन के बाद खसरा नं. - 316 / 10, क्षेत्रफल - 500 वर्गफीट स्थित अरविंद दीक्षित वार्ड नं.- 47, ग्राम- टिकरापारा, प.ह.नं.- 114 / 70, रायपुर, आरआईसी रायपुर, तह. एवं जिला-रायपुर, छ.ग. हैं जो श्रीमती मोनिका शर्मा पति श्री सौरभ शर्मा के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर-खसरा नं.-316 / 4,दक्षिण- रोड, पूर्व-एलआईजी नं.03, पश्चिम- एलआईजी नं.01. 3. साम्यिक बंधक आवासीय खुली भूमि नं. एलआईजी 03, खसरा नं. - 316 / 1 का भाग, म्यूटेशन के बाद खसरा नं. - 316 / 8, क्षेत्रफल - 500 वर्गफीट स्थित अरविंद दीक्षित वार्ड नं.-47,ग्राम-टिकरापारा,प.ह.नं.-114 / 70,रायपुर, आरआईसी रायपुर,तह. एवं जिला-रायपुर, छ.ग. हैं जो श्री सुरेश कुमार शर्मा पिता श्री रामकुमार शर्मा के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर-खसरा नं.-316 / 4,दक्षिण- रोड, पूर्व- एलआईजी नं.04,पश्चिम-एलआईजी नं. 02. 4. साम्यिक बंधक आवासीय खुली भूमि नं. एलआईजी 04, खसरा नं. - 316 / 1 का भाग, म्यूटेशन के बाद खसरा नं.- 316 / 9, क्षेत्रफल - 500 वर्गफीट स्थित अरविंद दीक्षित वार्ड नं.- 47, ग्राम - टिकरापारा, प.ह.नं. - 114 / 70, रायपुर, आरआईसी रायपुर, तहसील एवं जिला - रायपुर, छ.ग. हैं जो श्रीमती निरुपमा शर्मा पति श्री सुरेश कुमार शर्मा के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर - खसरा नं. - 316 / 4, दक्षिण - रोड, पूर्व- अन्य का प्लाट, पश्चिम - एलआईजी नं. 03.

दिनांक: 23.05.2026, स्थान: रायपुर, छत्तीसगढ़　　प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा



समुद्र तट पर रेंगते दिखे अजीबोगरीब जीव, तूफान के बाद मची भारी तबाही

ब्यूनस आयर्स। कुदरत के अनगिनत रहस्य आज भी समंदर की गहराइयों में दफन हैं, लेकिन कई बार कुछ ऐसी प्राकृतिक घटनाएं घट जाती हैं जो इंसान को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर देती हैं। ऐसा ही एक बेहद हैरान करने वाला और डरावना मामला अर्जेंटीना के चुबुत प्रांत से सामने आया है। यहां के तटीय इलाकों में रहने वाले लोग उस वक्त खौफ से कांप उठे, जब उन्होंने सुबह उठकर समुद्र तटों का नजारा देखा। अटलांटिक महासागर में आए एक भयानक तूफान और तेज लहरों के टकराने के बाद कोमोडोरो रिवादाविया और प्यूर्टो मैड्रिन जैसे तटीय शहरों के समुद्र तटों पर दूर-दूर तक लाखों की तादाद में अजीबोगरीब और रहस्यमयी जीव रेंगते हुए दिखाई दिए। इस मंजर को देखकर लोग कांफ उठे।

डरावना मंजर देख कांप उठे लोग!

इस जीव के शरीर पर घने बाल और चमकदार कांटेदार परत थी, जिसे वैज्ञानिकों की भाषा में 'सी माउस' या समुद्री चूहा कहा जाता है। एक साथ इतने सारे अजीब जीवों का पानी से बाहर आ जाना बेहद असाधारण घटना है। समुद्री वैज्ञानिकों के अनुसार, रेत पर बिखरे ये अजीब जीव असल में कोई मछली नहीं हैं, बल्कि यह समुद्री स्पून वॉर्म (चम्मच जैसे दिखने वाले कीड़े) की एक विशेष प्रजाति है। इनका वैज्ञानिक नाम 'युरिकिस यूनिसिनक्टस' है।

चीन, कोरिया और जापान के लोग चाव से खाते हैं

इन सुरंगों के मुहाने पर छोटे चिमनी जैसे प्रवेश द्वार होते हैं। ये जीव लंबाई में लगभग 25 सेंटीमीटर (10 इंच) तक बढ़ सकते हैं। इनका शरीर बेहद लचीला और इलास्टिक जैसा होता है, जो इन्हें रेत में गहरी सुरंगें खोदने और वहां अपना भोजन छानने में मदद करता है। यह मुख्य रूप से प्लवक और बैक्टीरिया को खाकर जीवित रहते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि जब समुद्र में अचानक तेज लहरें उठती हैं या भयानक तूफान के कारण पानी का करंट बदलता है, तो समुद्र की तलहटी में जमा रेत और मिट्टी पूरी तरह से हिल जाती है। इस उथल-पुथल के कारण इन जीवों के घर नष्ट हो जाते हैं और ये रेत से बाहर बहते हुए समुद्र तट पर आ जाते हैं।

अत्यंत दुर्लभ और अनोखी घटना

चीन और कोरिया में इन जीवों को कच्चे रूप में नमक, तिल के तेल या लाल मिर्च के पेस्ट के साथ हल्के मसालेदार बनाकर खाया जाता है। वहीं, जापान में इसे एक विशेष प्रकार के पारंपरिक व्यंजन 'साशिमी' के रूप में परोसा जाता है। इसके साथ ही मिला दूसरा जीव 'सी माउस' भी बेहद अनोखा है। यह एक प्रकार का कीड़ा ही है, जिसके शरीर पर रेशमी बाल होते हैं, जिसके कारण यह हूबहू किसी छोटे चूहे जैसा दिखता है। यह भी हमेशा समुद्र की तलहटी में छिपा रहता है और इंसानों को इसका दिखना बेहद दुर्लभ माना जाता है। अर्जेंटीना के तटों पर इससे पहले साल 2021 और 2023 में भी इस तरह से जीवों के बहकर आने की घटनाएं दर्ज की गई थीं। लेकिन, वैज्ञानिकों का कहना है कि स्पून वॉर्म और सी माउस का एक साथ एक ही तट पर मिलना अत्यंत दुर्लभ और अनोखी घटना है।

रोचक खबरें

ये है सबसे मोटी चमड़ी वाला जानवर प्रकृति ने पहनाया है स्वेटर

नोवोसिबिर्स्क। साइबेरिया की बर्फीली वादियों में जहां इंसान भी कुछ मिनटों में ठिठुर कर रह जाता है, वहां एक जानवर राज करता है। माइनस 40 डिग्री से भी ज्यादा ठंड में ये बेफिक्र घूमता फिरता है। बर्फीली हवाएं इसके शरीर को छू भी नहीं पाती. ये है साइबेरियन बाघ, जिसे अमूर टाइगर भी कहा जाता है। दुनिया के सबसे बड़े और खतरनाक बिल्लियों में शुमार ये प्रजाति प्रकृति का कमाल है। साइबेरियन बाघ की सबसे बड़ी खासियत है इसकी मोटी चमड़ी और उसके नीचे मौजूद चर्बी की मोटी परत। सामान्य बाघों की तुलना में इनकी फर (फर को लोक भाषा में चमड़ी कहा जाता है) बहुत घनी और लंबी होती है। सर्दियों में ये फर और भी मोटा हो जाता है। गर्दन के चारों ओर बालों की परत इसे ठंड से बचाती है। वैज्ञानिकों के अनुसार इनकी सर्दियों वाली फर गर्मियों वाली फर से दोगुनी मोटी हो सकती है। इसके अलावा शरीर पर चर्बी की मोटी परत इंसुलेशन का काम करती है, जो शरीर की गर्मी को अंदर रखती है। ये बाघ 300 किलो तक वजन का हो सकता है। नर बाघ औसतन 176 से 222 किलो तक होते हैं जबकि कुछ बड़े नमूने 300 किलो से ज्यादा भी पाए गए हैं। इनकी लंबाई पूंछ समेत 3 मीटर से ज्यादा हो सकती है। इतना भारी-भरकम शरीर होने के बावजूद ये बर्फ पर हल्के कदमों से चलता है। इसके बड़े-बड़े पंजों पर घनी बालों की परत होती है जो स्नोशू की तरह काम करती है। इससे ये बर्फ में धंसता नहीं और चुपके से शिकार के पास पहुंच जाता है।

बिना दिमाग के भी जिंदा हैं ये समुद्री जीव

नई दिल्ली। समंदर की अथाह गहराइयों में ऐसी अनगिनत कहानियां दबी हुई हैं, जिन्हें जानकर आज भी वैज्ञानिक हैरान रह जाते हैं। यहां का संसार जितना शांत दिखता है, उतना ही रहस्यमयी भी है। इसी रहस्यभरी दुनिया में कुछ ऐसे जीव भी पाए जाते हैं, जो बिना दिमाग के होते हुए भी हजारों साल से जीवित हैं और अपने अस्तित्व को बनाए हुए हैं। यह बात सुनने में भले ही अजीब लगे, लेकिन समुद्र में रहने वाले स्पंज, जेलीफिश और स्टारफिश जैसे कई जीव बिना विकसित मस्तिष्क के भी पूरी तरह सक्रिय जीवन जीते हैं। वैज्ञानिक बताते हैं कि इन जीवों का शरीर इंसानों या अन्य जंतुओं की तरह काम नहीं करता। उदाहरण के तौर पर समुद्री स्पंज को पृथ्वी के सबसे प्राचीन जीवों में गिना जाता है। इनके पास न तो मस्तिष्क होता है और न ही दिल, फिर भी ये लंबे समय तक जीवित रहते हैं। स्पंज अपने शरीर में मौजूद सूक्ष्म छिद्रों के जरिए पानी को छानते हैं और उसी से भोजन व ऑक्सीजन हासिल करते हैं। उनका शरीर कोशिकाओं के जाल की तरह कार्य करता है, जो बिना किसी केंद्रीय नियंत्रण के भी जरूरी प्रक्रियाओं को संचालित करता रहता है।

इस गुफा में दिखती हैं 'भगवान की आंखें'

सोफिया। दुनिया में कुछ जगहें ऐसी होती हैं, जिन्हें देखकर लगता है मानो प्रकृति ने अपनी कल्पना की सारी सीमाएं तोड़ दी हों। कहीं चट्टानें इंसानी आकृतियों जैसी दिखती हैं तो कहीं गुफाओं के भीतर ऐसे रहस्यमयी आकार बन जाते हैं, जो विज्ञान से ज्यादा किसी चमत्कार जैसे लगते हैं। ऐसी ही एक अद्भुत जगह यूरोप के देश बुल्गारिया में मौजूद है, जिसे लोग 'भगवान की आंखें' के नाम से जानते हैं। यह जगह पहली नजर में ही लोगों को हैरान कर देती है। इस अनोखी गुफा का असली नाम प्रोहोदना गुफा है। इसकी सबसे खास बात इसकी छत पर बने दो विशाल गोल छेद हैं, जो बिल्कुल इंसानी आंखों जैसे दिखाई देते हैं। जब सूरज की किरणें इन छेदों से होकर गुफा के भीतर आती हैं, तो ऐसा लगता है जैसे आसमान खुद अंदर झांक रहा हो। यही दृश्य इसे इतना खास बनाता है कि लोग इसे किसी दैवीय संकेत की तरह देखने लगते हैं।

फिल्मों में भी दिख चुकी है ये जगह

इस गुफा की खूबसूरती फिल्म निर्माताओं को भी आकर्षित कर चुकी है। साल 1988 में बनी फिल्म **Time of Violence** के कुछ दृश्य यहीं शूट किए गए थे। इसके बाद से यह जगह दुनियाभर के पर्यटकों के बीच और भी लोकप्रिय हो गई। सबसे दिलचस्प बात यह है कि यहां घूमने के लिए कोई एंट्री फीस नहीं ली जाती। यह जगह हर समय पर्यटकों के लिए खुली रहती है। जो लोग प्रकृति, रहस्य, इतिहास और रोमांच इन सबका अनुभव एक साथ करना चाहते हैं, उनके लिए यह गुफा किसी सपनों की दुनिया से कम नहीं है।

प्रकृति, रहस्य, इतिहास और रोमांच का एक साथ अनुभव

बारिश में बनता है सबसे खूबसूरत दृश्य

इस गुफा का असली जादू बारिश के मौसम में देखने को मिलता है। जब बारिश का पानी इन आंखों जैसे छेदों से नीचे गिरता है, तो ऐसा प्रतीत होता है जैसे आंखों से आंसू बह रहे हों। इसी वजह से लोग इन्हें 'भगवान के आंसू' भी कहते हैं। जो भी इस दौरान गुफा के अंदर खड़ा होता है, वह इस दृश्य को जीवनभर नहीं भूल पाता।

इतिहास और रहस्य से जुड़ी कहानी

यह गुफा क्वाटरनरी काल में बनी मानी जाती है, जो पृथ्वी के इतिहास का सबसे नया दौर है। इसकी लंबाई लगभग 880 फीट है और इसे बुल्गारिया की लंबी गुफाओं में शामिल किया जाता है। इतिहासकारों को यहां प्राचीन मानवों के रहने के संकेत भी मिले हैं, जिससे यह जगह केवल प्राकृतिक ही नहीं बल्कि ऐतिहासिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बन जाती है।

कहां स्थित है यह अद्भुत जगह?

यह गुफा बुल्गारिया की राजधानी सोफिया से लगभग दो घंटे की दूरी पर, लुकोवित नगर पालिका के कार्लुकोवो गांव के पास स्थित है। यह इलाका बुल्गारिया के सबसे बड़े कार्स्ट क्षेत्रों में गिना जाता है। कार्स्ट क्षेत्र वह होता है, जहां चूना पत्थर समय के साथ पानी में घुलकर गुफाएं, सुरंगें और अनोखी संरचनाएं बना देता है। इसी प्राकृतिक प्रक्रिया ने इस गुफा को भी एक अनोखा रूप दिया है।

कैसे बनीं आंखों जैसी ये आकृतियां?

हजारों वर्षों तक हवा, पानी और प्राकृतिक कटाव के असर से गुफा की छत पर ये दो बड़े छेद बन गए। समय के साथ इनका आकार इतना संतुलित और गोल हो गया कि ये बिल्कुल आंखों जैसे दिखने लगे। दिन के समय जब रोशनी इन छेदों से भीतर आती है, तो पूरी गुफा रोशनी से भर जाती है और यह दृश्य किसी जादू से कम नहीं लगता।

अनोखा देश, शहरों के बीच सफर के लिए नहीं है एक भी रोड

नूक। जब भी हम किसी देश की कल्पना करते हैं, तो हमारे दिमाग में चौड़ी सड़कें, लंबे हाईवे और शहरों को जोड़ने वाले रास्ते जरूर आते हैं। सड़कें किसी भी देश की पहचान मानी जाती हैं, क्योंकि इन्हीं के जरिए लोग एक जगह से दूसरी जगह आसानी से पहुंच पाते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि दुनिया में एक ऐसा भी देश मौजूद है, जहां शहरों को आपस में जोड़ने के लिए कोई सड़क ही नहीं है?

दरअसल, इस अनोखे देश का नाम ग्रीनलैंड है। यह देश अपनी बेहद ठंडी जलवायु और विशाल बर्फीली चादरों के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। यहां का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा मोटी बर्फ से ढका हुआ है। चारों तरफ फैले ग्लेशियर, ऊंचे पहाड़ और गहरी खाड़ियां इस जगह को बेहद अलग और कठिन बना देते हैं।

यही कारण है कि यहां शहरों और कस्बों को जोड़ने के लिए बड़े रोड नेटवर्क या नेशनल हाईवे नहीं बनाए जा सके हैं। छोटे कस्बों के अंदर कुछ सड़कें जरूर हैं, लेकिन एक शहर से दूसरे शहर तक जाने के लिए कोई सड़क मौजूद नहीं है।

फिर लोग सफर कैसे करते हैं?

अब आपके मन में एक सवाल जरूर आ रहा होगा कि अगर यहां सड़कें नहीं हैं, तो लोग एक जगह से दूसरी जगह कैसे जाते होंगे? ग्रीनलैंड में यात्रा का सबसे बड़ा साधन हवाई सेवा है। यहां छोटे विमान और हेलीकॉप्टर लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा हैं। कई जगहों पर नाव, जहाज और फेरी सर्विस का भी इस्तेमाल किया जाता है। सर्दियों में जब पूरा इलाका बर्फ से ढक जाता है, तब लोग स्नोमोबाइल और डॉग स्लेज का सहारा लेते हैं। डॉग स्लेज यानी कुत्तों द्वारा खींची जाने वाली बर्फ गाड़ियां आज भी यहां यह इस्तेमाल होता है।

अपनी सुंदरता के लिए मशहूर है ग्रीनलैंड

ग्रीनलैंड सिर्फ अपनी अनोखी व्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि शानदार प्राकृतिक नजारों के लिए भी काफी मशहूर है। यहां के विशाल ग्लेशियर, बर्फीले पहाड़ और आसमान में दिखने वाली नॉर्दर्न लाइट्स पर्यटकों को बेहद आकर्षित करती हैं। यहां रहने वाला इनुइट समुदाय सदियों से इस कठिन मौसम में जीवन जीता आ रहा है। उनकी संस्कृति और जीवनशैली भी दुनियाभर के लोगों के लिए काफी दिलचस्प मानी जाती है।

मंगल ग्रह पर नासा को दिखा अदृश्य साया

वॉशिंगटन। रहस्यों से भरे ब्रह्मांड से एक ऐसी खबर आई है जिसने विज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। हमेशा से शांत और पथरीला दिखने वाला लाल ग्रह यानी मंगल इस समय एक बेहद अजीब दौर से गुजर रहा है। नासा के वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि एक भयंकर सौर तूफान के बाद मंगल ग्रह का वायुमंडल रहस्यमयी तरीके से अंदर से सिकुड़ने लगा है। नासा के मेवेन स्पेसक्राफ्ट ने मंगल ग्रह के वायुमंडल के अंदर एक बहुत ही अजीब और अनोखी हलचल देखी है। वैज्ञानिकों के अनुसार, किसी अज्ञात ताकत के कारण से मंगल ग्रह का वायुमंडल अंदर से सिकुड़ रहा है। ब्रह्मांड के इतिहास में पहली बार किसी ग्रह के वायुमंडल के भीतर ऐसी घटना देखने को मिली है। वायुमंडल सिकुड़ने से क्या मंगल ग्रह पर बड़ा खतरा आ सकता है? साइंस की दुनिया में इस घटना को ज्वॉन-वुल्फ इफेक्ट कहते हैं। इसमें मैग्नेटिक पावर के प्रभाव से चार्ज्ड पार्टिकल्स यानी आवेशित कण आपस में बुरी तरह से दबने या सिकुड़ने लगते हैं।



कहां और कैसे हुई यह खोज?

नासा को इसकी जानकारी साल 2023 के दिसंबर में मिले डेटा की बारीकी से जांच करने के बाद मिली है। वैज्ञानिकों ने रिसर्च में पाया कि लाल ग्रह की सतह से लगभग 200 किलोमीटर ऊपर, उसके आयनोस्फीयर में यह हैरान कर देने वाली हलचल हुई है। मंगल ग्रह पर यह हलचल तब शुरू हुई जब वैज्ञानिकों को डेटा में कुछ अजीबोगरीब लहरें दिखाई दीं। पहले तो उन्हें लगा कि यह मशीन की समस्या हो सकती है, लेकिन जब मेवेन स्पेसक्राफ्ट के बाकी उपकरणों की जांच की गई, तो इस ज्वॉन-वुल्फ इफेक्ट की पुष्टि हुई।

सौर तूफान ने मचाई तबाही!

धरती के पास अपनी एक मजबूत चुंबकीय ढाल यानी मैग्नेटिक फील्ड है, जो हमें सूरज की खतरनाक किरणों से बचाती है। लेकिन, मंगल ग्रह के पास ऐसा कुछ नहीं है। यही कारण से जब एक भयंकर सौर तूफान मंगल से टकराया, तो उसके कण सीधे मंगल के वायुमंडल में प्रवेश कर गए और उन्होंने वहां भयंकर तबाही मचानी शुरू कर दी। जो मैग्नेटिक फील्ड धरती की रक्षा करती है, वही शक्ति मंगल के वायुमंडल को अंदर से सिकोड़ और बदल रही है।

अध्ययन

अन्य जानवरों से बेहद समझदार होते हैं गधे

गधा कहीं का! तारीफ से भरे हैं ये शब्द, घोड़े से भी ज्यादा होते हैं समझदार

नई दिल्ली। 'अरे गधे!'- हम अक्सर गुस्से या मजाक में किसी को कम अक्ल वाला बताने के लिए यह शब्द इस्तेमाल करते हैं। लेकिन, वैज्ञानिक अध्ययनों ने इस धारणा को पूरी तरह उलट दिया है। गधे बेवकूफ नहीं, बल्कि बेहद समझदार, सतर्क और भावनात्मक रूप से संवेदनशील जानवर हैं। उनकी बुद्धिमत्ता घोड़ों से कहीं ज्यादा मानी जाती है और कुछ अध्ययनों में तो इसे इंसानों की संज्ञानात्मक क्षमता से जोड़ा गया है।

जिद्दी क्यों कहे जाते हैं?

ज्यादातर लोग गधों को जिद्दी समझते हैं। असल में यह उनकी बुद्धिमत्ता का सबूत है। घोड़े खतरे में भागते हैं, जबकि गधे रुककर स्थिति का आकलन करते हैं। वे तभी आगे बढ़ते हैं जब उन्हें लगता है कि रास्ता सुरक्षित है। यह सतर्कता उनकी बुद्धि का प्रतीक है, ना कि मूर्खता का। कई अध्ययनों में पाया गया है कि गधे घोड़ों से ज्यादा समझदार हैं। वे स्वतंत्र सोच रखते हैं और बिना सोचे-समझे किसी काम को नहीं करते। समस्या समाधान में म्यूल (गधे-घोड़े के संकर) और गधे घोड़ों से बेहतर प्रदर्शन करते हैं। भावनात्मक बुद्धिमत्ता में भी वे आगे हैं। वे मालिक के साथ गहरे रिश्ते बनाते हैं और नरम व्यवहार पर अच्छा प्रतिसाद देते हैं।

भारत में गधों की स्थिति

भारत में गधे मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों, ईंट भट्ठों और ढुलाई के काम में इस्तेमाल होते हैं। लेकिन, इनकी देखभाल अक्सर खराब होती है। विश्व पशु संरक्षण संगठन जैसे संगठन गधों की बुद्धिमत्ता और संवेदनशीलता को रेखांकित करते हुए बेहतर व्यवहार की अपील करते हैं।

रिसर्च क्या कहती है?

2019 में प्रकाशित एक महत्वपूर्ण अध्ययन (जर्नल ऑफ वेटरनरी बिहेवियर) में स्पेनिश वैज्ञानिकों ने 300 गधों पर गैर-मौखिक समस्या समाधान परीक्षण किया था। इसके नतीजे चौंकाने वाले थे– गधों की संज्ञानात्मक क्षमता इंसानों जैसी ही विरासत और विविधता के पैटर्न दिखाती है। आईक्यू टेस्ट में गधों का स्कोर मानव पैटर्न से काफी मिलता-जुलता पाया गया। अध्ययन का निष्कर्ष था कि गधों को 'किसी हद तक बुद्धिमान जानवर' माना जा सकता है। गधे जटिल समस्याएं हल करने, जोखिम का आकलन करने और पिछले अनुभवों से सीखने में माहिर हैं। वे लंबे समय तक लोगों, जगहों और घटनाओं को याद रखते हैं– कभी-कभी कई सालों तक।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com